

कांग्रेस नेता राहुल गांधी महिला आरक्षण बिल पर मीडिया से मुखातिब हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 17 अंकः 254 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच बढ़ रहा विवाद

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**कर्नाटक** और तमिलनाडु के बीच कावेरी नदी के जल को लेकर विवाद चल रहा है। वहीं, बीते दिनों दिल्ली में हुई बैठक में कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण ने राज्य सरकार को तमिलनाडु के लिए 5000 क्यूसेक पानी छोड़ने का आदेश दिया था। इस बैठक में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार शामिल हुए थे। कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण के आदेश के बाद कर्नाटक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया। जिसके बाद बेंगलुरु के उन इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है, जहां बड़ी संख्या में तमिल भाषी आबादी रहती है।
कर्नाटक के बांधों से पानी छोड़ने के आदेश के बाद कन्नड़ कार्यकताओं और किसान संगठनों ने शुक्रवार को पूरे कर्नाटक में बंद का आह्वान किया है। राज्य की राजधानी बेंगलुरु में भी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।
**बेंगलुरु में बढ़ाई गई सुरक्षा:** बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने राजधानी शहर में सुरक्षा उपाय बढ़ाने और उन इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं जहां बड़ी संख्या में तमिल लोग रहते हैं। आदेश के बाद पुलिस ने एहतियाती कदम उठाए हैं और विरोध प्रदर्शन और सड़कें अवरुद्ध करने वाले संगठनों के बारे में जानकारी एकत्र की है।
**बेंगलुरु में 1991 में हुई थी हिंसा:** 1991 में, बेंगलुरु में तमिलों को निशाना बनाकर की गई सबसे बुरी हिंसा देखी गई थी। हिंसा की घटनाएँ मैसूरु शहर में हुई, जहाँ बड़ी संख्या में तमिल आबादी भी रहती है। ये हमले कर्नाटक से पानी छोड़ने के कावेरी जल न्यायाधिकरण के आदेश का विरोध करने वाले प्रदर्शनों के बाद हुए थे।

### राज्यपाल ने दी पार्थ के खिलाफ कार्रवाई की अनुमति

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल के शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी के खिलाफ कार्रवाई की अनुमति राज्यपाल डॉक्टर सीवी आनंद बोस ने दे दी है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को इस बारे में विशेष सीबीआई कोर्ट को जानकारी दी है।

# 'जो बिल फाड़ते थे, वो अब समर्थन कर रहे'

= मजबूत सरकार बनाकर जनता ने दी ताकतः पीएम नरेंद्र मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**संसद** के दोनों सदनों में महिला आरक्षण बिल पास होने के बाद दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में शुक्रवार (22 सितंबर) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने बीजेपी मुख्यालय में नारी शक्ति वंदन-अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित किया।
पीएम मोदी ने देश की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा, "मैं आज देश की हर माता को, बहन को, बेटी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। कल और परसो हम सबने एक नया इतिहास बनते देखा है और हम सबका सौभाग्य है कि ये इतिहास बनाने का अवसर कोटि-कोटि जनों ने हमें दिया है।"
**पीढ़ियों तक इस निर्णय और इस दिन की चर्चा होगी:** उन्होंने कहा कि आने वाली अनेकों पीढ़ियों तक इस निर्णय और इस दिवस की चर्चा होगी। मैं पूरे देश को 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' संसद के दोनों सदनों में भारी बहुमत से पारित होने की बहुत बहुत बधाई देता हूं। पीएम ने कहा, संसद के दोनों सदनों द्वारा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' रिकॉर्ड मतों से पारित किया जा चुका है। जिस बात का देश को पिछले कई दशकों से इंतजार था, वो सपना अब सच हुआ है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि आज हर नारी का आत्मविश्वास आसमान छू रहा है। पूरे देश की माताएं, बहनें और बेटियां आज खुशी मना रही हैं, हम सबको आशीर्वाद दे रही हैं।
**कानून के लिए बीजेपी तीन दशक से प्रयास कर रही थी:** उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम कोई सामान्य कानून नहीं है, ये नए भारत की नई लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का उद्घोष है। साथ ही उन्होंने कहा कि ये अमृतकाल में सबका प्रयास से विकसित भारत के निर्माण की तरफ बढ़ा कदम है। लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी के लिए, इस कानून के लिए बीजेपी तीन दशक से प्रयास कर रही थी। पीएम मोदी ने कहा, "ये हमारा कमिटमेंट था। इसे हमने पूरा कर-के दिखाया है। बीते 9 सालों में हमने माताओं-बहनों से जुड़ी हर बंदिश को तोड़ने का प्रयास किया है। हमारी सरकार ने एक के बाद एक ऐसी योजनाएं बनाई, ऐसे कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिससे हमारी बहनों को सम्मान, सुविधा, सुरक्षा और समृद्धि का जीवन मिले।"



**मोदी ने 2029 तक का बड़ा राजनैतिक रोड मैप तैयार किया**

**महिला** आरक्षण बिल के पास होने के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सियासत में 2029 तक का बड़ा राजनैतिक रोड मैप तैयार कर दिया है। इस रोड मैप के सहारे भाजपा अपनी जीत की दावेदारी सिर्फ 2024 के होने वाले लोकसभा चुनाव में ही नहीं, बल्कि आरक्षण के लागू होने वाले वर्ष 2029 तक का पूरा खाका खींच चुकी है। इस दौरान सिर्फ 2029 के लोकसभा चुनाव ही नहीं बल्कि उससे पहले होने वाले देश के अलग-अलग राज्यों के तकरीबन सभी विधानसभा चुनावों में भी इसका बड़ा सियासी माइलेज मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है।

**अभिनंदन**

8 संसद के दोनों सदनों द्वारा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' रिकॉर्ड मतों से पारित किया जा चुका है: पीएम



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल जिला गुरुग्राम के गांव मुबारकपुर में अशोक सिंघल वेद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण करते हुए।

### तेजस्वी यादव को फिर जारी हुआ नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**
अहमदाबाद की एक मेट्रोपोलिटन कोर्ट ने शुक्रवार (22 सितंबर) को आपराधिक मानहानि मामले में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को दूसरी बार समन जारी किया।
कोर्ट ने यह समन दूसरी बार भेजा है। दरअसल, कोर्ट को बाद में पता चला कि कुछ भ्रम के कारण तेजस्वी यादव को पहला समन नहीं दिया जा सका। इस नए समन के मुताबिक, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी को 13 अक्टूबर को कोर्ट में पेश होना होगा। वहीं, पहली बार के समन (28 अगस्त) में अतिरिक्त मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट डी जे परमार ने तेजस्वी यादव को आपराधिक मानहानि मामले में समन जारी किया था।

## भारतीय खिलाड़ियों के साथ चीन का भेदभाव

एशियन गेम्स में नहीं दी एंट्री; भारत ने अपनाया कड़ा रुख




**टीम एक्शन इंडिया/हांगझोऊ**
**चीन में चल** रहे एशियाई खेल में अरुणाचल प्रदेश के खिलाड़ियों को एंट्री नहीं दी गई। इसके बाद भारत सरकार ने चीन को जोरदार जवाब दिया है। एशियन गेम्स में हिस्सा लेने जा रहे भारत के तीन खिलाड़ियों को चीन ने वीजा देने से इनकार कर दिया। चीन की इस हरकत पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, "भारत सरकार को पता चला है कि चीनी अधिकारियों ने लक्षित और पहले से निर्धारित तरीके से अरुणाचल प्रदेश के कुछ भारतीय खिलाड़ियों को चीन के हांगझोऊ में होने वाले 19वें एशियाई खेलों में मान्यता और एंट्री नहीं देकर उनके साथ भेदभाव किया है।"
**अरुणाचल भारत का अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा:** विदेश मंत्रालय ने कहा, "हमारी दीर्घकालिक और सुसंगत स्थिति के अनुरूप, भारत डोमिसाइल या जातीयता के आधार पर भारतीय नागरिकों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार को दृढ़ता से खारिज करता है। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा।"
**चीन ने जानबूझकर हमारे खिलाड़ियों को रोका:** मंत्रालय ने आगे कहा, "चीन द्वारा हमारे कुछ खिलाड़ियों को जानबूझकर और चुनिंदा तरीके से रोकने के खिलाफ भारत ने नई दिल्ली और बीजिंग में कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है। चीन की कार्रवाई एशियाई खेलों की भावना और उनके आचरण को नियंत्रित करने वाले नियमों दोनों का उल्लंघन करती है।

**चीन की हेकड़ी**

8 अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा: विदेश मंत्रालय

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि में वैज्ञानिक सर्वे की मांग वाली याचिका खारिज

**टीम एक्शन इंडिया/मणिपुर/नई दिल्ली**
मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर के वैज्ञानिक सर्वे से जुड़ी एक याचिका को सुनने से सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मना कर दिया। कोर्ट ने कहा कि मामला अभी हाईकोर्ट में लंबित है।
श्रीकृष्ण जन्मभूमि निर्माण ट्रस्ट की याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा था कि पहले इसकी स्वीकार्यता पर फैसला होगा। तभी सर्वे की मांग पर विचार होगा। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा की कृष्ण जन्मभूमि से जुड़े सभी मामलों को अपने पास स्थानांतरित कर लिया है। हाईकोर्ट को यह निर्धारित करने का अधिकार मिला हुआ है कि वे विचारणीयता से संबंधित मुकदमे की सुनवाई पहले करेंगे या किसी अन्य मामले की। अदालत ने कहा कि अनुच्छेद 136 के तहत हमें यह हमारे अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करने का मामला नहीं लगता है। क्षेत्र विस्तृत वैज्ञानिक सर्वे की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

## एनडीए में जेडीएस की औपचारिक एंट्री

**कुनबा बढ़ा**

8 लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जेडीएस और भाजपा के बीच गठबंधन को लेकर विचार विमर्श हुआ



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आगामी** लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दल अपनी-अपनी तैयारियों में जुट गए। इसी बीच राजग में औपचारिक तौर पर जनता दल सेक्युलर की एंट्री हुई। जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। कुमारस्वामी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को शॉल भेंट की। इस बैठक में गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भी मौजूद रहे। दरअसल, लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जेडीएस और भाजपा के बीच गठबंधन को लेकर विचार विमर्श हुआ। अमित शाह और नड्डा से मुलाकात के बाद कुमारस्वामी ने पत्रकारों से बातचीत की और बताया कि औपचारिक तौर पर जेडीएस राजग में शामिल हो गया।

## मणिपुर: हथियारों की बरामदगी पर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल

नियुक्त समिति के संज्ञान में लाया जा चुका है मामला



**टीम एक्शन इंडिया/मणिपुर/नई दिल्ली**
**मणिपुर की** एन बीरेन सिंह सरकार ने हथियारों की बारामदगी से संबंधित स्टेटस रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में दाखिल कर दी है।
सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ को शुक्रवार को यह जानकारी दी।
सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ को बताया कि विभिन्न स्त्रोतों से हथियारों की बारामदगी को लेकर स्टेटस रिपोर्ट मणिपुर सरकार ने शीर्ष अदालत में दाखिल कर दी है। उन्होंने पीठ को मामले में एक और संक्षिप्त हलफनामे के बारे में जानकारी दी। हलफनामे में कहा गया है कि यहां जिन भी मुद्दों पर बहस हो रही है, उन्हें पहले ही शीर्ष अदालत द्वारा नियुक्त समिति के संज्ञान में लाया जा चुका है। पैनल उस पर विचार भी कर रहा है। शीर्ष अदालत ने छह सितंबर को मणिपुर सरकार और कानून प्रवर्तन एजेंसियों से राज्य में 'सभी स्त्रोतों' से हथियारों की बरामदगी पर एक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। अदालत का यह निर्देश पुलिस स्टेशनों से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद चोरी होने के मामले सामने आने के बाद आया।

**सुनवाई**

8 हथियारों की बारामदगी को लेकर स्टेटस रिपोर्ट मणिपुर सरकार ने शीर्ष अदालत में दाखिल कर दी

### पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू को नहीं मिली राहत

**टीम एक्शन इंडिया/विजयवाड़ा**
**विजयवाड़ा** में एसीबी कोर्ट ने आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम और टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू की रिमांड दो दिनों के लिए बढ़ा दी है। बता दें कि चंद्रबाबू नायडू को कथित 350 करोड़ रुपये के राज्य कौशल विकास निगम घोटाले को लेकर की गई थी। जिसके बाद उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। पूर्व मुख्यमंत्री पर आरोप लगे हैं कि उनके शासन के दौरान यानी साल 2014 से लेकर 2019 के बीच आंध्र प्रदेश राज्य कौशल विकास निगम में घोटाले हुए हैं।

## सनातन धर्म विवाद: उदयनिधि स्टालिन को 'सुप्रीम' नोटिस जारी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम कोर्ट** ने शुक्रवार को सनातन धर्म पर विवादित बयान देने को लेकर तमिलनाडु सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन को नोटिस जारी किया है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने यह जानकारी दी है। सनातन धर्म के विरोध में उदयनिधि और ए राजा के बयान के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने यह नोटिस जारी किया है। अदालत का कहना है कि वह इस मामले को हेट स्पीच पर लंबित दूसरी याचिकाओं के साथ सुनेगी। जस्टिस जस्टिस अनिरुद्ध बोस और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने बी जगन्नाथ की तरफ से दायर याचिका पर नोटिस जारी किया। इन लोगों को भी शीर्ष अदालत ने जारी किया नोटिस शीर्ष अदालत ने उदयनिधि स्टालिन के साथ-साथ डीएमके सांसद ए राजा, आयोग के अध्यक्ष पीटर अल्फोंस और अन्य को भी नोटिस जारी किया है।

## वैवाहिक दुष्कर्म पर अक्टूबर में होगी सुनवाई



**टीम एक्शन इंडिया/मणिपुर/नई दिल्ली**
**देश** में लगातार वैवाहिक दुष्कर्म के मामले बढ़ते जा रहे हैं, ऐसे कई मामले सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुके हैं। इसी बीच, सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह वैवाहिक दुष्कर्म के मुद्दे पर याचिकाओं को अक्टूबर के मध्य में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेगा। याचिका में कानूनी सवाल उठाया गया है कि क्या पति अपनी पत्नी के मर्जी के बिना यदि संबंध बनाता है, तो उसे दुष्कर्म के श्रेणी में रखा जाना चाहिए या नहीं। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वकील करुणा नंदी की दलीलों पर ध्यान दिया कि याचिकाओं पर सुनवाई की जरूरत है। पीठ ने कहा, "हम संविधान पीठ की सुनवाई के बीच में हैं। संविधान पीठ के मामले समाप्त होने के बाद हम इसे सूचीबद्ध कर सकते हैं।" साथ ही पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अन्य वकीलों से पूछा कि उन्हें अपनी दलीलें आगे बढ़ाने में कितना समय लगेगा।
**अक्टूबर मध्य में होगी सुनवाई:)** सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, "मुझे दो दिन लगेंगे, क्योंकि मुद्दे के सामाजिक प्रभाव हैं।" याचिकाकर्ताओ के एक वकील ने कहा कि वे तीन दिनों तक बहस करना चाहेंगे। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने चुटकी लेते हुए कहा, "तो फिर इसे अगले साल अप्रैल में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जा सकता है।"

**विवादित बयान** सांसद दानिश की आवाज सुनते ही बिधूड़ी भड़क गए और उन्हें उग्रवादी और आतंकवादी के साथ-साथ कई आपत्तिजनक शब्द बोले

# बिगड़े बोल पर चौतरफा घिरे सांसद रमेश बिधूड़ी, नोटिस जारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा ने बसपा** सांसद दानिश अली के खिलाफ असंसदीय भाषा के इस्तेमाल के लिए पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर पार्टी सांसद रमेश बिधूड़ी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसकी जानकारी सूत्रों के हवाले से सामने आई है। संसद के विशेष सत्र में विभिन्न चर्चाओं के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्षी सांसदों के बीच जमकर बहस हुई। इस बीच बीते दिन लोकसभा में चंद्रयान-3 की सफलता पर जब चर्चा हो रही थी तो भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने बसपा सांसद दानिश अली पर आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिस पर हंगामा मच गया। रमेश बिधूड़ी ने अपना भाषण देते समय कहा कि पीएम को क्रेडिट देना ही होगा, क्योंकि उन्होंने काम किया है। इस बीच सांसद दानिश की आवाज सुनते ही बिधूड़ी भड़क गए और उन्हें उग्रवादी और आतंकवादी के साथ-साथ कई आपत्तिजनक शब्द बोले।
**सांसद दानिश अली ने लोकसभी स्पीकर को लिखा पत्र:** संसद के विशेष सत्र के दौरान भारतीय जनता पार्टी के सांसद रमेश बिधूड़ी ने बसपा सांसद दानिश अली को अपशब्द कहे थे। जिसके बाद इस बयान को लेकर बवाल मच गया है।



बसपा सांसद दानिश अली ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजने का अनुरोध किया है। बसपा सांसद दानिश अली ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर कहा- मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि इस मामले को जांच और रिपोर्ट के लिए लोकसभा की प्रक्रिया और कामकाज के संचालन के नियमों के नियम 227 के तहत विशेषाधिकार समिति को भेजा जाए।
**ओम बिरला ने दी चेतावनी:** सदन में भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी की आपत्तिजनक टिप्पणियों पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नाराजगी जताई है और भविष्य में ऐसा व्यवहार दोहराए जाने पर उन्हें कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। बता दें कि बिधूड़ी द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के तुरंत बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सदन में खेद जताया था। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने भी रमेश बिधूड़ी के बयान की निंदा की। जयराम रमेश ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने माफी मांगी है, लेकिन वो काफी नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस भाषा का इस्तेमाल संसद के अंदर या बाहर नहीं किया जाना चाहिए।

**मुश्किल मे...**

8 अली ने स्पीकर बिरला को पत्र लिखकर मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजने का अनुरोध किया

# सीएम ने अपना व्हाट्सएप चैनल शुरू किया...

## अब इस चैनल के माध्यम से लोग अरविंद केजरीवाल से सीधे जुड़ सकेंगे और उनके विचारों से रूबरू हो पाएंगे

**उत्साह**

**8 केजरीवाल ने कहा कि व्हाट्सएप चैनल के माध्यम से आप सभी से जुड़ने के लिए उत्साहित हूं**






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**आम आदमी** पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने देश भर के लोगों से जुड़ने के उद्देश्य से शुक्रवार को अपना व्यक्तिगत व्हाट्सएप चैनल लांच किया। अब इस चैनल के माध्यम से लोग अरविंद केजरीवाल से सीधे जुड़ सकेंगे और उनके विचारों से रूबरू हो पाएंगे। अपना वाट्सएप चैनल लांच करने पर खुशी व्यक्त करते हुए केजरीवाल ने कहा कि व्हाट्सएप चैनल के माध्यम से आप सभी से जुड़ने के लिए उत्साहित हूं। आइए, हम भारत को दुनिया में नंबर-1 देश बनाने के लिए मिलकर काम करें। क्योंकि इंडिया यानी भारत दुनिया का नंबर-1 देश बनने का हकदार है। उन्होंने कहा कि आज आजादी के 75 साल बाद भी आम आदमी पार्टी ही भारत की एकमात्र राजनीतिक पार्टी है, जो कहती है कि हमें वोट दें, हम आपके बच्चों के लिए विश्व स्तरीय स्कूल बनाएंगे, आपके परिवार के सदस्यों की अच्छी देखभाल के लिए मोहल्ला क्लीनिक और अस्पताल बनाएंगे। केजरीवाल ने आगे कहा कि फिल्म जवान बहुत अच्छी है। फिल्म में शाहरुख खान कहते हैं कि कोई वोट मांगने आए तो जाति-धर्म के नाम पर वोट मत देना। जो वोट मांगने आए, उससे पूछना कि मेरे बच्चों को अच्छी शिक्षा दोगे, मेरा परिवार अगर बीमार हो गया तो उसके लिए अच्छे इलाज का इंतजाम करोगे। उन्होंने कहा कि आज आजादी के 75 साल बाद भी देश में सिर्फ आम आदमी पार्टी है, जो ठोक बजाकर कहती है कि हमें वोट दो, क्योंकि हम आपके बच्चों को अच्छी शिक्षा देंगे। दिल्ली में हम लोगों ने सरकारी स्कूल शानदार बनाए। जब हम लोगों ने दिल्ली में शानदार स्कूल बनाए तो कहा गया कि दिल्ली में तो हो सकता है। दिल्ली छोटा शहर है, दूसरे राज्यों में नहीं हो सकता है लेकिन आज मुझे बेहद खुशी है कि भगवंत मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार ने वही शिक्षा क्रांति पंजाब में भी शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 20 सितंबर को मुख्यमंत्री कार्यालय का व्हाट्सएप चैनल शुरू किया था, जहां अब तक 51 हजार से अधिक फालोवर्स हो गए हैं। उन्होंने चैनल से जुड़ने पर खुशी व्यक्त करते हुए दिल्ली सरकार की उपलब्धियों, नए कार्यक्रमों एवं अन्य जानकारियों को लगातार प्राप्त करने के लिए इस चैनल के साथ जुड़ने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि हम दिल्ली को एक ऐसा शहर बनाने की दिशा में काम रहे हैं, जिस पर हर भारतीय को गर्व हो सके।

# आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा नजफगढ़ बस टर्मिनल

## एयरपोर्ट और मेट्रो स्टेशन की तर्ज पर मिलेंगी सुविधाएं

**आधुनिक**

**8 खस्ता हालत में पड़े नजफगढ़ बस टर्मिनल का आने वाले कुछ माह में बदला हुआ स्वरूप नजर आएगा**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राजधानी में रहने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है। खस्ता हालत में पड़े नजफगढ़ बस टर्मिनल का आने वाले कुछ माह में बदला हुआ स्वरूप नजर आएगा। यहां यात्रियों को एयरपोर्ट और मेट्रो स्टेशन की तर्ज पर सुविधाएं मिलेंगी। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के नजफगढ़ बस टर्मिनल के निर्माण को लेकर टेंडर जारी किया है। परिवहन विभाग इसे डीएमआरसी के सहयोग से तैयार करेगा। इसे विश्वस्तरीय सुविधाओं के रूप में विकसित किया जाएगा। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद लगभग 44.99 करोड़ रुपये की लागत से इसका निर्माण किया जाएगा। नजफगढ़ बस टर्मिनल 1.95 एकड़ में फैला है। इसका निर्माण कार्य 10 माह में पूरा होने की संभावना है। उम्मीद है कि वर्ष 2024 के सितंबर तक यह बनकर तैयार हो जाएगा। ऐसे में उबड़-खाबड़ रास्तों से नजफगढ़ बस टर्मिनल जाने वाले लोगों को छुटकारा मिलेगा। मौजूदा समय में बस टर्मिनल चहारदीवारी के पास बेतरतीब दुकानें हैं, जिस वजह से जाम लगता है। आधुनिकीकरण के साथ ही बस टर्मिनल पर सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होगी। यात्रियों को बस टर्मिनल में मोहल्ला क्लीनिक की भी सुविधा मिलेगी। टर्मिनल पर पार्किंग की सुविधा उपलब्ध होगी। जगह उपलब्ध होने पर टर्मिनल पर शॉपिंग माल बनाए जाने की भी योजना है।

### यह है एमएमआई

मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन (एमएमआई) सिस्टम में सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं का अधिक उपयोग सुनिश्चित करने के लिए एक उपकरण है। डीएमआरसी न केवल अपने स्टेशनों पर एमएमआई सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रयास कर रहा है, बल्कि इन सुविधाओं का निर्माण करते हुए स्टेशनों की सुंदरता में भी सुधार कर रहा है। डीएमआरसी सभी नियामक और कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ काम कर रहा है, जिससे स्टेशनों को मल्टी मॉडल हब में तब्दील किया जा सकता है।

**सामान के लिए होगी लॉकर की सुविधा:** बस टर्मिनल का डिजाइन एयरपोर्ट और मेट्रो स्टेशन जैसा होगा। टर्मिनल में बस प्लेटफॉर्म के साथ-साथ पब्लिक प्लाजा भी होगा। यहां यात्रियों के पीने के पानी के लिए वाटर एटीएम, ई-कियोस्क और एटीएम की सुविधाएं भी होंगी। अगर कोई यात्री दूर से आता है तो वह यहां अपना सामान सुरक्षित रख सकता है, इसके लिए लॉकर की सुविधा भी होगी। एसी वेटिंग रूम भी होंगे। परिवहन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इसे लेकर जून 2022 में दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) और दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के बीच समझौता एमओयू पर हस्ताक्षर हुए थे।

**चांदनी चौक, इंद्रलोक व लक्ष्मी नगर मेट्रो स्टेशनों पर बेहतर होंगी सुविधाएं:** दिल्ली मेट्रो से सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। यात्रियों की सुविधा के लिए तीन और मेट्रो स्टेशनों को मल्टी मॉडल इंटिग्रेशन (एमएमआई) सिस्टम के तौर पर विकसित किया जाएगा। इनमें चांदनी चौक, इंद्रलोक और लक्ष्मी नगर स्टेशन शामिल हैं। इसके लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने टेंडर प्रक्रिया जारी की है। इसका निर्माण कार्य दिसंबर के दूसरे सप्ताह में शुरू होने की संभावना है। यात्रियों के लिए फर्स्ट और लास्ट माइल कनेक्टिविटी मोड के तहत यह सेवा मिलेगी। ऐसे में यात्रियों को अब मेट्रो स्टेशन से निकलने के बाद बस, ऑटो, कैब व ई-रिक्शा सेवा के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। इसकी टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद लगभग 12.50 करोड़ की लागत से ये तीनों स्टेशन आने वाले कुछ माह में एमएमआई के रूप में विकसित किए जाएंगे। इन तीनों स्टेशनों के पास अतिक्रमण और जाम की समस्या दूर होगी। बता दें दिल्ली मेट्रो के 69 स्टेशनों में एमएमआई लागू हो गया है।

# आरोपियों को जांच की स्थिति जानने का कोई अधिकार नहीं: दिल्ली पुलिस

**सुनवाई**

**8 पुलिस ने अपनी दलीलें पूरी करते हुए कहा कि आरोपियों को जांच की स्थिति जानने का कोई अधिकार नहीं है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को 2020 के दिल्ली दंगों की बड़ी साजिश की जांच स्थिति पर दिशा-निर्देश की मांग वाली याचिका पर अपनी दलीलें पेश किया। दिल्ली पुलिस ने अपनी दलीलें पूरी करते हुए कहा कि आरोपियों को जांच की स्थिति जानने का कोई अधिकार नहीं है।

**3 अक्टूबर को आरोपियों की दलीलों पर सुनवाई:** दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट के एडिशनल सेशल जज अमिताभ रावत ने आरोपियों की दलीलों पर सुनवाई के लिए मामले को तीन अक्टूबर दोपहर 12 के लिए सूचीबद्ध किया है। दिल्ली पुलिस की ओर पेश हुए विशेष लोक अभियोजक अमित प्रसाद ने कहा कि इस बिंदु पर आवेदनों की स्थिरता के बिंदु से आगे नहीं जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब आवेदन बिल्कुल भी रखरखाव योग्य नहीं हैं तो इससे आगे जाने का कोई मतलब नहीं है। अमित प्रसाद ने कहा कि आरोपियों को जांच की स्थिति जानने का कोई अधिकार नहीं है। वहीं, आसिफ इकबाल तन्हा के वकील सौजन्या शंकरन ने कहा कि जब पुलिस सवाल का जवाब नहीं दे रही है, तो आरोपी और अदालत को अभियोजन पक्ष से पूछने का अधिकार है। दिल्ली पुलिस के विशेष लोक अभियोजक ने यह भी कहा था कि जांच के उसके अधिकार को कम नहीं किया जा सकता है। यहां तक कि शीर्ष अदालत ने भी जांच पूरी करने के लिए समयसीमा पूछी।

# कोचिंग सेंटरों के खिलाफ हाई कोर्ट के फैसले में दखल देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के कोचिंग सेंटरों पर कार्रवाई के मामले पर कोचिंग सेंटर्स को कोई राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कोचिंग सेंटर्स को दिल्ली हाई कोर्ट में ही अपना पक्ष रखने को कहा। दरअसल, हाई कोर्ट ने अग्निशमन विभाग को अनापत्ति प्रमाणपत्र के बिना चल रहे सभी कोचिंग सेंटर बंद करने का निर्देश दिया था। कोचिंग सेंटर्स की ओर से वकील मुकुल रोहतगी ने कोर्ट में दलील देते हुए कहा कि हाई कोर्ट ने प्रभावित पक्ष को सुने बिना कोचिंग सेंटर्स बंद करने का आदेश दे दिया। कोचिंग सेंटर्स को कुछ राहत दी जाए। सुनवाई के दौरान जस्टिस दीपांकर ने कहा कि ऐसे कोचिंग हैं, जहां डेस्क ही नहीं है। सभी छात्र पास-पास बैठे हैं। आप यह बताएं कि 200-300 वर्ग गज में आपने कितने छात्रों का नामांकन कराया है। ऐसी स्थिति में अगर आग लग जाए तो क्या होगा। तब रोहतगी ने कहा कि हमारी तो कोई बात ही नहीं सुनी गई। वहां शिक्षक हैं, छात्र हैं। हमें ऐसे कैसे बंद कर सकते हैं। हाई कोर्ट में इस मामले की सुनवाई 10 अक्टूबर को होने वाली है, तब तक हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाएं। 15 कोचिंग सेंटर पहले ही बंद हो चुके हैं।

# छात्रा पर पिटबुल ने किया हमला, दोनों पैरों में 18 जगह काटा

**चिंताजनक**

**8 बंध्याकरण केंद्र के पिटबुल कुत्ते ने स्कूल जा रही छात्रा को बुरी तरह काट लिया, हालत नाजुक**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्वी दिल्ली के न्यू** उस्मानपुर इलाके में दिल्ली नगर निगम की गंभीर लापरवाही सामने आई है। उस्मानपुर डीडीए फ्लैट स्थित बंध्याकरण केंद्र के पिटबुल कुत्ते ने स्कूल जा रही छात्रा को बुरी तरह काट लिया। केंद्र का दरवाजा खुलने पर कुत्ता बाहर आ गया था। नगर निगम के दिव्यांग शिक्षक अख्तर मिर्जा ने कुत्ते को अपनी स्कूटी से टक्कर मारी, जिसके बाद कुत्ते ने बच्ची को छोड़ा। घायल हालत में शिवानी को जग प्रवेश चंद अस्पताल में भर्ती करवाया। हालत नाजुक होने पर बच्ची का आईसीयू में इलाज चल रहा है। इस संबंध में निगम उपायुक्त संजीव मिश्रा से फोन पर बात कि तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है।

**शिक्षक ने कुत्तें को टक्कर मार बचाई बच्ची की जान:** शिवानी परिवार के साथ उस्मानपुर में रहती है। डीडीए फ्लैट स्थित निगम विद्यालय में चौथी कक्षा में पढ़ती है। स्कूल में परीक्षा चल रही है। गुरुवार सुबह बच्ची अपनी दादी शीला देवी के साथ स्कूल जा रही थी। जब वह बंध्याकरण के बाहर पहुंचे, तभी बच्ची पर पिटबुल ने हमला कर दिया। दोनों पैरों पर 18 जगह काटा।

# मेट्रो की तरह बसों में भी कार्ड से कर सकेंगे किराये का भुगतान



**ओटीपी**

**8 दिल्ली सरकार की इसे दिसंबर तक बसों में शुरू कर देने की योजना है। अभी यह कार्ड मेट्रो में लागू हुआ है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में जल्द** ही बसों में भी नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) लागू होगा। दिल्ली सरकार की इसे दिसंबर तक बसों में शुरू कर देने की योजना है। अभी यह कार्ड मेट्रो में लागू हुआ है। आने वाले समय में लोग मेट्रो की तरह बसों में भी कार्ड से किराये का भुगतान कर सकेंगे। दिल्ली सरकार की योजना अभी केवल बसों में ही इसे लागू करने की है। ऑटो और टैक्सी में अभी इसे नहीं किया जाएगा लागू। इन दोनों सेवाओं में पहले चरण की सफलता के बाद इसे लागू किया जाएगा।

**दिल्ली में 7700 से ज्यादा है बसों की संख्या:** दिल्ली में डीटीसी और क्लस्टर की मिलाकर बसों की कुल संख्या 7700 से अधिक है। इसमें 800 इलेक्ट्रिक बसें भी शामिल हैं। दिल्ली सरकार की बसों में प्रतिदिन औसतन 40 लाख से अधिक लोग सफर करते हैं। कुल में करीब 35 प्रतिशत महिलाएं यात्रा करती हैं।

**रोजाना 25 लाख से ज्यादा लोग पैसा देकर खरीदते हैं टिकट:** टिकट तो इन्हें भी लेना अनिवार्य है। मगर इनके लिए टिकट निःशुल्क है। अगर इन्हें अलग कर दें तो प्रतिदिन 25 लाख से अधिक लोग पैसा देकर टिकट खरीदते हैं। टिकट खरीदने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए अब बसों में भी नेशनल कामन मोबिलिटी कार्ड शुरू किया जा रहा है।

**कार्ड से भुगतान करने पर दी गई थी 10 प्रतिशत की छूट:** वैसे इससे पहले भी मेट्रो में चल रहे वन कार्ड को 2018 में दिल्ली सरकार की बसों में लांच किया गया था। उस समय इस कार्ड से भुगतान करने पर किराया में 10 प्रतिशत की छूट भी दी गई थी। मगर यह सेवा बंद है, क्योंकि यह कार्ड सफल नहीं रहा है। बसों में अब एनसीएमसी लागू करने की तैयारी है। इस कार्ड से देश में किसी भी जगह पार्किंग, टोल, मेट्रो, ट्रेन टिकट, बस टिकट आदि का पेमेंट किया जा सकेगा।

देश के किसी भी एटीएम से कैश निकाला जा सकेगा। इसके साथ ही 2000 रुपये तक का ट्रांजेक्शन बिना किसी पिन या ओटीपी के किया जा सकेगा।

# 'अमर्यादित टिप्पणी के लिए सांसद बिधूड़ी पर हो कार्रवाई'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विपक्ष ने अमर्यादि**त टिप्पणी के लिए भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी पर कार्रवाई की मांग की है। बिधूड़ी ने लोकसभा में गुरुवार को बसपा सदस्य दानिश अली के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की थी। दूसरी ओर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बिधूड़ी को उनके बयान के लिए फटकार लगाई है। लोकसभा में चन्द्रयान-3 मिशन पर चर्चा के दौरान रात करीब 11 बजे भाजपा सदस्य रमेश बिधूड़ी ने दानिश अली के द्वारा टोके जाने पर उनके खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की थी। इस दौरान चेयर पर कुडिकुन्नील सुरेश थे। उन्होंने इन शब्दों को सदन की कार्यवाही से हटाने का आदेश दिया। सूत्रों के मुताबिक लोकसभा अध्यक्ष ने बिधूड़ी से बात की है और उन्हें उनके बयान के लिए फटकार लगाई है। दूसरी ओर विपक्ष बिधूड़ी के बयान को लेकर उनपर कार्रवाई की मांग कर रहा है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने शुक्रवार को कहा कि इस तरह की असंसदीय भाषा साथी सांसद के लिए आजतक नहीं सुनी गई। वो भी नई संसद में कार्यवाही के दौरान कही गई। बिधूड़ी पर कार्रवाई होनी चाहिए।

रमेश बिधूड़ी के बयान पर विपक्ष की ओर से आपत्ति जताए जाने पर गुरुवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने खेद प्रगट किया था। उन्होंने कहा था कि वे अशब्दों को नहीं सुन पाए, लेकिन बिधूड़ी ने ऐसा कुछ कहा है तो उसे कार्यवाही से हटा दिया जाए। इसके बाद उन्होंने बिधूड़ी के अपशब्दों के प्रयोग पर खेद प्रगट किया। बिधूड़ी का बयान सोशल मीडिया पर गुरुवार वायरल हो रहा है। कई सांसदों ने इसे ट्वीट कर इस पर सवाल उठाया।

# सार्वजनिक रोजगार के मामले में सीए के बराबर नहीं कॉस्ट अकाउंटेंट

**टिप्पणी**

**8 उसकी प्रकृति को ध्यान में रखते हुए पदों के लिए योग्यता तय करना नियोक्ता का काम है।**




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय सा**र्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (सीपीएसई) में निदेशक वित्त के पद से जुड़े मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने निर्णय सुनाया कि सार्वजनिक रोजगार के मामलों में कॉस्ट-अकाउंटेंट के साथ चार्टर्ड अकाउंटेंट के बराबर का दर्जा नहीं दिया जा सकता है। अदालत ने कहा कि कॉस्ट-अकाउंटेंट और चार्टर्ड अकाउंटेंट एक समान बिल्कुल नहीं है और जिस नौकरी के लिए विज्ञापन दिया गया है उसकी प्रकृति को ध्यान में रखते हुए पदों के लिए योग्यता तय करना नियोक्ता का काम है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा व न्यायमूर्ति संजीव नरूला की पीठ ने उक्त टिप्पणी करते हुए एकल पीठ के निर्णय को बरकरार रखा, जिसमें एकल पीठ ने सीपीएसई में निदेशक (वित्त) के पद के लिए कॉस्ट-अकाउंटेंट पर चार्टर्ड अकाउंटेंट को दी गई प्राथमिकता को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी। अदालत ने कहा कि एकल पीठ ने सही निष्कर्ष निकाला है कि नौकरी की प्रकृति सरकार को बेहतर योग्य व्यक्तियों को प्राथमिकता देने की अनुमति देती है। अदालत ने यह भी कहा कि कॉस्ट-अकाउंटेंट पर चार्टर्ड अकाउंटेंट को प्राथमिकता देने का निर्णय सरकार की विशेषज्ञ समिति द्वारा लिया गया था और अदालत विशेषज्ञ निकायों द्वारा लिए गए विचार पर अपना दृष्टिकोण नहीं थोप सकती है।

**संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लेख:**
इतना ही नहीं, अदालत की राय में नीतिगत मामलों में भारत के संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत अपनी शक्तियों के प्रयोग में अदालत के हस्तक्षेप का सवाल ही नहीं उठता है। मामले में विशेषज्ञों ने कॉस्ट-अकाउंटेंट पर चार्टर्ड अकाउंटेंट को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया था और इसलिए इसे संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन नहीं माना जा सकता है। वहीं, इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड (आइओसीएल) में मुख्य महाप्रबंधक के पद कार्यरहत याचिकाकर्ता ने सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) द्वारा आवेदन आमंत्रित करने के 25 नवंबर 2022 के विज्ञापन में लगाई गई शर्त को चुनौती दी।

# बोर्ड लगाने के दौरान हुई पीडब्ल्यूडी वर्कर की मौत, बेटे के साथ करता था काम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पीडब्ल्यूडी क्रेन** द्वारा बोर्ड लगाने के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके संबंध में नंबर-37 अ के माध्यम से शुक्रवार को एक पीसीआर कॉल की गई और आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए एसआई विजय को चिह्नित किया गया। इसकी सूचना मिलने पर एसआई विजय सूचित स्थान यानी नांगलोई बस डिपो मेन रोहतक रोड दिल्ली के पास पहुंचे, जहां उन्हें बेहोशी की हालत में एक व्यक्ति में मिला। एसआई विजय ने अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने घायल त्रिलोक सिंह पुत्र सरदार भगवान सिंह को मृत घोषित कर दिया। मृतक त्रिलोक सिंह (73) बी-164, टाइगोर गार्डन एक्सटेंशन, नई दिल्ली का रहने वाला था। फोन करने वाले महेंद्र ने बताया कि सरदार त्रिलोक सिंह बोर्ड लगाने के ठेकेदार थे और वे नांगलोई बस डिपो के पास एक भारी बोर्ड लगा रहे थे।

# ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने महिला आयोग का दौरा किया



**चर्चा**

**8 ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त ने आयोग के कामकाज के बारे में दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष के साथ विस्तृत चर्चा की**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने दिल्ली महिला** आयोग के कार्यालय का दौरा किया। आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल और सदस्य सचिव पी पी ढल ने फिलिप ग्रीन का स्वागत किया। बैठक में आयोग की सदस्य किरण नेगी, वंदना सिंह और फिरदोस खान भी उपस्थित थीं। इस अवसर पर ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त ने आयोग के कामकाज के बारे में दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने दिल्ली के साथ-साथ भारत में महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा और सशक्तीकरण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष ने उन्हें आयोग के कार्यों और राजधानी में महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा और कल्याण के लिए आयोग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों से अवगत कराया। ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त ने दिल्ली में महिला सुरक्षा के लिए दिल्ली महिला आयोग के कार्यों और प्रयासों की सराहना की। उन्होंने महिलाओं के हितों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की और इस क्षेत्र में दिल्ली महिला आयोग को अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया। दिल्ली महिला आयोग और ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग राजधानी में महिला सशक्तीकरण की दिशा में मिलकर काम करेंगे। उच्चायुक्त ने शिकायतकर्ताओं और आयोग के विभिन्न कार्यक्रम के कर्मचारियों के साथ भी विस्तार से बातचीत की।

दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा, आयोग में फिलिप ग्रीन का स्वागत करना खुशी की बात थी।

हमने महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। फिलिप ने दिल्ली महिला आयोग के प्रयासों की सराहना की है और इस क्षेत्र में आयोग को अपने सहयोग का आश्वासन दिया है। हम राजधानी में महिलाओं और लड़कियों के सशक्तीकरण के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार के साथ भविष्य में मिल कर काम करने की आशा करते हैं।"

# भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जात पात को भूलकर 140 करोड़ लोगों को बंधना होगा एकसूत्र में: राज्यपाल बंडारू

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
हरियाणा के राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जात पात और छूआछूत को भूलकर 140 करोड़ लोगों को एक सूत्र में बंधना होगा। जब देश का एक-एक नागरिक डॉ. भीमराव अम्बेडकर के दिखाए मार्ग पर चलेगा तो निश्चित ही आत्मविश्वास की भावना पैदा होगी। जब मानव में आत्मविश्वास पैदा होगा तो निश्चित ही मानव आत्मनिर्भरता की तरफ आगे बढ़ेगा। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय शुक्रवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डॉ. भीमराव अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र तथा इंडियन कौंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च के सहयोग से डॉ.



बीआर अम्बेडकर विजन फॉर सेल्फ रिलायंट इंडिया ऑफ 21 सेंचुरी (21 वीं शताब्दी के आत्मनिर्भर भारत के लिए डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की दृष्टि) विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इससे पहले राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद, कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, डॉ. ऋषि गोयल, मुख्य वक्ता श्रीलंका से कलिंगा तूडोर सिल्वा,

**आह्वान**

**8 जब मानव में आत्मविश्वास पैदा होगा तो निश्चित ही मानव आत्मनिर्भरता की तरफ आगे बढ़ेगा**

निदेशक प्रो. गोपाल प्रसाद व सहायक निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान विश्वविद्यालय की तरफ से सभी मेहमानों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि देश की भावी पीढ़ी को अपने जहन में आत्मविश्वास पैदा करने के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर लिखी पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए। इन पुस्तकों का अध्ययन करने से आत्मविश्वास पैदा होगा और आत्मविश्वास से युवा आत्मनिर्भर बनेगा। जब देश की भावी पीढ़ी आत्मनिर्भर होगी तो देश भी आत्मनिर्भरता की तरफ आगे बढ़ेगा। सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. सोमनाथ ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने हमेशा आत्मनिर्भर भारत की सोच रखी। इस सोच को पूरा करने के लिए देश की युवा पीढ़ी को उनकी शिक्षाओं और विचारों का अनुसरण करना होगा। डॉ. अम्बेडकर ने तीन साल गहन अध्ययन करने और 40 देशों के संविधान को पढ़ने के बाद भारत के लिए एक सुदंर संविधान की रचना की। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि निदेशक,

# आर्य गर्ल्स कॉलेज में मनाया विश्व शांति दिवस



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** इक्वल अपॉर्चुनिटी सैल, आर्य गर्ल्स कॉलेज अम्बाला छावनी के सौजन्य से महाविद्यालय में विश्व शांति दिवस 2023 के अवसर पर यूथ पीस फाउंडेशन, राजविद्या केंद्र द्वारा मानवता और शांति का संदेश दिया गया। अंतर्राष्ट्रीय वक्ता प्रेम रावत का शांति संदेश विद्यार्थी गण तक पहुँचाने का दायित्व अनिल कुमार, बलराम गुलजार व रंजना ने बखूबी निभाया। विश्व शांति दिवस 1981 में संयुक्त राष्ट्र के द्वारा आरंभ किया गया ताकि दुनिया के

**संदेश**

**8 यूथ पीस फाउंडेशन, राजविद्या केंद्र द्वारा मानवता और शांति का संदेश दिया गया**

सभी लोगों व देशों के मध्य शांति एवं मानवता के आदर्शों को स्थापित किया जा सके। प्राचार्य डॉ. अनुपमा आर्य ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंसा एवं शत्रुता की भावना को मानव मन से दयित करने की जरूरत है। उन्होंने श्री प्रेम रावत के इस प्रयास की सराहना व प्रशंसा की। श्री प्रेम रावत जी पिछले 57 वर्षों से मानवता और शांति का संदेश संसार के विभिन्न प्रतिष्ठित मंचों से देते आ रहे हैं। संयोजिका प्रो. सिल्वी अग्रवाल एवं प्रो. रेखा ने कहा कि एक ऐसी दुनिया बनायी जानी चाहिए जहाँ सभी के साथ जाति, देश, रंग की परवाह किए बिना समान व्यवहार किया जाता हो और यह दिन इसके लिए विश्व स्तर पर एक साझा तारीख नियत करती है।

# नारी शक्ति वंदन विधेयक से बढ़ेगा नारी का आत्म-सम्मान: कविता जैन



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत ।**
पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मजबूत इच्छाशक्ति की बदौलत आज देश में महिला आरक्षण बिल सर्वसम्मति से पारित हुआ है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक से नारी का आत्म-सम्मान बढेगा और इस कदम से देश में महिलाएं के हर क्षेत्र में आगे बढने के अनुकूल वातावरण तैयार होगा।
कविता जैन वीरवार को ज़िले की भाजपा महिला कार्यकताओं के साथ राज्यसभा में विधेयक पारित होने की कार्रवाई देखी और बाद में महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिला आरक्षण बिल के लोकसभा के बाद राज्यसभा से भी सर्वसम्मति से पारित होने पर खुशी जताई। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण के उनके संकल्प आज सिद्धि की ओर बढ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बदौलत आज देश की महिलाओं को सामाजिक,



राजनीतिक, आर्थिक समेत हर क्षेत्र में अनुकूल माहौल देने के मजबूत प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंचायती राज, शहरी निकाय संस्थाओं में महिला को उचित प्रतिनिधित्व देने के बाद अब लोकसभा से लेकर विधानसभा स्तर पर भी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने से न केवल उनकी प्रतिभागिता बढ़ेगी, अपितु उनके आत्म-विश्वास में भी वृद्धि होगी। देश, समाज के लिए नीति निर्धारण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से उनकी नेतृत्व की जन्मजात प्रतिभा का भरपूर लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश मे महिला आरक्षण बिल को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी दलों को एक मंच पर लाना सुनिश्चित किया, जिसकी बदौलत तीन दशक से उठ रही मांग आखिरकार अपना स्वरूप लेने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की नींव को मजबूत करने में नारी शक्ति वन्दन अधिनियम महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।
उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनकी कैबिनेट व बिल के समर्थन में आए सभी लोकसभा, राज्यसभा सदस्यों का धन्यवाद किया।

# राव तुलाराम पर आधारित गोष्ठी का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया / रेवाड़ी इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर रेवाड़ी में स्थापित** राव तुलाराम पीठ एवं छात्र कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए। 23 सितंबर को राजा राव तुलाराम के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम आयोजित हुए। प्रथम दिन राव तुलाराम के जीवन पर आधारित राज्य स्तरीय लोकगीत एवं रागिनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अहीर कॉलेज रेवाड़ी के प्रतिभागी बसंत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के शिवकुमार दूसरे स्थान पर और राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ के पंकज तीसरे स्थान पर रहे।

# सेवा ट्रस्ट ने छात्रों को डाबर बोनवीटा किए वितरित

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**स्वस्थ भारत, स्वस्थ समुदाय अभियान के तहत सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के द्वारा राजकीय आदर्श संस्कृति प्राथमिक विधालय धूलगढ गुलडेहरा जिला कुरुक्षेत्र में पढ़ने वाले सभी बच्चों को डाबर बोनवीटा वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन विधालय के अध्यापक मुनीष शर्मा ने की उन्होने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया व आज के कार्यक्रम के लिए सेवा ट्रस्ट टीम कुरुक्षेत्र का धन्यवाद किया और कहा की स्वस्थ बच्चे ही शिक्षित होकर स्वस्थ समाज का निर्माण करते है। बच्चो को पढ़ाई के साथ-साथ खेलो और स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया जाना चाहिए। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोऑर्डिनेटर व विधालय मुख्याध्यापक पवन मित्तल ने बताया की



ट्रस्ट समाज में शिक्षा,स्वास्थ्य, रक्तदान, पौधारोपण और विधालय मे पढ़ने वाले बच्चो की करियर काउंसलिंग के कार्य करने में हमेशा तत्पर है अब संस्था सरकारी विद्यालय के सभी बच्चो को स्वस्थ रखने का अभियान चलाए हुए है। सेवा ट्रस्ट स्वस्थ भारत स्वस्थ समुदाय के तहत बच्चों के स्वस्थ रखने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है ओर लगातार इस तरह के कार्यक्रम सरकारी विद्यालय मे कर रहा है ओर सभी बच्चों को जागरूक कर रहा है इसलिए आज

**भेंट किए**

**8 आज अपनी को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से समस्त बच्चों को डाबर बोरनवीटा भेंट किए**

अपनी को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से समस्त बच्चों को डाबर बोरनवीटा भेंट किए जिसे पाकर सभी बच्चो के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर सीमा शर्मा ने सेवा ट्रस्ट के कार्य बारे विस्तार से बताया की सेवा ट्रस्ट जिला कुरुक्षेत्र मे बहुत ही नेक कार्य कर रही है खासकर सरकारी विद्यालय मे पढ़ने वाले बच्चो के स्वास्थ्य सम्बन्धित कार्य गम्भीरतापूर्वक कर रही है।

# रैली को लेकर लोगों में भारी जोश: गहली

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा नारनौल।**
जननायक जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डा. मनीष शर्मा ने शुक्रवार को राजस्थान के शहर चिड़ावा में राजस्थान की सीकर रैली का निमंत्रण दिया। सीकर में युग पुरुष चौधरी देवीलाल की जयंती पर किसान विजय सम्मान रैली का आयोजन जजपा की ओर से किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए जिला प्रवक्त सिकंदर गहली ने बताया कि रैली को लेकर लोगों में भारी जोश एवं उत्साह बना हुआ है तथा जजपा को राजस्थान में बेहद अ'छा रिस्पोंस मिल रहा है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष डा. मनीष शर्मा ने कहा कि सीकर रैली से



जननायक जनता पार्टी राजस्थान की राजनीति में नई इबारत लिखने जा रही है। इस रैली के जरिए जजपा राजस्थान चुनाव में मजबूती से अपनी नींव रखने जा रही है और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला यहां से नया इतिहास रचने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस रैली में किसानों के साथ-साथ जवानों एवं महिलाओं के सम्मान को समर्पित होगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार राजस्थान में जेजेपी का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है, उससे साफ है कि राजस्थान की अगली विधानसभा का ताला जेजेपी की चॉबी से ही खुलेगा।

# भागवत कथा में श्री कृष्ण की बाल लीला का किया वर्णन



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा नारनौल ।** मौहल्ला फ्रांसखाना में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भाग्वत कथा के पंचम दिवस पर आज सर्वप्रथम आचार्य मनीष शास्त्री ने मुख्य यजमान के द्वारा विधिविधान से सभी देवताओं का पूजन करवाया और भागवत कथा का शुभारंभ करवाया इसके उपरांत आचार्य बजरंग शास्त्री जी ने भागवत कथा का प्रवचन देते हुये बताया कि भगवान कृष्ण का जन्म संसार के मरण धर्मा लोगो को शिक्षा देने और दुष्टों के संहार एवम संतों ब्राह्मणों की रक्षा के लिये हुआ उन्होने बताया जब जब धर्म की हानि होती है और अधर्म को बढ़ावा मिलता है तब तब प्रभु विभिन्न अवतार लेकर पृथ्वी पर आते है ।आचार्य जी ने बताया भगवान श्री कृष्ण जी का जन्म मथुरा मे हुआ और वसुदेव जी भगवान श्री कृष्ण को गोकुल मे नंद बाबा के महल मे माता यशोदा के पास छोड़कर और योगमाया को लेकर मथुरा आ गये जैसे ही कारागृह मे पहुचे तो जो ताले

**भक्ति रस**

**8 जब जब धर्म की हानि होती है और अधर्म को बढ़ावा मिलता है तब तब प्रभु विभिन्न अवतार लेकर पृथ्वी पर आते है**

कारागृह के खुले थे अपने आप बंद हो गये और पहरेदार जग गये। क्योकि जीव जब भगवान का आश्रय लेता है तो बंधन से छूट जाता है और माया का आश्रय लेता है तो बंधन मे बंध जाता है ।
बजरंग शास्त्री जी ने बताया कि कृष्ण जन्म के बारे मे सुनते ही गोकुल में बधाई बंटने लगी सभी ब्रजवासी माता यशोदा के महल में बधाई देने आने लगे और नंद बाबा ने लाला के जन्म का समाचार सुना तो खूब बधाई लुटाई गई और संतों ब्राह्मणों को बहुत अधिक दान दक्षिणा दी। आचार्य जी ने कृष्ण जन्म की बधाई के गीत भी सुनायें तथा भक्तो को कृष्ण जन्म की बधाई भी लुटाई गई।

# 1857 की क्रांति और राव तुलाराम विषय पर विचार गोष्ठी आज

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना महेंद्रगढ़, ।** 1857 की क्रांति के अमर शहीद राव तुलाराम के शहीदी दिवस पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय व युवा इंकलाब संगठन के संयुक्त तत्वावधान में 22 सितंबर को विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए युवा इंकलाब संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरपंच परमजीत सिंह ने बताया कि 22 सितंबर को दोपहर 11:00 बजे केंद्रीय विश्वविद्यालय के मिनी ऑडिटोरियम में 1857 और राव तुलाराम विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार करेंगे जबकि इतिहासकार डॉक्टर लक्ष्मीनारायण व डॉक्टर कर्मवीर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# स्कूल का मौलिक शिक्षा के निदेशक आरएस ढिल्लन ने किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। शुक्रवार को** मौलिक शिक्षा हरियाणा के निदेशक आरएस ढिल्लन, सहायक निदेशक कुलदीप मेहता ने शिक्षा-दीक्षा शैक्षणिक पर्यवेक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दातौली के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया।
उन्होंने शुरूआत से लेकर स्कूल की छुट्टी होने तक स्कूल में ही रहकर विस्तार से प्रत्येक गतिविधि की समीक्षा की। प्रार्थना सभा के उपरांत उन्होंने कक्षाओं का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं में जा कर छात्र को दी जा रही शिक्षा के स्तर के जांच की।
उन्होंने छात्रों से हिंदी, अंग्रेजी,



गणित व विज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे। इस दौरान छात्र अंग्रेजी विषय कमजोर मिले। निदेशक आरएस ढिल्लन ने स्टाफ को अंग्रेजी विषय पर ध्यान देने की नसीहत दी। इसके बाद उन्होंने स्कूल की लाईब्रेरी, ऑटोमोबाइल लैब, बाल वाटिका, साइंस लैब

**समीक्षा**

**8 शुरूआत से लेकर स्कूल की छुट्टी होने तक स्कूल में ही रहकर विस्तार से प्रत्येक गतिविधि की समीक्षा की**

और टूरिज्म लैब इत्यादि की गंभीरता से समीक्षा की। मौलिक शिक्षा निदेशक ने स्कूल के विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए हर प्रकार की सुविधाओं और शिक्षा को लेकर जानकारी ली और स्कूल में हाजिरी रजिस्टर की भी जांच की। उन्होंने मिड डे मील में जा कर वहां की व्यवस्थाओं व साफ सफाई का जायजा लिया।
इस अवसर पर सहायक निदेशक कुलदीप मेहता, खंड मौलिक शिक्षा अधिकारी महावीर सिंह, प्राचार्य विवेक शर्मा, एमपी सिंह, ऐलीन, एसएमसी प्रधान चरण सिंह आदि मौजूद रहे। शिक्षा स्तर को ऊंचा उठाना है : ढिल्लन मौलिक शिक्षा हरियाणा के निदेशक आरएस ढिल्लन ने कहा कि शिक्षा विभाग राजकीय विद्यालयों में अत्याधुनिक शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध करवा रहे हैं। अब शिक्षा स्तर को ऊंचा उठाना है। इसके लिए शिक्षकों को भी अपने इस दायित्व का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी व कर्मठता के साथ करना चाहिए।

# साहिल की चाकुओं से गोदकर हत्या के मामले में पुलिस ने मामला दर्जकर शव परिजनों को सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दातौली गांव में देर रात खेल स्टेडियम में हुए झगड़े में 22 वर्षीय युवक साहिल के शव को पुलिस ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। दोपहर बाद गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से एसीपी गौरखपाल के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा। वहीं पुलिस ने मृतक के भाई दातौली निवासी विनीत की शिकायत पर विनय, दीपक, अजय, वंश, यश, हिमांशु, सुनील व अन्य 5-6 युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में विनीत ने आरोप लगाते हुए बताया कि पिछल्ले दिनो गांव के ही विनय के साथ गांव में झगड़ा हुआ था। 21 सितंबर को शाम करीब 7 बजे 15-20 बच्चे चाकु, लाठी, डंडे लिए हुए थे। विनय, दीपक, वंश,यश, अजय ने हाथों में



लिए चाकु साहिल को मारे और अन्य लड़कों ने मारपीट की। शिकायत में बताया कि साहिल को चाकु व डंडे मारने के कारण उसकी मौत हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर हत्या के आरोपित युवकों की तलाश शुरू कर दी। गौरतलब है कि मृतक साहिल के शव को जब परिजन देर रात को गन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे, वहां पर दूसरे गुट के युवाओं के मौजूद होने पर ग्रामीणों और साहिल के परिजनों ने बवाल काटा जिसको देखते हुए कई थानों की पुलिस ने इस पूरे मामले को शांत करवाया था। मामले में 22 साल के साहिल नाम के युवक की मौत हो गई थी जबकि दूसरे गुट के अजय वंश और यश नाम के युवाओं को भी चोट आई। इस



वारदात के बाद गांव में तनाव का माहौल था। एसपी गौरखपाल राणा के नेतृत्व में पहुंची पुलिस ने मामले को शांत करवाया। सोनीपत पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम में और कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची थी और पुलिस ने अजय और वंश को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि यश का पुलिस निगरानी में अस्पताल में ईलाज चल रहा है।

**पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा, दो को हिरासत में लिया, तीसरे का चल रहा इलाज : एसीपी**- साहिल हत्याकांड की जानकारी देते हुए एसीपी गोरखपाल राणा ने बताया कि जानकारी मिली थी कि गांव दतौली में दो पक्षों में झगड़ा हुआ है और इस झगड़े में साहिल नाम के एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई है, साहिल की हत्या के बाद तनाव का माहौल बन गया था जिसको देखते हुए भारी पुलिस बल की तैनाती कर दी गई थी अभी माहौल शांत है, दूसरे पक्ष के तीन युवाओं को भी चोट आई हैं जिनमें यश अजय और वंश है, साहिल के परिजनों की शिकायत पर हमने अजय यश और वंश के साथ-साथ 10 से 12 अन्य युवाओं के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। अजय और वंश को पुलिस हिरासत में ले लिया है जबकि यश का इलाज चल रहा है, अन्य को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसकी जानकारी स्पष्ट तौर पर सामने नहीं आई है।

**पुलिस बल की मौजूदगी में किया अंतिम संस्कार :** गांव में तनाव का माहौल देखते हुए शुक्रवार को दोपहर बाद पुलिस बल की मौजूदगी में साहिल का अंतिम संस्कार करवाया गया। हांलाकि घटना के बाद से गांव में तनाव को देखते हुए एसीपी गौरखपाल ने पुलिस बल को तैनात कर दिया था।

मां दुध गर्म कर देना, जल्दी स्टेडियम से वापिस आऊगा : मां मीना - मृतक साहिल की मां मीना ने विलाप करते हुए बताया कि साहिल यह कहकर गया था कि मां जल्दी दुध गर्म कर देना, जल्दी वापिस आ जाऊगां। मां ने बताया कि साहिल नौकरी के लिए गांव के स्टेडियम में जाकर फिजिकल की तैयारी कर रहा था। लेकिन उन्हें क्या पता था कि साहिल आज वापिस ही नही आएगा। मां मीना ने विलाप कर हाथ जोड़ते हुए हत्या आरोपित को गिरफ्तार करने की पुलिस से गुहार लगाई और कहा कि वे बहुत गरीब है। साहिल बाहरवीं कक्षा के बाद मजदूरी का काम करता था। साहिल का किसी से कोई विवाद नही था। आखिर उन्होंने क्यों मार दिया।

## न्यूज फ्लैश

### खेड़ी में बाबा जाहरवीर गोगा जी का मेले में कुश्ती दंगल आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

नारनौल । बाबा जाहरवीर गोगा का मेला खेड़ी में भरा जिसमें कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ। जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने बाबा के स्थान पर परम्परागत से ढ़ोल नगाड़े बजा कर गूगा जी छड़ी के साथ रात्रि जागरण हुआ। मेले में बाबा का भंडारा व कुश्तियां हुई। गांव के सरपंच सत्यनारायण, मेला कमेटी प्रधान जीवन प्रताप व ब्लॉक समिति के पूर्व सदस्य महेंद्र खेड़ी सहित गांव के मौजिज लोगों के सहयोग से मेले में आने वाले मेले में मुख्य अतिथि आप पार्टी के जिला अध्यक्ष महेंद्र राता व मेला कमेटी सदस्यों ने पहलवानों को पुरस्कृत किया। जिसने में अंतिम कुश्ती 11 हजार रुपए की करवाई जाएंगी। रामूतार उखाड़ा बादशाहपुर गुरूग्राम के पहलवान उपकार ने मनोज पहलवान जींद को हरा कर 11 हजार रुपए की कुश्ती जीती। इसके अलावा 5100 रुपए 5 कुश्तियां करवाई गई। जिसमें रामकिशन अखाड़ा मौकलवास के गोलू पहलवान, दूसरी कुश्ती गांव गणियार के पहलवान अभिषेक, चांदा पहलवान, मनोज पहलवान गुरूरामदास अखाड़ा मौकलवास ने जीती। अक्षय पहलवान गांव औचक व मोनू पहलवान मोनू के बराबरी पर छूटी। मेले में चावंडी निवासी कैप्टन नानकलपाल सिंह रेसालिंग कोच ने कुश्ती दंगल का संचालन किया। इसके अलावा रामनिवास थानेदार व रामूतार सिंह ने भी रेफरी की भूमिका की। इस मौक पर सज्जन चौहान, कै. हुक्म सिंह, विष्णु शर्मा, कंवर सिंह पीटीआई, सूबेदार भीम सिंह, मोहन सिंह,मनोज चौहान, जेपी चौहान सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### मॉडर्न और ट्रेडिशनल म्यूजिक का शानदार फ्यूजन तलवार का "बंदूकान"

**हिसार।** जोशीले पंजाबी सिंगर, कम्पोजर और लिरिसिस्ट तलवार ने अपने पहले सिंगल 'बंदूकान' के साथ अपना स्वैग बिखेरा और सिंगल म्यूजिक की दुनिया में अपना पहला कदम रखा। ये पंजाबी पॉप सेनसेशन ट्रेडिशनल और मॉर्डन म्यूजिक एलीमेंट्स के अपने इल्केट्रीफाइंग फ्यूजन के साथ म्यूजिक लैंडस्केप को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है। यह ट्रैक प्यार, विश्वासघात और घमंड के विषयों पर गहराई से प्रकाश डालता है, एक आकर्षक कहानी बनाता है जो निश्चित रूप से दुनिया भर के ऑडियंस को मंत्रमुग्ध कर देगा। अपनी वर्सिटैलिटी और क्रिएटिविटी के लिए जाने जाने वाले तलवार इस शानदार सिंगल के लिए सिंगर, कम्पोजर और लिरिस्ट के रूप में काम किया है। बंदूकान तलवार की यूनिक स्टाइल और पॉवरफुल वोकल को प्रदर्शित करने वाला म्यूजिकल मास्टरपीस है। बन्दूकन कंटेम्प्रेरी म्यूजिकल इंफ्लूएंस को अपनाते हुए पंजाबी कल्चर का उत्सव है। म्यूजिक वीडियो तलवार को उसके एलीमेंट के साथ दशार्ता है, जिसमें स्वैग और कॉन्फीडेंस झलकता है क्योंकि वह फैंसी कारों और ग्रैंड सिलिब्रेशन से घिरे अपनी टीम के साथ जीवन की जीत का सेलिब्रेशन मनाता है। अपने पहले सिंगल के बारे में खुशी से बोलते हुए, तलवार ने शेयर किया कि, बंदूकान में ताकत और शानदार विजुअल का एक शानदार कॉम्बीनेशन है, यह म्यूजिक और स्टोरी कहने के प्रति मेरे जुनून का रिफ्लैक्शन है। अपने पहले सिंगल के लिए मैं एक जोरदार पंजाबी ट्रैक बनाना चाहता था जो एक वाइब पैदा कर दें और यह ट्रैक कंटेम्प्रेररी म्यूजिक के साथ बेहतरीन पंजाबी म्यूजिक ट्रेडिशन का मिश्रण है। मेरा मानना है कि बंदूकान श्रोताओं को काफी प्रभावित करेगा। मैं इस ट्रैक द्वारा लाई गई एनर्जी और इमोशन का एक्सपीरियंस देखने के लिए दर्शकों का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

### टाटा एआईए सर्वोच्च गुणवत्ता वाले एमडीआरटी सलाहकारों की संख्या के लिहाज से वैश्विक स्तर पर 5वें और भारत में पहले स्थान पर

**गुरुग्राम।** भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए) को एमडीआरटी क्वालिफाइड (योग्यता प्राप्त) सलाहकारों की सबसे अधिक संख्या के लिए दुनिया के शीर्ष 5 बीमाकताओं में स्थान दिया गया है। कंपनी के पास, 1 जुलाई, 2023 तक प्रतिष्ठित एमडीआरटी (मिलियन डॉलर राउंड टेबल) लीग के लिए क्वालीफाई करने वाले कुल 1,978 सलाहकार थे। एमडीआरटी क्वालिफाइड सलाहकारों को जीवन बीमा के क्षेत्र में उनके ज्ञान और विशेषज्ञता के स्तर को देखते हुए उद्योग में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। इस तरह, वे उपभोक्ताओं को सटीक सलाह देने और उन्हें उनके जीवन के चरण की जरूरतों को पूरा करने में मदद करने के लिए हर तरह की योग्यता से लैस होते हैं। टाटा एआईए की एक और उपलब्धि यह रही कि क्वालिफाइड महिला एमडीआरटी सलाहकारों की सबसे अधिक संख्या (936) के लिहाज से यह वैश्विक स्तर पर 9वें और भारत में पहले स्थान पर है। कंपनी, पहली बार इस मोर्चे पर दुनिया की शीर्ष 10 कंपनियों में शामिल हुई।

# ड्रग फ्री हरियाणा संदेश के साथ अम्बाला पहुंची साइक्लोथॉन

## अम्बाला में पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, आमजन ने साइक्लोथॉन का किया स्वागत व उत्साहवर्धन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**हरियाणा** उदय आउटरीच कार्यक्रमों की श्रृंखला में हरियाणा को ड्रग फ्री बनाने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के संदेश के साथ प्रदेश के विभिन्न जिलों को कवर करते हुए साइक्लोथॉन यात्रा शुक्रवार को अम्बाला पंहुची। गांव अकालगढ़ में पहुंचने पर एसडीएम बराड़ा बिजेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक राजबीर सिंह बराड़ा, सरपंच अकालगढ़ अजय कुमार, प्रशासन के अन्य अधिकारियों, ग्रामीणों, विभिन्न सामाजिक संगठनों व आमजन ने साइक्लोथॉन का गर्मजोशी से पुष्पवर्षा से स्वागत व उत्साहवर्धन किया। साइक्लोथॉन को लेकर नागरिकों को जोश व उत्साह पूरे चरम पर रहा और उन्होंने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाते हुए साइकिलिस्ट में जोश भरा। इस मौके पर मुख्यमंत्री के विशेष कार्य अधिकारी भूपेश्वर दयाल व लाडवा के पूर्व विधायक डा0 पवन सैनी साईक्लोथॉन यात्रा का नेतृत्व कर रहे थे। इस अवसर पर जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों ने आमजन को ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश देते हुए जागरूक किया। साईक्लोथॉन यात्रा का नेतृत्व कर रहे मुख्यमंत्री के विशेष कार्यकारी अधिकारी भूपेश्वर दयाल ने ग्राम पंचायत अकालगढ़ व प्रशासन द्वारा जो उनका अभिनंदन किया गया है, उसके लिये उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा लगभग 1700 किलोमीटर का सफर तय करके आज अकालगढ़ पंहुची है। पुलिस द्वारा नशे को रोकने के लिये निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। हमें इसके लिये सोशल मुहिम चलाने की आवश्यकता है। हरियाणा प्रदेश खुशहाली वाला प्रदेश है। हमें अपने युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों से जोड ?ा है। उन्होंने कहा कि इस






साईकिल यात्रा में तीन बुजुर्ग भी शामिल हैं जिनमे एक बुजुर्ग 75 वर्ष का, एक माता 64 वर्ष की तथा एक अन्य बुजुर्ग भी शामिल है जोकि इस यात्रा में शुरू से ही शामिल होकर युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने बारे प्रेरित कर रहे हैं और हरियाणा नशा मुक्त बने, इस बारे जागरूक करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने युवा साथियों से आहवान किया कि वे दूध-दही खाएं क्योंकि हरियाणा की पहचान देशों में देश हरियाणा, जित दूध-दही का खाना से है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा को ड्रग फ्री बनाने का संकल्प लिया है जिसे हम सभी को मिलकर पूरा करना है। इस मौके पर साइक्लोथॉन यात्रा का स्वागत करते हुए एसडीएम बराड़ा बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि साइक्लोथॉन यात्रा में शामिल प्रतिभागी नशे से दूर रहने का जो संदेश दे रहे हैं, उसे हमें आत्मसात करते हुए युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने बारे जागरूक करना है। नशा बहुत खतरनाक है, जो इसकी गिरफ्त में आ जाता है, उसका स्वास्थ्य को खराब होता ही है साथ ही उसके परिवार को भी आर्थिक हानि का सामना करना पड़ता है। उन्होंने माता-पिता से अपील की कि वे अपने बच्चों पर ध्यान दें। युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखें। उन्हें खेलों के प्रति जागरूक करें। स्वस्थ रहकर हम अच्छे समाज व राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। मुलाना के पूर्व विधायक राजबीर बराड़ा ने साइकिल यात्रा का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हरियाणा श्री मनोहर लाल ने हरियाणा को ड्रग फ्री करने की जो मुहिम चलाई है,

**मुहिम**

> 8 पूरे चरम पर रहा और उन्होंने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाते हुए साइकिलिस्ट में जोश भरा

उसमें हमें अपनी शत-प्रति आहूति डालनी है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आह्वान पर सरकार व जिला प्रशासन द्वारा निरंतर नशे के खिलाफ युवा शक्ति में नई चेतना लाने का सकारात्मक प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो नशे की गिरफ्त में आ जाता है, उस व्यक्ति का स्वास्थ्य तो खराब होता ही है, नशा सम्बन्धित व्यक्ति के घर-परिवार को बर्बाद तक कर देता है। उन्होंने कहा कि हम सबको जागरूक होकर गली-मोहल्ले में सभी नशे से दूर रहें, इस बारे उन्हें प्रेरित करना है। हमें ऐसा वातावरण उपलब्ध करवाना है कि कोई भी नशे की चपेट में न आए। गांवों में कमेटी गठित करनी है, जिससे पता चल सके कि कोई यदि नशे की चपेट में आ जाता है तो उसे नशे से दूर रहने बारे प्रेरित करना है। नशा मुक्ति केन्द्र के माध्यम से उसका उपचार करवाना है। नशे जैसी कुरीति को रोकने के लिये और यदि कोई नशा बेचता है तो उसकी सूचना पुलिस को देनी है। उन्होंने युवाओं को कहा कि वे खेलों से जुड़ें। देश का हर नागरिक आज हरियाणा को बड़े गौरव के साथ देखता है,क्योंकि हरियाणा राज्य में अच्छे मेडल विजेता खिलाड़ी हैं, बहादुर सैनिक हैं, अच्छे वैज्ञानिक हैं, मेहनती किसान व श्रमिक हैं। ये सभी अपने अपने क्षेत्रों में देश-विदेश में हरियाणा का मान बढ़ा रहे हैं। नशे का हरियाणा की परंपरा और संस्कृति से कोई मेल नहीं हैं।

## मुआवजे को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने डीसी को सौंपे ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**बाढ़** के कारण फसलों के हुए नुक्सान के चलते किसानों ने डीसी कार्यालय में इकटठा होकर डीसी अम्बाला को अपनी समस्या के प्रति अवगत करवाया और उन्हे अपनी मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। किसानों ने कहा कि पिछले दो तीन महीने से पूरे हरियाणा प्रदेश की जनता बाढ़ और सूखा से जूझ रही है। सबसे सोचनीय बात यह है कि बाढ़ का प्रकोप अत्यधिक बारिश से नहीं बल्कि बाहर से आने वाले पानी को नियंत्रित करने में हुई विफलता का परिणाम है। यदि समय रहते सरकारी प्रशासन अपनी जिम्मेदारी वहन करते हुए सभी ड्रेनों, नालों, नदियों आदि की सफाई सुनिश्चित करता तो बाढ़ से हुए जान माल और फसलों की भयंकर बबार्दी से बचा जा सकता था।
दूसरी दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि बाढ़ के दौरान सरकार और प्रशासन तो नदारद रहे और जितने भी बचाव और राहत के कार्य हुए वह लोगों ने सामुदायिक प्रयासों से ही किये। इनमें किसान और किसान संगठनों की बहुत ही सराहनीय भूमिका रही है। तीसरी बात यह कि बारिश न होने से आधे से ज्यादा प्रदेश सूखे की चपेट में है।

## ऑटो रिक्शा चालकों ने अमित बिंदल से की मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** जिले के विभिन्न गांव एवं कस्बा के ऑटो रिक्शा चालक सैकड़ो की संख्या में भाजपा के प्रदेश नेता एवं लोकप्रिय समाजसेवी अमित बिंदल के आवास प्रेम नगर पहुंचे भाजपा नेता ने सभी ऑटो रिक्शा चालकों का हार्दिक अभिनंदन सद्भावना .के साथ किया बड़े अपनापन और सौहार्दपूर्ण वातावरण में श्री बिंदल ने ऑटो रिक्शा चालकों को संबोधित करते हुए उनके सुख-दुख और हर तरह की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया बदले में सभी चालकों ने भाजपा नेता का हृदय की गहराइयों से स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया और भविष्य में उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का वचन दिया श्री बिंदल ने सभी ई रिक्शा चालकों के सम्मान में रात्रि सह भोज का आयोजन किया।

# विद्यार्थियों को अपने कंप्यूटर जैसे दिमाग का करना चाहिए हमेशा सदुपयोग: स्टीव

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

यूके से मोटीवेटर प्रवक्ता स्टीव ने कहा कि विद्यार्थियों का दिमाग कम्पयूटर से भी तेज चलता है, इसलिए विद्यार्थियों को अपने कम्पयूटर जैसे दिमाग का प्रयोग करना चाहिए और परीक्षाओं के दिनों में अच्छे से तैयारी करनी चाहिए ताकि बिना किसी मानसिक तनाव के विद्यार्थी अच्छे अंक प्राप्त कर सके। यूके के मोटीवेटर स्टीव वीरवार को सेंट थॉमस कान्वेंट पब्लिक स्कूल सेक्टर 9 में स्कूल की तरफ से बच्चो के लिए आयोजित मोटीवेशन कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यातिथि मोटीवेटर स्टीव, स्कूल की एमडी अंजलि मारवाह प्रिंसीपल आरती सूरी



, रजनी, कार्तिकेय ने दीप प्रज्ज्वलित करके विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान स्कूल की प्रबंधक निदेशिका अंजलि मारवाह ने मोटीवेटर प्रवक्ता स्टीव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के दौरान मोटीवेटर स्टीव ने विद्यार्थियों को साथ सीधा संवाद कर विद्यार्थियों की मन की बात को सांझा किया।
मोटीवेटर स्टीव ने कहा कि भारत वर्ष में यह उनकी किसी भी स्कूल में तीसरी स्पीच है। इस स्कूल में आने के बाद और बच्चों से रूबरू होने के बाद एक सुखद एहसास हुआ, क्योंकि इस स्कूल

**मोटीवेशन**

> 8 परीक्षाओं के दिनों में अच्छे से तैयारी करनी चाहिए ताकि बिना किसी मानसिक तनाव के विद्यार्थी अच्छे अंक प्राप्त कर सके

के विद्यार्थियों में जुनून और जज्बा देखने को मिला। उन्होंने विद्यार्थियों को पढने के टिप्स बताते हुए पेपरों के दिनों में किस प्रकार तैयारी की जानी है इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि बच्चों को दिमाग कंप्यूटर से भी तेज होता है, बच्चों को ज्यादा नहीं सोचना चाहिए और कई बार चुप रहना बेहतर होता है। विद्यार्थियों को अपने मन की इच्छा को पूरा करने का प्रयास करना चाहिए लेकिन अपने मन को कभी भटकने भी नहीं देना चाहिए।
स्कूल की एमडी अंजलि मारवाह ने मेहमानों का स्वागत करते हुए स्कूल की उपलब्धियों और गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस स्कूल के विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकी के माध्यम से शिक्षा दी जा रही है। इस स्कूल के प्रबंधकों का हमेशा प्रयास रहता है कि बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा और अच्छे संस्कार दिए जाए ताकि इस स्कूल से एक अच्छे मनुष्य का निर्माण किया जा सके।
स्कूल की प्रिंसिपल आरती ने मेहमानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 25 वर्ष पहले जब पढाना शुरू किया था तब सीमित साधन होते थे।

## पारमा टेक्सटाइल्स फैक्ट्री में लगी आग पर 18 घंटे बाद पाया जा सका काबू

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेज 2 स्थित पारमा टेक्सटाइल्स फैक्ट्री में लगी आग पर 18 घंटे बाद पूरी तरह से काबू पाया जा सका। देर रात तक विभिन्न जिलों से मंगाई गई दमकल गाड़ियों द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया जाता रहा। आग जब शांत होने लगी तो 4 दमकल गाड़ियों को मौके पर छोड़ कर बाकी गाड़ियां वापिस भेज दी गई। शुक्रवार की सुबह 10 बजे तक चार दमकल गाड़ियों ने आग पर पूर तरह से काबू पा लिया। आग लगने की वजह से फैक्ट्री का सारा सामान पूरी तरह से जल कर राख हो गया। फैक्ट्री में सिंथेटिक व नायलान के धागे से टेप बनाने का काम किया जाता था। पारमा टेक्सटाइल्स फैक्ट्री के गोदाम में फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिक के अनुसार बृहस्पतिवार दोपहर करीब 2 बजे अचानक स्टीम पाइप धमाके के साथ फट गया। जिससे फैक्ट्री में रखे सामान ने आग पकड़ ली।

-दमकल विभाग से एसडीएम ने मांगी रिपोर्ट

एसडीएम डा. निर्मल नागर ने बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में लगातार हो रही आगजनी की घटनाओं पर कड़ा संज्ञान लेते हुए दमकल विभाग से फैक्ट्रियों को जारी की जाने वाली एनओसी की डिटेल मांगी है। उन्होंने कहा कि कई फैक्ट्री संचालक नियमानुसार फैक्ट्री का निर्माण नहीं करते। फैक्ट्री की एनओसी लेने के बाद नियमों को ताक पर रख कर बहुमंजिला इमारत बना ली जाती हैं, जिनमें फायर सेफ्टी उपकरण मौजूद नहीं रहते। ऐसे में दमकल विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है, इस बारे में दमकल अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी गई है।

## अगले सप्ताह जिले में तीन दिन सांसद का 'जन संवाद' कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल।** सांसद धर्मबीर सिंह अगले सप्ताह जिले में तीन दिन 'जन संवाद' कार्यक्रम करेंगे। इस बारे में जानकारी देते हुए लोकसभा विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि पिछले दिनों हरियाणा के सांसदों के साथ हुए मुख्यमंत्री के रात्रिभोज कार्यक्रम में ये तय हुआ कि सांसद भी पूरे प्रोटोकॉल के साथ ' जन संवाद' कार्यक्रम करेंगे। प्रदेश में इसकी शुरूआत 25 सितंबर से भिवानी - महेन्द्रगढ़ लोकसभा के सांसद धर्मबीर सिंह करेंगे। 25 सितंबर को अटेली विधानसभा में 5 गाँवों में सांसद का कार्यक्रम रहेगा। इन पांच गाँवों में भोजावास, करीरा, खेड़ी, नौताना एवं पाथेड़ा शामिल हैं। इसी प्रकार 27 को नारनौल विधानसभा के गाँव चिण्डालिया, डोहर कलां, लहरौदा, मंढाणा एवं नांगल काठा में कार्यक्रम होगा।

# रोड सेफ्टी प्रतियोगिता को लेकर बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**

**महेन्द्रगढ़** । राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ में प्रिंसिपल मेजर एमआर लांबा और डीएसपी मोहिंद्र सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा विषय पर बच्चों को जागरूक करने के लिए रोड सेफ्टी नियमों के बारे में अक्टूबर माह में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के संबंध में बैठक की गई। इस बारे में उपझपुलिस अधीक्षक मोहिंद्र सिंह ने बताया कि अक्टूबर 2023 में इंटर स्कूल रोड सेफ्टी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जिला के सभी स्कूलों में



आयोजित की जाएगी। मीटिंग में सभी कॉलेजों के प्रिंसिपल और ट्रैफिक कोऑर्डिनेटर मौजूद रहे। मीटिंग में मौजूद सभी से अनुरोध किया कि अधिक से अधिक कॉलेज स्टूडेंट्स को इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के बारे में प्रोत्साहित किया जाए। डीएसपी ने बताया कि प्रतियोगिता से स्टूडेंट्स यातायात के नियमों बारे में सीखेंगे और खुद जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करेंगे। डीएसपी ने कहा कि युवाओं को जागरूक करने का मतलब समाज को जागरूक करना है।

डीएसपी मोहिंद्र सिंह ने बताया कि अक्टूबर में इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की ब्लॉक स्तरीय परीक्षा कराई जाएगी। यह प्रतियोगिता चार लेवल पर होगी, लेवल चार में कॉलेज के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि हर साल सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौत का कारण सही प्रकार से वाहन न चलाना और दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का न पहनना, सीट बेल्ट न लगाना, तेज गति में वाहन चलाना होता है। दुर्घटना में अगर शरीर के किसी हिस्से पर चोट लगती है तो वह ठीक हो सकती है।

# 'प्रजातंत्र में जनता सर्वोपरि इसलिए अपने वोट का करें सही इस्तेमाल'

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

एनसीपी की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं विद्यार्थी विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया दूहन नारनौंद विधानसभा क्षेत्र में जींद-बरवाला राज मार्ग लिंक रोड पर बसे गांव नाडा. में शहीद बजेसिंह सम्मान समारोह में पहुंचीं। उन्होंनें बलिदानी पहलवान बजेसिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शहीद को नमन किया। समारोह में आईवीओ हरियाणा के राज्य प्रधान कैप्टन चरणसिंह मलिक व अन्य प्रतिनिधियों एवं हिसार कैन्ट 42 आर्म्ड कैप्टन मिसाब महात्मे व सूबेदार वीरेन्द्र,कैप्टन रमेश कुमार जागडा,पंचायत समिति सदस्य सुशील गामडा,संजय फौजी, डा मनबीर बैनीवाल,विक्की शर्मा ने



विशेष तौर से भाग लिया और पुष्प अर्पित कर सन 1965 के शहीद बजेसिंह को याद किया। राष्ट्रीय नेता सोनिया दूहन ने कहा कि जिन्दगी जब तुझको समझा, मौत फिर क्या चीज है, ऐ वतन तू हीं बता, तुमसे बडी. क्या चीज है। उन्होंनें लोगों से कहा कि वे किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बेटियों पर भी विश्वास कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए समान अवसर दें। तभी बेटियां लक्ष्य की प्राप्ति एवं अपने माता-पिता,परिवार व क्षेत्र का भी नाम रोशन कर सकती हैं। उन्होंनें युवाओं के उज्ज्वल भविष्य एवं महिलाओं के मान-सम्मान की आवश्यकता पर भी विशेष बल दिया। उन्होंनें देश व समाज की आन बान शान शूरवीरों व फौजी योद्धाओं के बीच अपने आपको पाकर गर्व महसूस किया। उन्होंनें कहा कि प्रजातन्त्र में जनता सर्वोपरि होती है इसलिए जनता को देश व प्रदेश हित में योग्य व्यक्ति अथवा नेता का ही चुनाव करना चाहिए। इसके लिए जनता को अपने वोट की ताकत को पहचान कर मत का सही प्रयोग करना होगा। उन्होंनें बुजुर्गों एवं वृद्ध महिलाओं के बीच जाकर उनका आशीर्वाद भी लिया। इस मौके पर कोथकलां के पूर्व सरपंच सुरजीत सिंह सन्धू , जगबीर लौहान, शहीद भगतसिंह युवा क्लब नाडा. के प्रधान डा मनबीर सिंह,उपप्रधान अंकित, सुरेन्द्र पहलवान,प्रवीण बैनीवाल पहलवान,संजय फौजी,सरपंच प्रतिनिधि सुधीर के पिता मांगेराम,पूर्व सरपंच रामकुमार, बलराज बैनीवाल,दीपक,मा बदनसिंह,दरबारा,वजीर,संदीप,काल ा गामडा, बलिदानी बजेसिंह परिजन सदस्यों समेत अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि,भारी तायदाद में महिलाएं ,स्कूली छात्राएं,गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा भारतीय संस्कृति, देशभक्ति व राष्ट्रीयता से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया और छात्राओं व अन्य व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया।

# सरकार की वादाखिलाफी पर रोडवेज कर्मियों ने फूंका पुतला

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**हरियाणा** रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर एसीएस ट्रांसपोर्ट के विश्वास घात और तानाशाही के विरोध में रोडवेज वर्कशॉप में दो घंटे प्रदर्शन कर पुतला दहन किया सांझा मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य इंद्र सिंह बधाना व विक्रम राणाने कहा कि परिवहन मंत्री के साथ 23 जून को हुई बातचीत में सहमति अनुसार मानी गई मांगों को लागू नहीं करके सरकार ने विश्वास घात व वायदाखिलाफी की है। मुख्य मांगों का जिक्र करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन बहाली, 2016 वाले चालको को पक्का



करने, लिपिकों -परिचालकों-चालकों का पे ग्रेड बढ़ाने, अर्जित अवकाश पहले की तरह लागू करने,4 घंटे के ओवर टाइम के बदले का एक ओटीआर देने, जोखिम भत्ता देने, स्टैंड इंचार्ज का पद सृजित करने,सभी खाली पदों पर पदोन्नति करने आदि मांगों का समाधान समय रहते नही किया गया तो सरकार को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।
जिसकी सयुंक्त अध्यक्षता डिपो प्रधान रविन्द्र सिंह,संजय कालता बलविंद्र सिंह आंनद कुंडू सरबजीत सिंह,ने की और मंच संचालन महावीर पाई और सतनाम ने किया।

# संपादकीय

## कनाडा पाकिस्तान की राह पर

**कनाडा** के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का भारत सरकार पर आरोप लगाकर वैश्विक राजनीति में एक भूचाल ला दिया है। इस बयान के साथ उन्होंने अपने दिमागी दिवालियापन का सबूत भी दे दिया है और यह साबित कर दिया है कि भारत जैसे देश से अपने संबंध खराब कर वे अभी भी अपरिपक्व राजनीतिज्ञ हैं। खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर 17 साल से अवैध रूप से कनाडा में रह रहे थे और भारत द्वारा उसे आतंकवादी घोषित करते ही कनाडा ने उसे नागरिकता प्रदान कर दी थी। कनाडा के प्रधानमंत्री ने भारत पर उसकी हत्या का आरोप लगाकर यह कयास लगाया था कि उसे अमेरिका ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया तथा नाटो देश का समर्थन मिलेगा जिससे वह आतंकवादियों को शरण देने की जवाब देही से बच सकेंगे पर वॉशिंगटन पोस्ट की खबरों के अनुसार फाइव एलायंस यानी अमेरिका, ब्रिटेन,ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड ने उसके इस आरोप से किनारा कर लिया और कोई समर्थन नहीं दिया है। अब कनाडा के प्रधानमंत्री वैश्विक राजनीति में अलग-अलग पड़ गए हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री के सत्ताधारी गठबंधन में भी दरारें पड़ गई हैं लिबरल पार्टी के कई सांसदों ने भारत से संबंध बनाए रखना पक्ष में बयान दिए हैं। उनके ही मंत्री हरजीत सज्जन ने बयान देकर कहा है की कनाडा को भारत से रिश्ते तल्ख कर बनाने की जरूरत नहीं और कनाडा की प्रथम हिंदू कैबिनेट मंत्री अनीता आनंद ने भी प्रधानमंत्री को अत्यंत विवेक से कम लेने की सलाह दी है। यह बात अत्यंत महत्वपूर्ण है की कनाडा नाटो देश का सदस्य भी है पर नाटो देश ने भी उससे इस मामले में किनारा कर लिया है। कनाडा विगत कई सालों से खालिस्तानी आतंकवादियों को समर्थन देकर पाकिस्तान की राह में निकल पड़ा है। खालिस्तानी आतंकवादियों को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आई,एस,आई सीधा समर्थन देकर उन्हें फंडिंग कर रही है इस तरह कनाडा पाकिस्तान और खालिस्तान आतंकवादियों का एक त्रिगुट बन गया है जो वह भारत विरोधी हरकतों को कनाडा तथा भारत में अंजाम देने में लगा हुआ है। कनाडा में वर्तमान में 9आतंकवादी संगठन एसे हैं जो सक्रिय रूप से भारत को तोड़ने की साजिश रच रहे हैं और भारतीय दूतावास तथा अधिकारियों को सीधे तौर पर धमक भी रहे हैं। इन संगठनों का सीधा संबंध खालिस्तान आतंकवाद, ड्रग तथा मानव तस्करी जैसे अपराधों से जुड़ी हुई है। भारत सरकार के विदेश प्रवक्ता ने दावा किया है की कनाडा सरकार की यह हरकत संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर का खुला विरोध है, संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर के सातवें अध्याय में शामिल वैश्विक आतंकवाद के रोकथाम के लिए बनाए गए सुरक्षा परिषद के संकल्प 1373 के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति को शरण देने से पहले यह तय करना होता है की शरण लेने वाला व्यक्ति आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त तो नहीं है और कनाडा सरकार ने हरदीप सिंह निज्जर आतंकवादी घोषित करने के पश्चात नागरिकता देकर संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर का खुला उल्लंघन भी किया है। भारत सरकार के अनुसार कनाडा में अभी भी 10 खालिस्तानी खूंखार आतंकवादी निवास कर रहे हैं जो कनाडा में मौजूद रहकर भारत में अपराधिक आतंकवादी गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। उधर घरेलू मोर्चे में भी कनाडा के प्रधानमंत्री संसद में घिरे हुए हैं उनकी मुख्य विपक्षी विरोधी पार्टी कंजरवेटिव पार्टी के नेता पियरे पालिये० ने कहा प्रधानमंत्री ने जो भारत पर आरोप लगाए हैं उसका कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया है। प्रधानमंत्री को जनता के सामने ठोस सबूत रखना चाहिए

# सामाजिक परिवर्तन हेतु उद्यमिता को प्रोत्साहन



सौरभ गर्ग

“वर्ष 2021 में, सिल्वर इकोनॉमी के रूप में जाने जाने वाले वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण एवं भलाई के लिए अटल वयो अभ्युदय योजना (एवीवीएवाई) के तहत सेज (सीनियर एजिंग ग्रोथ इंजन) नाम की पहल शुरू की गई थी। कुल 21.50 करोड़ रुपये की वर्तमान निधि और 106 करोड़ रुपये की इच्छित निधि के साथ, सेज उद्यम कोष (वेंचर फंड) के इस क्षेत्र में उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए बुजुर्गों की बेहतरी के लिए नवीन समाधान पेश करने वाले स्टार्ट-अप का समर्थन करता है। ये पहल हाशिए पर रहने वाले समुदायों की क्षमताओं को सामने लाने और उन्हें अपनी नियति का निर्धारण करने के कार्य में सक्षम बनाने में समर्थ रहे हैं। उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) के माध्यम से वित्तीय सहायता के प्रावधान के परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था में 700 करोड़ से अधिक मूल्य की परिसंपत्तियों का निर्माण हुआ है”

**सामाजिक** परिवर्तन के एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उद्यमिता की मान्यता पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। उद्यमिता न केवल आर्थिक मूल्य सृजित करती है, बल्कि यह लोगों को अपने अधिकारों का प्रयोग करने तथा पारंपरिक मानदंडों से मुक्त होने के लिए सशक्त भी बनाती है। स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के साथ एकीकृत करने की दृष्टि से, सरकार ने हाशिए पर रहने वाले एवं कमजोर समुदाय के लोगों के भीतर उद्यमिता को प्रोत्साहित करने हेतु कई सक्रिय कदम उठाए हैं। उद्यमिता के प्रोत्साहन का यह दृष्टिकोण उस समावेशी विकास के इर्द-गिर्द घूमता है, जहां कोई भी पीछे नहीं छूटे और सभी नागरिकों, चाहे उनकी पृष्ठभूमि या सामाजिक हैसियत कुछ भी हो, को अवसर समान रूप से सुलभ हों। विभिन्न रणनीतिक पहलों एवं अभिनव कार्यक्रमों के माध्यम से, सरकार का उद्देश्य हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाते और उनकी क्षमता को सामने लाते हुए देश को व्यापक विकास की ओर ले जाना है।

वर्ष 2015 में, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने रियायती वित्त प्रदान करके अनुसूचित जातियों के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु अनुसूचित जातियों के लिए उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) की स्थापना की। लगभग 726 करोड़ रुपये की मौजूदा निधि के साथ, इस कोष ने सभी उद्योगों में ग्रीन-फील्ड एवं विस्तार परियोजनाओं के लिए 10 लाख रुपये से लेकर 15 करोड़ रुपये तक की फंडिंग की पेशकश करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस वित्तीय सहायता ने उन उभरते उद्यमियों के लिए एक जीवन-रेखा के रूप में काम किया है, जिनके लिए शायद फंडिंग के पारंपरिक मार्गों तक पहुंचना संभव नहीं होता।

इस कोष के सबसे उल्लेखनीय पहलुओं में से एक चार प्रतिशत प्रति वर्ष की रियायती ब्याज दर है, जिसे महिला उद्यमियों एवं अनुसूचित जाति वर्ग के दिव्यांग उद्यमियों के लिए घटाकर 3.75 प्रतिशत प्रति वर्ष कर दिया गया है। ब्याज दरों में यह उल्लेखनीय कमी यह सुनिश्चित करती है कि हाशिए की पृष्ठभूमि से उभरने वाले उद्यमी अपेक्षाकृत अधिक विशेषाधिकार प्राप्त



पृष्ठभूमि से संबंध रखने वाले अपने समकक्षों के साथ समान धरातल पर प्रतिस्पर्धा कर सकें।

अंबेडकर सोशल इनोवेशन इनक्यूबेशन मिशन (एएसआईआईएम) सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। उद्यम पूंजी (वेंचर कैपिटल) से जुड़ी पहल के हिस्से के रूप में, अनुसूचित जाति समुदाय के युवाओं के भीतर अभिनव विचारों के विकास एवं प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एएसआईआईएम का 2020 में शुभारंभ किया गया था।

कुल 30 लाख रुपये तक की फंडिंग के माध्यम से, एएसआईआईएम ने अनुसूचित जाति समुदाय के छात्रों एवं शोधकताओं द्वारा शुरू की गई प्रौद्योगिकी-उन्मुख परियोजनाओं व स्टार्ट-अप का समर्थन किया है। इस पहल ने उद्यमिता के मोर्चे पर सरकार की ओर से डाले जाने वाले प्रभाव में एक और गतिशील एवं अभिनव आयाम जोड़ा है।

इन पहलों का प्रभाव गहरा रहा है। कुल मिलाकर 20 राज्यों में अनुसूचित जाति के उद्यमियों के स्वामित्व वाले 200 उद्यमों को समर्थन देने के लिए 483 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए।

ये उद्यम विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हुए हैं और क्षेत्रीय विकास एवं राष्ट्र-निर्माण के व्यापक प्रयास में अहम योगदान दे रहे हैं। इसके अलावा, अनुसूचित जाति समुदाय के पहली पीढ़ी के उद्यमियों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करके उनकी सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मार्गदर्शन सत्र की पेशकश करने वाले प्लेटफॉर्म की स्थापना की गई है।

अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों की असीम क्षमताओं को पहचानते हुए, सरकार ने 2019 में पिछड़े वर्ग के लिए उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) की स्थापना की। कुल 143 करोड़ रुपये की मौजूदा निधि के साथ, यह कोष पिछड़े वर्ग के उद्यमियों को रियायती वित्तपोषण प्रदान करता है। इससे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में पिछड़े वर्ग के उद्यमियों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहन मिला है। सभी उद्योगों में ग्रीन-फील्ड एवं विस्तार परियोजनाओं के लिए 20 लाख रुपये से लेकर 15 करोड़ रुपये तक की फंडिंग की पेशकश कर-के, हम आर्थिक समावेशिता को बढ़ावा दे रहे हैं। इस कोष ने मैन्यूफैक्चरिंग, सेवाओं एवं कृषि से संबंधित उद्योगों सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों के स्वामित्व वाली 29 कंपनियों को 106 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इस वित्तीय सहायता ने अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय के बीच विकास एवं समावेशिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

वर्ष 2021 में, सिल्वर इकोनॉमी के रूप में जाने जाने वाले वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण एवं भलाई के लिए अटल वयो अभ्युदय योजना (एवीवीएवाई) के तहत सेज (सीनियर एजिंग ग्रोथ इंजन) नाम की पहल शुरू की गई थी। कुल 21.50 करोड़ रुपये की वर्तमान निधि और 106 करोड़ रुपये की इच्छित निधि के साथ, सेज उद्यम कोष (वेंचर फंड) इस क्षेत्र में उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए बुजुर्गों की बेहतरी के लिए नवीन समाधान पेश करने वाले स्टार्ट-अप का समर्थन करता है।

ये पहल हाशिए पर रहने वाले समुदायों की क्षमताओं को सामने लाने और उन्हें अपनी नियति का निर्धारण करने के कार्य में सक्षम बनाने में समर्थ रहे हैं। उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) के माध्यम से वित्तीय सहायता के प्रावधान के परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था में 700 करोड़ से अधिक मूल्य की परिसंपत्तिओं का निर्माण हुआ है और इससे 3000 से अधिक व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं।

हाशिए पर रहने वाले एवं कमजोर समुदायों के 400 से अधिक उद्यमियों ने अपनी उद्यमशीलता संबंधी आकांक्षाओं को सफलतापूर्वक साकार किया है। ये उद्यमी अब ह्लमेक इन इंडियाह्व पहल में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं और इस प्रकार भारत की आर्थिक विकास एवं समृद्धि को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाने तथा सामाजिक सशक्तिकरण एवं राष्ट्र-निर्माण के वाहक के रूप में उद्यमिता को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है। अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्गों के लिए उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) के साथ-साथ सेज उद्यम कोष (वेंचर फंड) जैसी रणनीतिक पहलों के माध्यम से सरकार ने सभी लोगों, चाहे उनकी पृष्ठभूमि या सामाजिक हैसियत कुछ भी हो, के लिए अवसर सृजित करने का काम जारी रखा है।

समावेशी प्रगति का दृष्टिकोण महज एक सपना भर नहीं है, बल्कि यह परिवर्तनकारी पहलों के माध्यम से तैयार की गई एक ऐसी वास्तविकता है जो लोगों को सशक्त बनाती है, नवाचार को बढ़ावा देती है और राष्ट्र को व्यापक विकास के मार्ग पर अग्रसर करती है। अपेक्षाकृत अधिक समावेशी एवं समृद्ध भारत के निर्माण के लिए, इस तरह के प्रयास प्रत्येक नागरिक की अप्रयुक्त क्षमताओं का दोहन करते हुए सार्थक परिणाम देते रहेंगे और एक प्रगतिशील एवं एकजुट भारत के सामूहिक दृष्टिकोण को साकार करेंगे।

# कविता

## ना करो अन्न की बर्बादी

ना करो अन्न की बर्बादी,  
भुखमरी पर है यह भारी,  
चारों तरफ छाई है  
गरीबी, भुखमरी और बेचारी,  
भोजन की अनावश्यक बर्बादी  
पूरी दुनिया पर पड़ रही है भारी।

थाली में लो भोजन उतना  
खा सको हो तुम जितना,

खाना थोड़ा तुम कम खा लो,  
गरीबों, लाचारों को  
भूखे मरने से बचा लो,  
उतना ही खाओ  
जितना पचा लो,

थाली में ना छोड़ो तुम अन्न को  
ना करो बेइज्जती  
अन्न उगाने वालों की  
मेहनत , मशक्कत को।

थाली में अन्न छोड़ना  
पड़ता है भारी,  
बढ़ती है संक्रामकता  
और तेज होती इससे बीमारी।

पर्यावरण की सुरक्षा  
भी है हमें करना

संजीव

## नदियां हैं तो जल है..जल है तो कल है

**सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

**एक** पुरानी कहावत है की नदियां सब कुछ बदल सकती हैं! गत वर्ष के नदी दिवस का थीम इसी वाक्य को लेकर रखा गया था। हर साल 25 सितंबर को विश्व नदी दिवस मनाया जाता है। भारत नदियों की धरती है। भारत और बांग्लादेश की नदियों को अगर मिलाकर आंकड़े देखें तो विश्व की सबसे अधिक नदियां यहीं बहती हैं। मान्यता है कि हिमालय की पहाड़ियों से बहने वाली सिंधु नदी से हमारी सभ्यता की शुरूआत हुई है। यह वर्तमान की भयावह और कटु सत्य है कि बढ़ते हुए प्रदूषण की वजह से नदियों का जल दुषित प्रदूषित होता जा रहा है। प्रदूषण की वजह से जलवायु में भी परिवर्तन हुआ है। जलवायु चक्र भी गड़बड़ा गया है, जिसके कारण कई नदियां उथली होती जा रही हैं, सिकुड़ती जा रही हैं। विश्व नदी दिवस पर कई देश सहित लाखों लोग और कई अंतरराष्ट्रीय संगठन, नदियों के बचाव हेतु निरंतर अपना योगदान कर रहे हैं। बचाव के नए-नए साधन विकसित कर रहे हैं। इस दिन लोग संकल्प लेते हैं कि वे नदियों को प्रदूषित नहीं करेंगे और उन्हें प्रदूषित होने से हर संभव बचाएंगे। इसी कड़ी में गंगा को प्रदूषण से मुक्त कराने का हमारे केंद्र सरकार ने बीड़ा उठाया है। अब तो गंगा, नर्मदा, यमुना, गोदावरी सहित कई नदियों को प्रदूषण से बचाए जाने के लिए बड़ी-बड़ी योजनाएं बन रही है। और सुचारू रूप से कार्य भी आरंभ हो चुका है। यह मानव सभ्यता के लिए शुभ संकेत है।

पुराणों में उल्लेख है कि विश्व की प्राचीन सभ्यतायें नदियों के किनारे ही विकसित हुई हैं। नदियां स्वच्छ जल का संवाहक होती हैं। एशिया महाद्वीप का हिमालय पर्वत पुरातन समय से नदियों का उद्गम स्त्रोत रहा है। गंगा, यमुना, सिंधु, झेलम, चिनाव, रावी, सतलज, गोमती, घाघरा, राप्ती, कोसी, हुबली तथा ब्रहमपुत्र आदि सभी नदियों का उद्गम हिमालय से शुरू होकर हिन्द महासागर में जाकर अपनी गिरती है।

विश्व नदी दिवस भारत का कोई अलग से कार्यक्रम नहीं है। पुराने लोगों द्वारा कहा जाता है, कि सालों पहले भारत की नदियां बारह मासी यानी बारहों माह बहने वाली होती थी, लेकिन अंधाधुंध पेड़ों की कटाई के कारण नदियों ने अपना अस्तिव खो दिया। वर्तमान में हालात यह है कि ग्रीष ऋतु में भारत की सभी नदियों का जल सूख जाता है। इन नदियों का महत्व हमारे जीवन के लिए कहीं से भी कम नहीं है, क्योंकि यह नदियां बारहमासी रहती हैं। और मानव व जीव जंतुओं को पेयजल व सिंचाई व अन्य आवश्यकताओं के लिए उपलब्ध कराती हैं। इन नदियों के कारण जल भराव व बाढ़ की समस्याओं का भी एक तरह से निदान हो जाता है। नदियां अपने साथ पानी बहा कर सागर की ओर ले जाती हैं। बाढ़ की घटनाएं कम होती हैं। तो वही यह नदियां अन्य मौसम में जल से भरी रहने के कारण सूखे से लड़ने में मदद करती हैं। नदियों के ही वजह से तो भूजल का स्त्रोत कभी कम नहीं होता और भूजल फिर से भरने लगता है। यही नदियां ही है तो है जिनके वजह से वर्षा भी नियंत्रित रहती है, और सामान्य वर्षा का होना नदियों के वजह से ही नियंत्रित रहता है।

# विचार

## भारत-कनाडा तल्खी बड़ी - तीन दिन में तीन एक्शन

**किशन भावनानी गोंदिया**

**अंतरराष्ट्रीय** स्तरपर भारत एक ऐसा देश है जिसने विदेश नीति, कूटनीति, व्यापार नीति, अंतरराष्ट्रीय संबंधों सहित अनेक विकसित, नाटो,इयू देशों से प्रगाड़य व्यक्तिगत संबंध भी जिसके आधार पर,भारत को हर देश अपनें करीब रखना चाहता है। कनाडा के पीएम द्वारा संसद में दिए गए एक बयान से भारत-कनाडा में के संबंधों में तल्खी आ गई है और तीन दिन में तीन एक्शन, रिएक्शन हो चुके हैं। अब इन बिगड़ते रिश्तों का अंतरराष्ट्रीय प्रभाव न पड़े इसके लिए पश्चिम के मंत्री,नेता, अधिकारी बड़ी मेहनत कर रहे हैं कि बिगड़ने रिश्तों से उनकी अर्थव्यवस्था पर बुरा असर ना डाल दे और वैश्विक गतिविधियों में भारत को साथ लेकर चलने के उनके प्रयासों को प्रभावितन करें, इसलिए नाटो सदस्य होने के बावजूद कनाडा के सहयोगी देश उनका उनके साथ तो हैं, परंतु सतर्क बने हुए हैं,क्योंकि उनके लिए ग्लोबल साउथ का नेता के रूप में भारत एक महत्वपूर्ण देश देश ही नहीं बल्कि भारत को पश्चिमी देश चीन के खिलाफ एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच के रूप में भी देखते हैंखासकर अमेरिका और पश्चिम की अन्य शक्तियां यह नहीं चाहती कि यह विवाद उन्हें भारत से दूर कर दे, चूंकि वर्तमान नए भारत की ताकत और रुतबे से दुनियां वाकिफ है इसलिए वह भारत-कनाडा विवाद को सतर्कता से निहार रहे हैं। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत कनाडा तल्खी बढ़ी, तीन दिन में तीन एक्शन रिएक्शन पश्चिमी देश सतर्क। साथियों बात अगर हम भारत कनाडा विवाद की शुरूआत की करें तो, कनाडा के पीएम ने कनाडा की संसद, हाउस ऑफ कॉमंस में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड में भारत की संलिप्तता की बात कही थी। उन्होंने कहा था, कनाडा की सुरक्षा एजेंसियां भारतसरकार और कनाडा के नागरिक की हत्या के बीच की कड़ी के आरोपों की सक्रियता से जांच कर रही हैं। कनाडा की धरती पर कनाडा के नागरिक की हत्या में किसी विदेशी सरकार की संलिप्तता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह हमारी संप्रभुता का उल्लंघन है। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है। इसके बाद कनाडा ने भारत के एक शीर्ष राजनयिक को निष्कासित करने की घोषणा की। कनाडा की विदेश मंत्री ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम भारत के एक प्रमुख राजनयिक को निष्कासित कर रहे हैं, लेकिन हम इस मामले की तह तक जाएंगे, अगर यह सब सच साबित हुआ तो यह हमारी संप्रभुता और एक-दूसरे का सम्मान करने के बुनियादी नियम का बड़ा उल्लंघन होगा। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि खालिस्तानी आतंकियों को कनाडा में सुरक्षित ठिकाना मुहैया कराया जा रहा है। हम चाहते हैं कि कनाडाई सरकार ऐसा न करे और उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करे जिन पर आतंकवाद के आरोप हैं या उन्हें न्याय का सामना करने के लिए भारत भेज दें। उन्होंने कहा, हमने पिछले कुछ वर्षों में लगभग 20-25 व्यक्तियों के प्रत्यर्पण की मांग की है, लेकिन प्रतिक्रिया बिल्कुल भी मददगार नहीं रही है।

साथियों बात अगर हम भारत के तीन दिन में तीन एक्शन और उसके रिएक्शन की करें तो,भारत और कनाडा के बीच इस मुद्दे को लेकर हर दिन तनाव बढ़ता जा रहा है। शुरूआत कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो के भारत पर संगीन आरोप लगाने वाले बयान से हुई। भारत ने ट्रूडो के बयान को सिरे से खारिज करते हुए कनाडा के सीनियर डेप्लोमेट को पांच दिन के अंदर देश छोड़ने का आदेश दिया।फिर कनाडा ने अपने नागरिकों को भारत के कुछ खास हिस्सों में न जाने के लिए एडवाइजरी जारी की। जिसके जवाब में भारत ने भी कनाडा के लिए ऐसी ही एडवाइजरी रिलीज कर दी। अब भारत ने कनाडा में मौजूद भारत के वीजाएप्लिकेशन सेंटर की सेवाओं को सस्पेंड कर दिया है।विदेश मंत्रालय ने भारतीय मामलों में कनाडाई राजनयिकों के हस्तक्षेप का हवाला देते हुए कनाडा से भारत में अपनी राजनयिक उपस्थिति कम करने के लिए कहा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस

**बाल मुकुन्द ओझा**

**मातृभूमि के** लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों की शहादत आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत रहती है। आजादी के महा नायक वीर सपूत एवं महान स्वतन्त्रता सेनानी हमारे देश की अमूल्य धरोहर हैं। आज हरियाणा में वीर एवं शहीदी दिवस मनाया जा रहा है। हरियाणा सरकार ने 23 सितम्बर को हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस मनाने का निर्णय लिया है। इस दिन प्रदेश के प्रत्येक जिले में सार्वजनिक बैठकों, समारोहों और संगोष्ठियों का आयोजन करके शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। हरियाणा शहीदी दिवस उन सभी वीरों को समर्पित है

जिन्होंने अपनी भूमि की स्वतंत्रता और आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। इस दिन को शहीद सैनिकों के स्मारकों पर पुष्पांजलि अर्पित करने के समारोह के रूप में मनाया जाता है। हरियाणा के निवासियों को उनके गौरवशाली अतीत और इसके इतिहास पर अमिट छाप छोड़ने वाले लोगों की याद दिलाने के लिए विभिन्न शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। राव तुलाराम व अन्य शहीदों की याद में मनाया जाने वाला यह दिवस हमें देश सेवा के लिए अपनी जान की भी परवाह न करने की प्रेरणा देता है। देश के उन शूरवीरों को कभी नहीं भुलाया जा सकता, जिन्होंने अपनी शहादत देकर देश की माटी का कर्ज अदा किया। ऐसे वीरों को सम्मान देते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलकर देश को तरक्की के रास्ते पर ले जाने का संकल्प हम सभी को लेना चाहिए।

राष्ट्र की रक्षा के लिए बलिदान देने के मामले में प्रदेश के वीर सैनिकों ने भी सर्वस्व बलिदान दिए हैं। युवा पीढ़ी को इन वीरों के देश प्रेम से ओत-प्रोत जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और देश की एकता व अखंडता को कायम रखने में अपना योगदान देना चाहिए। आज के दिन राव तुलाराम सहित सभी ज्ञात-अज्ञात शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों की याद में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही है। यह दिन 1857 में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक अमर शहीद राव तुलाराम की शहादत पर मनाया जाता

## कैंची की खिचिक-खिचिक

**डॉ. सुरेश कुमार**

**सिनेमा** निर्माता साहब बड़े मायूस है। बड़ी मुश्किल से एक फिल्म बनाई। सोचा खूब कमायेंगे। बॉयकॉट चलन के चलते उन्हें कुछ सूझ नहीं रहा था। वे बड़े परेशान थे। माथे पर हाथ धरे निर्देशक की प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रशंसा पाने के लिए बिन बुलाए दौड़ने वाले डाँट-फटकार के समय न जाने कहाँ गायब हो जाते हैं। बहुत बुलाने पर डरते-डरते निर्देशक ने निमार्ता का सामना किया। निमार्ता ने आव देखा न ताव अपनी भड़ास उतारते हुए कहा, क्यों रे निर्देशक के बच्चे! कहता था युवाओं पर फिल्म बनाओ। तेरा कहना मानकर युवाओं पर फिल्म बनाई। नाम भी रखा झ छोरा-छोरी बड़े मनमौजी। इधर सिनेमा का पोस्टर लगने कि देरी थी उधर कॉलेज के लड़कों ने फाड़-फाड़कर उसका कचूमर बना दिया। अब वे हमें ढूँढ़ रहे हैं। निमार्ता-निर्देशक के डाउन-डाउन के नारे लगाए जा रहे हैं। एक बार हम उन्हें मिल जाएँ तो अपने हाथों की खुजली मिटाने में देर नहीं लगायेंगे। निर्देशक ने कहा, निर्माता साहब आप बेवजह इतना घबरा रहे हैं। ये कॉलेज के छात्र दो तरह के होते हैं। एक वे जो खुद से दंगा करते हैं और दूसरे वो जो दूसरों के भड़काने पर करते हैं। दंगा दोनों में होता है बस पढ़ाई कहीं नहीं होती।

इसलिए फिल्म देखने वे जरूर आयेंगे। ये ऊपर से कुछ और भीतर से कुछ होते हैं। निमार्ता ने कहा, सिनेमा में कहानी के सिवाय सब कुछ है। यहाँ तक कि रील से लेकर रियल तक केवल अश्लीलता ही अश्लीलता है। अब ऐसे में फिल्म बैन करने की माँग नहीं करेंगे तो हमारे मंदिर बनायेंगे। सिनेमा का नाम जो है सो है। ऊपर से कैप्शन रखा झ छोड़ पढ़ाई करता है जी। ऐसे कैप्शन के चलते बच्चों के माता-पिता हमारी खातिरदारी करने के लिए चौका-बेलन लिए जहाँ-तहाँ खड़े हैं। निर्देशक ने कहा कि फिल्म अभी रिलीज भी नहीं हुई तो यह हाल है, सोचो रिलीज हो जाएगी तो कितना कमायेंगे। मुफ्त का प्रचार। हम यही तो चाहते हैं। कैसा प्रचार काहे का प्रचार? पुलिस ने तबियत से हमारी पूछताछ की है। चार घंटे में तो वे हमारा सिनेमा दो बार देख लेते। किंतु उन्होंने यह कहते हुए मेरा प्रस्ताव ठुकरा दिया कि सिनेमा वाले रील के लिए ड्रामा करते हैं, जबकि पुलिस वाले रियल के लिए। इसलिए उनके लिए फिल्म में कुछ खास मजा नहीं होता, निमार्ता ने कहा। इस पर निर्देशक ने कहा, यह तो बहुत अच्छी बात है। जो लोग इसका विरोध कर रहे हैं, वे अश्लीलता भड़ासुओं को देखने के लिए मजबूर कर रहे हैं। आज अच्छाई देखने का जमाना लद चुका है। हर जगह बुराई का बोलबाला है।

## न्यूज फ्लैश

### हर हित योजना युवाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में बड़ा कदमः हरविन्द्र कल्याण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। घरौंडा शहर** में फुरलक रोड पर स्थापित हर हित स्टोर का विधायक हरविंद्र कल्याण ने रिबन काटकर उद्घाटन किया। इसी दौरान न्यू स्टिचिंग स्टूडियो का भी शुभारंभ किया। हरियाणा सरकार की योजना के तहत आम आदमी के लिए हर हित स्टोर पर सबसे सस्ता सामान आम आदमी के लिए उपलब्ध होगा। विधायक ने कहा कि हरियाणा सरकार की हर हित योजना युवाओं को स्वरोजगार की राह पर आगे बढ़ाते हुए उन्हें स्वावलंबी बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। यह योजना हरियाणा सरकार की एक ऐसी अनूठी पहल है, जिसके माध्यम से राज्य में उद्यमिता को बढ़ावा देने, रोजगार के अवसर पैदा करने और उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की उपलब्धता गांव व शहर में कराना है। हर-हित योजना के तहत गांव व शहरों में हर-हित रिटेल स्टोर खोले जा रहे हैं। युवाओं को सरकार की इस योजना का लाभ लेकर खुद का व्यावसाय स्थापित करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे युवा ना केवल स्वयं का कारोबार करेंगे बल्कि अन्य युवाओं को भी रोजगार दे पाएंगे। विधायक कल्याण ने कहा कि सरकार द्वारा इस योजना के संचालन का मुख्य उद्देश्य युवा उद्यमियों को बढ़ावा देना है। इससे युवा अपना बेहतर व्यवसाय स्थापित कर सकेंगे, इसके लिए उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। सरकार युवाओं को जीरो रॉयल्टी और जीरो फ्रैंचायजी फीस के आधार पर हर हित स्टोर खोलने की अनुमति दे रही है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(कमाल हुसैन)
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# धान खरीद शुरू होने से पहले मंडियों में दुरुस्त हों सारी व्यवस्थाः अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। धान खरीद का** सीजन शुरू होने से पहले डीसी अनीश यादव ने शुक्रवार को अलग-अलग विभाग के अधिकारियों की लघु सचिवालय स्थित सभागार में बैठक ली। इस दौरान उन्होंने धान खरीद से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला की सभी अनाज मंडियों में व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। खरीद के दौरान किसानों को किसी तरह की कोई परेशानी न आने दी जाए। बैठक के दौरान डीसी अनीश यादव ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे स्वयं मंडियों का दौरा करें और मार्केट कमेटी सचिवों व आढ़तियों के साथ बैठक करें। उन्होंने कहा कि मंडियों में लगे सीसीटीवी की पहले से जांच कर लें, जहां-जहां कैमरे खराब पड़े हैं, उन्हें



तत्काल ठीक करवाया जाए। डीसी अनीश यादव ने कहा कि सभी मंडियों के एंट्री व एक्जिट गेट पर लगे सीसीटीवी के विजुअल का एक्सेस डीसी दफ्तर में दिया जाए ताकि माइक्रो मॉनिटरिंग की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि मंडियों में व्यवस्था बनाए रखने के लिए धान की समय पर लिफ्टिंग जरूरी है, ट्रांसपोरटर्स के माध्यम से होने वाले इस कार्य पर भी नजर बनाए रखें।

**मंडियों की कराई जाए सफाई**

डीसी अनीश यादव ने कहा कि धान खरीद शुरू होने से पहले मंडियों की जल्द से जल्द सफाई करवाई जाए। इसके अतिरिक्त मंडियों में पीने के पानी की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि मंडी में जो भी सार्वजनिक शौचालय बने हुए हैं उनकी साफ-सफाई व मरम्मत की आवश्यकता है तो उसका काम शीघ्र अति शीघ्र पूरा कर लिया जाए। उन्होंने बारदाने की व्यवस्था के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**किसानों को गेट पास में न आए कोई दिक्कत**

डीसी ने कहा कि किसानों को मंडी के गेट पास में किसी तरह की कोई परेशानी न आए। इसके लिए मार्केट कमेटी सचिव पहले से अपनी व्यवस्था कर लें। सरकार की हिदायतों के अनुसार समय पर किसानों को गेट पास वितरित किया जाए। उन्होंने पुलिस विभाग को दूसरे राज्यों से लगती सीमाओं पर नाके लगाने के निर्देश दिए ताकि दूसरे राज्यों की धान मंडी में बिक्री के लिए न आ सके।

**पराली प्रबंधन के लिए कार्य करे कृषि विभाग**

अनीश यादव ने कहा कि जैसे ही फसल कटाई शुरू होगी, ऐसे में पराली जलाने की घटनाएं भी सामने आएंगी। इन घटनाओं पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए कृषि विभाग जिम्मेदारी से कार्य करे। पराली प्रबंधन के लिए गांव स्तर पर बनाई गई टीम निरंतर गांवों का दौरा करे और इन घटनाओं को रोकने का प्रयास करे।

इस बैठक के दौरान एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, एसडीएम असंध वीरेंद्र सिंह ढुल, एसडीएम घरौंडा अदिति, एसडीएम इंद्री अशोक कुमार, सीटीएम अमन कुमार, कृषि विभाग के उपनिदेशक वजीर सिंह, डीआरओ श्याम लाल, डीएफएससी अनिल कालड़ा, सभी मार्केट कमेटी सचिव व खरीद एजेंसियों से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

## छीना झपटी की वारदात को अंजाम देने वाला काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। सीआईए वन** की टीम द्वारा छीना झपटी की वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपी बबलू उर्फ पवन पुत्र अशोक कुमार वासी वार्ड नंबर 8 डोडवा थाना तरावड़ी को विश्वसनीय सूचना पर जीटी रोड टी-प्वॉइंट पुल के नीचे तरावड़ी से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से छीना गया एक मोबाइल फोन व वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। पुलिस जांच में पाया गया कि शिकायतकर्ता निशा वासी वार्ड नंबर 9 तरावड़ी 3 सितंबर को शाम के समय अपने घर के बाहर टहल रही थी, तभी अज्ञात युवक जो कि मोटरसाइकिल पर पीछे से आता हुआ उसका मोबाइल फोन छीन कर भाग गया। इस संबंध में शिकायतकर्ता द्वारा थाना तरावड़ी में भादंस की धारा 379ए के तहत मामला दर्ज करवाया गया था। पुलिस टीम द्वारा की गई पूछताछ में पाया गया कि आरोपी नशा करने का आदी है और नशापूर्ति के लिए आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## रिमोट सेंसिग पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ संपन्न

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। चौधरी चरण** सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी एवं एचआईआरडी नीलाखेड़ी के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को रिमोट सेंसिग एवं जीआईएस का कृषि विकास में प्रयोग विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन समारोह में नीलोखेड़ी नागरिक अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वंदना अग्रवाल ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युग सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी का युग है। रिमोट सेंसिग तकनीक के माध्यम से कृषि क्षेत्र में विकास



को और भी अधिक गति मिली है। उन्होंने कृषि अधिकारियों से इन तकनीकों को किसानों तक पंहुचाने का आह्वान किया। विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी के क्षेत्रीय निदेशक डा. संजय कुमार ने कहा कि यह संस्थान वाईस-चांसलर प्रोफेसर बी. आर. कांबोज, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नेतृत्व में उत्तर भारत के 8 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि, उद्यान, पशु-पालन, मत्स्य पालन, वानिकी, महिला एवं बाल विकास विभागों के विज्ञानिकों एवं विस्तार अधिकारियों को प्रशिक्षण देने का काम कर रहा है। हर तरह का वित्तीय सहयोग देने के लिए विस्तार निदेशालय, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की भी सराहना की। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डा. बलवान सिंह मंडल का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कृषि अधिकारियों से मिलेट्स का उत्पादन बढ़ाने, उन्नत तकनीक, उच्च श्रेणी के बीज और सीड बैंक बनाने के बारे में अनुरोध किया। कार्यक्रम की संयोजिका डा. जसविंद्र कौर ने बताया कि प्रशिक्षण में उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश एवं जम्मू-कश्मीर के कृषि विज्ञान केंद्रों के विज्ञानिकों एवं विस्तार अधिकारियों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया है। इस दौरान सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## 'योग से बढ़ती है शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। योग गुरु दिनेश** गुलाटी के नेतृत्व में मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत पार्क एनक्लेव, पार्क नंबर 2, सेक्टर 13 में एक योग शिविर का शुभारंभ किया जा रहा है। दिनेश गुलाटी ने बताया कि सेक्टर 13 निवासियों के आग्रह पर एक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें पार्क के आसपास के बहुत से लोगों ने भाग लिया और यहां योग के लिए बहुत उत्साहित दिखे। उन्होंने कहा कि भारत के हर व्यक्ति को स्वस्थ रखने के मिशन के अंतर्गत आठ दिवसीय विशेष योग शिविर का आयोजन 23 से 30 सितंबर तक होगा,



जिसमें योग प्राणायाम की सभी विधाओं का विधिपूर्वक और कुशलतापूर्वक अभ्यास करवाया जाएगा। शिविर में शरीर में होने वाले विभिन्न प्रकार के रोगों जैसे ब्लड प्रेशर, शुगर, सर्वाइकल, घुटनों में दर्द, माइग्रेन, सायटिका आदि रोगों के उपचार अनुसार विभिन्न योग क्रियाऐं करवाई जायेगी। दिनेश गुलाटी ने कहा कि योग द्वारा शरीर को संपूर्ण रूप से स्वस्थ रखा जा सकता है यदि नियमित रूप से योग किया जाए तो छोटी-छोटी बीमारियों के लिए डॉक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि हमारा शरीर स्वयं ही उन बीमारियों को दूर करने में सक्षम है। योग से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

## भाभी ने ननद पर किया चाकू से हमला

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। कस्बा असंध में भाभी ने ननद** पर चाकू से हमला बोल दिया। हमले में ननद को ज्यादा चोट आई तो आरोपी महिला ने कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालांकि आरोपी महिला की हालत ठीक बताई जा रही है। पीड़िता ने पुलिस को शिकायत देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता अपने परिवार समेत मायके में रह रही है। कस्बा असंध के वार्ड-12 निवासी हरप्रीत कौर ने बताया कि वह अपने मायके असंध में रह रही है। वह रात साढ़े 8 बजे खाना बना रही थी। इसी बीच उसकी भाभी किरनदीप आई और चाकू से अचानक हमला बोल दिया।

## लाल डोरा मुक्त हुए गांवों में डीड रजिस्ट्रेशन के कार्य में लाएं तेजी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। हरियाणा के मुख्य** सचिव संजीव कौशल ने शुक्रवार को चंडीगढ़ से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना को लेकर उपायुक्तों के साथ समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाल डोरा मुक्त हुए गांवों में डीड रजिस्ट्रेशन के कार्य में तेजी लाएं तथा समय निर्धारित करके कार्य को पूरा करवाएं। वीसी में उन्होंने करनाल प्रशासन द्वारा किये गए कार्य की सहराना की। इस मौके पर अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व विभाग) टीवीएसएन प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी स्कीम में सभी गांव और शहर के कुछ भागों को लाल डोरा से मुक्त करने के लिए क्रांतिकारी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना के कार्य को जल्द से जल्द हर हाल में मुकम्मल करना है, लापरवाही न बरतें। किसी की कोई दिक्कत आ रही हैं तो उसे बताएं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन प्लॉट व मकान की प्रोपर्टी आईडी बन गई है, उनके प्रोपर्टी कार्ड के वितरण के कार्य को भी शीघ्रता से पूरा करें ताकि डीड रजिस्ट्रेशन के लिए आगे आ सके। उन्होंने कहा कि लाल डोरा से बाहर के क्षेत्र का भी सर्वे किया जाना है।

इसके लिए प्रत्येक जिला से 5-5 गांव को चिन्हित कर लें और उसकी सूची सर्वे ऑफ इंडिया की वेबसाईट पर अपलोड करवा दें।

**जिला में डीड रजिस्ट्रेशन का कार्य सुचारू रूप से जारी : अनीश यादव**

वीसी में उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत जिला में रजिस्ट्रेशन का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। अब तक 1 लाख 77 हजार 36 प्रोपर्टी कार्ड बनाए गए हैं और डीड रजिस्ट्रेशन का कार्य जारी है जिसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

## सेक्टर 16 में वाल्मीकि कॉलोनी के निर्माण कार्य का लिया जायजा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। स्वच्छ भारत** मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि सेक्टर 16 में अब तक 238 मकान अलॉट हो चुके हैं और 125 के करीब परिवार शिफ्ट हो गए है। कुछ मकान बन रहे है कुछ अभी बनाने जा रहे हैं, जल्द ही सभी परिवार यहां रहना शुरू कर देंगे। शुक्रवार को सेक्टर 16 में वाल्मीकि कॉलोनी के निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए उन्होंने यह बात कही। इस अवसर पर उनके साथ समाज के प्रमुख व्यक्तियों के अलावा हुड्डा के अधिकारी भी मौजूद रहे। निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने अधिकारियों को कॉलोनी में सीवरेज, पानी के साथ



पार्क व अन्य सुविधाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने वाल्मीकि समाज के लोगों से भी जल्द अपने मकानों का निर्माण करने और यहां रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि 70 सालों की समस्या का मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपनी सूझबूझ और दृढ़ इच्छाशक्ति से स्थाई समाधान कर दिखाया,जो एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि समाज की यह समस्या बहुत समय से लंबित थी वर्तमान सरकार की बदौलत लोगों के अपने घर का सपना साकार हो रहा है। जबकि पिछली सरकारों ने इस मामले को लटकाए रखा और केवल अपने वोट बैंक के लिए इस्तेमाल किया।

उनके पुनर्वास के लिए पिछली सरकारों ने कभी ठोस प्रयास नहीं किया यही कारण रहा कि समय के साथ इस समुदाय के लोगों पर विस्थापित होने की तलवार लटक गई थी। वर्तमान सरकार ने उनकी पीड़ा को समझते हुए उन्हें बेहतर वातावरण देने का प्रयास किया और उसी का सुखद परिणाम है कि यह लोग अवैध बस्ती से आज सेक्टर जैसे पॉश एरिया में रह रहे हैं।

## मेयर ने वार्ड 13 में सीवर लाईन डाले जाने के कार्य का किया शुभारम्भ

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। महापौर रेनू** बाला गुप्ता ने शुक्रवार को वार्ड नम्बर 13 की जवाहर मार्किट क्षेत्र में सीवर लाईन डाले जाने के कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद ईश गुलाटी व जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग डिविजन-2 के इंजीनियर मौजूद रहे। रेनू बाला गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार सीवरेज व वाटर सप्लाई प्रोवाईडिंग के काम जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से करवाए जाने हैं। इसके तहत डिविजन-2 की ओर से शहर के 9 वार्डों में नई सीवर लाईन डाली जानी है। इस कार्य के लिए इनके इंजीनियरों की ओर से पहले सर्वे का कार्य पूरा किया गया। उसके बाद अनुमान तैयार कर, इसे करवाने के



लिए निविदाएं आमंत्रित की गई। उन्होंने बताया कि वार्ड नम्बर 15 व 16 में इन कार्यों की शुरूआत पहले ही हो चुकी है और शुक्रवार से वार्ड 13 में करीब 2100 मीटर नई सीवर लाईन डाले के कार्य की शुरूआत की गई है। यह सीवर लाईन जवाहर मार्किट, बकरा मार्किट व मोची मौहल्ला क्षेत्र में डाली जाएगी। मेयर ने बताया कि इन क्षेत्रों में सीवरेज के लिकेज होने की समस्या पिछले कुछ समय से बनी हुई थी। कई बार पीने के पानी में मिक्सिंग होने की समस्या भी सामने आती थी। लेकिन इसे ठीक करने के लिए नगर निगम द्वारा निरंतर मेन्टेनेंस कार्य करवाए जा रहे थे, परंतु इस समस्या का पूर्ण समाधान करवाना आवश्यक था, जो अब होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि वार्ड पार्षद की ओर से भी इस समस्या के समाधान के लिए प्रयास किए जा रहे थे, जो सफल हुए हैं।

इन 9 वार्डों में डलेगी सीवर लाईन- महापौर ने बताया कि जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से शहर के वार्ड नम्बर 4, 7, 12, 13, 14, 15, 16, 18 व वार्ड 19 में नई सीवर लाईन डाली जानी है। इस कार्य में कुल 17 किलोमीटर पाईप लाईन डाली जाएगी। इसके लिए विभाग की ओर से अनुमानित साढे 7 करोड़ रुपये का अनुमान तैयार किया गया है। नागरिकों को सम्बोधित करते बताया कि हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी करनाल के हर क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं जैसे सडकें, स्वच्छ पेयजल, सीवर लाईने व बरसाती पानी की निकासी के सुदृढ़ीकरण इत्यादि कार्यों को करवा रहे हैं, ताकि शहर वासियों को इन सुविधाओं से लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में जहां, जिन विकास कार्यों की जरूरत है, वह करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। मेयर ने कहा कि इन सभी विकासात्मक कार्यों से लोगों के रहन-सहन के साथ-साथ उनका जीवन स्तर भी बेहतर हुआ है। उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग के इंजीनियरों व निर्माण एजेंसी के इंजीनियरों को निर्देश दिए कि गलियों की खुदाई का कार्य सही तरीके से करवाएं, ताकि नागरिकों के आने-जाने का रास्ता बना रहा और उन्हें परेशानी न हो। वार्ड निवासियों की ओर से महापौर रेनू बाला गुप्ता का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। वार्ड में पधारने पर स्वागत किया और उनके वार्ड में निरंतर विकास कार्य करवाने को लेकर हरियाणा सरकार व महापौर का धन्यवाद किया। इस अवसर पर मुकेश गहलोत, इंदर गहलोत, अनिल, राकेश, कर्ण, सिब्बु चहल, सुभाष व पंकज सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व महिलाएं शामिल रहीं।

# जिला अस्पताल की भीड़ करती है गांवों में इलाज न मिलने की चुगली

**निर्देश**

**8 -जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीएम ने गांवों में हालात सुधारने के दिये निर्देश**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
शहर के सरकारी अस्पतालों में भीड़ का दबाव इस बात की चुगली करता है कि गांवों में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति ठीक नहीं है। डीएम ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित स्वास्थ्य केन्द्रों के अपग्रेडेशन से जिला चिकित्सालय आने वाले मरीजों की संख्या में कमी आएगी।
जिसका परिणाम यह होगा कि चिकित्सालय में भी मरीजों को अपेक्षाकृत बेहतर इलाज मुहैया हो सकेगा। आगामी बैठक में निर्धारित प्रारूप पर तुलनात्मक डाटा प्रस्तुत करें। सीएमओ को निर्देशित किया गया कि विगत माह में सबसे खराब प्रगति वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को परफार्मेंस रिपोर्ट के साथ चेतावनी पत्र तथा अच्छी प्रगति हासिल करने वाले तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का उल्लेख बैठक की कार्यवृत्ति में किया जाए। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा को निर्देश दिये कि मरीजों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराए। जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर पर्याप्त साफ सफाई, रंग रोगन, बिजली, पंखे, फर्नीचर, दरवाजों एवं खिड़कियों की आवश्यक मरम्मत कराना सुनिश्चित करे। अस्पतालों में आने वाले मरीजों एवं उनके साथ आने वाले तीमारदारों के बैठने, पेयजल एवं प्रसाधन के बेहतर से बेहतर प्रबन्ध किए जाए। डीएम ने निर्देश दिये कि जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों पर मानक के अनुसार चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टाफ, दवाओं, उपकरण इत्यादि का समुचित प्रबंधन कर अपग्रेड किया जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अपने घर के आस पास ही बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलने लगे।

## मेरी माटी मेरा देश के तहत पटलौनी में निकाली गई रैली



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बलदेव के ग्राम पटलौनी में ग्राम प्रधान चौधरी लाखन सिंह के नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश के तहत मटका और तिरंगा झंडा लेकर रैली निकाली गई जिसमें ग्राम की महिलाओं पुरुषों तथा बच्चों ने भाग लिया। ग्राम की महिलाओं ने अपने सिर पर मटका रख कर ग्राम में प्रत्येक घर से एक मुठ्ठी चावल और एक मुठ्ठी मिट्टी ग्रामवासियों द्वारा दी गईद्य ग्राम प्रधान ने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार आजादी की 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव के तहत यह कार्यक्रम किया गया है और देश अमर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया और ग्राम वासियों के अंदर एक जोश के साथ देश के प्रति सदा सच्ची भावना से सेवा करने की भावना प्रेरित की गई। इस मौके पर उपज जिलाध्यक्ष अतुल कुमार जिंदल ग्राम सेवक संजय चौधरी,ग्राम सचिव जितेंद्र सिंह आशा संगीता देवी केयर टेकर यशोदा दुर्गा प्रसाद गौतम ऋषि उपाध्याय राशन डीलर रवि कुमार पुषेंद्र चौधरी एवं ग्रामवासी आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### उद्योग बंधू बैठक में कोसीकला के व्यापारियों ने उठाई अपनी बात

**– व्यापारियों ने डीएम के सामने रखी समस्या, मिला आश्वासन**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कलेक्ट्रेट सभागार में हुई उद्योग बंधु की बैठक में जिलाधिकारी के सामने कोसीकला के व्यापारियों ने भी अपनी बात रखी। कोसीकला से आये व्यापारियों ने कहा कि शहर में हरियाणा पुलिस द्वारा कैमिस्टों पर अनावश्यक दबाव बनाकर वसूली करने के प्रयास किये जाते हैं। यह मुददा व्यापारी कई बार उठाते रहे हैं लेकिन प्रभावी कार्यवाही नहीं होती है। व्यापारियों ने जिलाधिकारी के समक्ष इस समस्या को रखा और कई घटनाओं का जिक्र कर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने मामले की जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया है। जिला उद्योग बंधू बैठक में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अंकित मालवीय एवं मंत्री मनीष डीएम के सामने उस प्रकरण को भी रखा जिसमें पिछले दिनों दवा व्यापारी से हरियाणा पुलिस द्वारा अभद्रता कर दो लाख रुपये ऐंठने का प्रयास किया था। इस मामले को लेकर व्यापारियों ने जोर शोर से विरोध दर्ज कराया और कार्रवाई की मांग की है। औषधि निरीक्षक के साथ बैठक में भी यह मामला उठाया गया था। अब यह मामला जिलाधिकारी के साथ उद्योग बंधू बैठक में मामला उठाया। मनीष अग्रवाल एलआई ने बताया कि जिलाधिकारी ने उन्हें पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया है।

### बदहाली पर जनता जता रही नाराजगी, किया प्रदर्शन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
नगर निगम के वार्ड संख्या 34 में अव्यवस्थाएं पूरी तरह हावी है। कहीं जर्जर सड़के अपनी बदहाली पर आंसू बहाने पर मजबूर है। तो कही महीनों से नालियों में भरी सिल्ट उठने का इंतजार कर रही है। इतना ही बल्कि महीनो से पीने का पानी न मिलने के कारण क्षेत्रीय जनता को भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। जिससे गुस्साए गोविंद कुंड टीला क्षेत्र में रहने वाले लोगो ने नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। गुस्साए लोगो का कहना है, कि क्षेत्र में समस्याओं का अंबार है। कहीं सड़के टूटी हुई है तो कही नालियों से सिल्ट न उठने के कारण नालियों का पानी सड़को पर बह रहा है, जिसके कारण छोटे बड़े बच्चे व बुजुर्ग बीमारी हो रहे है। इतना ही नहीं बल्कि कई महीनों से क्षेत्र में पानी की भारी किल्लत के कारण महिलाओ को इधर उधर से पानी लाना पड़ रहा है। जिसके कारण लोगो में भारी आक्रोश है। आक्रोशित लोगो का कहना था कि कई क्षेत्रीय पार्षद से भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन पार्षद का भी इस ओर कोई ध्यान नहीं है। कहना था कि अगर जल्द ही समस्या का निदान नही हुआ तो क्षेत्रीय जनता आंदोलन को बाध्य होगी।

### साधुवेष धारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
धार्मिक नगरी में मामूली विवाद के चलते वृद्ध को पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आगरा में उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई है। पुलिस ने शक के आधार पर एक युवक को हिरासत में ले लिया है। यह सनसनीखेज मामला नगर के लाला बाबू मंदिर के समीप का बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक मंदिर के समीप एक साधुवेष धारी वृद्ध काफी समय से रह रहा था। सोमवार की रात एक युवक बाबा के पास सट्टे का नम्बर पूछने आया। बाबा के मना करने पर गुस्साए युवक ने थोड़ी देर बाद बाबा पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। बाबा की चीख सुनकर कुछ लोग मौके पर पहुंच गए और उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां हालत बिगड़ने पर वृद्ध को आगरा रैफर कर दिया गया। जिसकी मंगलवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। इस घटना की सूचना लगने पर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी। और मौके से आग लगने के साक्ष्य इकट्ठे किए। मृतक की पहचान कृष्ण चंद्र देवनाथ पुत्र नरेंद्र मोहन देवनाथ निवासी हावड़ा वेस्ट पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है। जिसे स्थानीय लोग ठोकू बाबा के नाम से जानते थे।

### चार दिवसीय प्रवास पर लखनऊ पहुंचे सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉक्टर मोहन भागवत चार दिवसीय प्रवास पर राजधानी लखनऊ पहुंच चुके हैं। शुक्रवार पूर्वाह्न चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशल और प्रांत कार्यकारिणी सदस्य प्रशांत भाटिया ने सरसंघचालक की अगवानी की।

## धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के किस बयान का मथुरा में हो रहा विरोध!

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बागेश्वर धाम महाराज धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के वृंदावन में दिये गये बयान पर विरोध शुरू हो गया है। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बुधवार को वृंदावन में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने आये थे। इसी दौरान उन्होंने ऐसी बात कह दी जिसका अब मथुरा में एक वर्ग द्वारा विरोध किया जा रहा है। लंकेश भक्त मंडल की आपातकालीन बैठक गोविंद नगर स्थित सारस्वत धर्मशाला में हुई। इसमें बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री ने रावण पर जाति को लेकर की गई टिप्पणी का घोर विरोध किया गया। इस मामले मानहानि का वाद दाखिल करने का निर्णय लिया गया है। लंकेश भक्त मंडल की आपातकालीन बैठक गोविंद नगर स्थित सारस्वत धर्मशाला में हुई। इसमें बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री ने रावण पर जाति को लेकर की गई टिप्पणी का घोर विरोध किया गया। इस मामले में मानहानि का वाद दाखिल करने का निर्णय लिया गया है। लंकेश भक्त मंडल के संयोजक ओमवीर सारस्वत एडवोकेट ने कहा, बागेश्वर धाम के नाम से कुछ दिनों से चर्चा में आए धीरेन्द्र शास्त्री अपना मानसिक संतुलन खो बैठे है। उन्होंने रावण को सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य की जाति का बता दिया है। ओमवीर सारस्वत ने कहा कि धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री लाखों रुपये लेकर प्रवचन करते हैं। ऐसे व्यक्ति कभी भगवान के भक्त और संत नहीं हो सकते। ऋषि कुल में जन्मे प्रकांड विद्वान रावण का अपमान सहन नहीं किया जाएगा। संजय सारस्वत एड.ने कहा कि धर्म के नाम पर विद्वान रावण को अपमानित नहीं किया जा सकता। बैठक में ओमवीर सारस्वत ने कहा, धीरेंद्र शास्त्री धर्म के व्यवसाई है। दस से पंद्रह लाख रुपए लेकर प्रवचन करते हैं। ऐसे व्यक्ति कभी भगवान के भक्त अथवा संत नहीं हो सकते है। बैठक के दौरान कुलदीप अवस्थी, हरिश्चंद्र सारस्वत,कैप्टन के पी सारस्वत, फौजी सुरेश सारस्वत,ब्रजेश सारस्वत एडवोकेट,दीपक सारस्वत, के के पचौरी, गजेंद्र सारस्वत, राकेश सारस्वत आदि उपस्थित रहे।

## कानपुर में कलयुगी बाप ने दुधमुंही बेटी का गला घोंटकर मार डाला

**कानपुर/टीम एक्शन इंडिया**
सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के तुलसियापुर ग्राम में गुरुवार की देर रात को एक युवक ने अपनी दुधमुंही बेटी की गला घोटकर हत्या कर दी। शुक्रवार की सुबह घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दक्षिण अंकिता शर्मा ने बताया कि मैनपुरी जनपद के बेवर थाना क्षेत्र के विलपुर खास गांव निवासी राजीव राजपूत, पत्नी नेहा और दो बच्चे पांच वर्षीय बेटा, डेढ़ वर्षीय बेटी और मां, भाई के साथ तुलसिया पुर गांव निवासी कैलाश के यहां किराए का कमरा लेकर बीते कुछ वर्ष से रह रहा है।
पत्नी ने बताया कि गुरुवार की रात घर के सभी सदस्य छत पर सो रहे थे।

## मोबाइल लुटेरे से पुलिस की मुठभेड़

**घेराबंदी**

**8 मुखबिर की सुराग देही पर पुलिस ने पानी गांव मार्ग पर पंकज की घेराबंदी कर ली।**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृंदावन पुलिस और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की देर रात एक मोबाइल लुटेरे से मुठभेड़ हुई। पैर में पुलिस की गोली लगने से मोबाइल लूट का आरोपी घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मई के महीने में श्रद्धालु महिला के साथ मोबाइल लूट की घटना हुई थी। इसी मामले में फरार चल रहे पंकज पुत्र गुलाब सिंह निवासी भरतपुर के वृंदावन आने की सूचना पर कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में एसओजी टीम ने युवक की तलाश शुरू कर दी। मुखबिर की सुरागदेही पर पुलिस ने पानी गांव मार्ग पर पंकज की घेराबंदी कर ली। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पंकज के पैर में गोली लग गई। पुलिस द्वारा उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी सिटी मार्तंड प्रकाश सिंह ने बताया कि युवक पर चार मुकदमे दर्ज हैं। इसकी क्रिमिनल हिस्ट्री के लिए भरतपुर पुलिस से संपर्क किया जा रहा है। वह राजस्थान के भरतपुर से आकर मथुरा वृंदावन में लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देता था। 50 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे देखने के बाद बदमाश की पहचान भरतपुर के पंकज के रूप में हुई थी। पुलिस पंकज की पिछले चार महीने से तलाश कर रही थी। टीम बदमाश की तलाश में मथुरा रोड पर मौजूद थी। उसी दौरान पंकज बाइक से आता हुआ दिखाई दिया। जिसे रुकने का इशारा किया लेकिन वह रुका नहीं और भागने लगा। एसपी सिटी मार्तंड प्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपी पंकज शातिर लुटेरा है। यह भरतपुर से आकर मथुरा में वारदात किया करता था। इस पर अभी तक तीन मुकदमे सामने आए हैं। मामलों की जानकारी की जा रही है। फिलहाल आरोपी को इलाज के लिए भर्ती करा दिया है।

## किसान संगठनों ने शुरू की 'लम्बी रार' की तैयारी

**ज्ञापन सौंपा**

**8 -23 नहीं अब 27 को राजीव भवन पर जुटेंगे किसान -प्रदेशभर में आंदोलन को ले जाने की तैयारी में संगठन**




**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
किसान संगठनों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर एक बार फिर सीडीओ प्रकरण में ज्ञापन सौंपा। किसान संगठनों को सामाजिक और राजनीतिक संगठनों का भी साथ मिला है। षुक्रवार को समता फाउंडेषन, सपा पिछड़ा प्रकोष्ठ ने भी किसानों के समर्थन में ज्ञापन पत्र सौंपे। किसानों की मांग है कि सीडीओ अपनी टिप्पणी वापस लें और किसानों के बीच पहुंच कर कथनी पर खेद व्यक्त करें। ऐसा नहीं होने की स्थिति में 27 सितम्बर को राजीव भवन पर पुरजोर ताकत से प्रदर्षन किया जाएगा। भाकियू अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष सोनवीर प्रधान, भाकियू टिकैत के वरिष्ठ नेता गजेंद्र सिंह गावर, भाकियू टिकैत महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी ने संयुक्तरूप से कहाकि 20 सितम्बर को किसान दिवस में सीडीओ ने किसानों से जो अभद्र टिप्पणी की है जिसकी हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं अगर मुख्य विकास अधिकारी अपनी अभद्र टिप्पणी पर खेद व्यक्त नहीं करते हैं तो मथुरा जनपद की हर तहसील और हर ब्लॉक में धरना प्रदर्शन किए जाएंगे। षनिवार को प्रस्तावित धरना प्रदर्षन को राधा अष्टमी के पावन पर्व को देखते हुए स्थगित कर दिया है। पवन चतुर्वेदी ने बताया कि अगर बात नहीं बनती हैं तो 27 सितंबर को सुबह 10 बजे राजीव भवन में तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी तैयारी में किसान संगठन जुट गए हैं। 27 सितंबर के प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए गांव गांव किसानों से संपर्क किया जा रहा है। हजारों की तादाद में किसान राजीव भवन पहुंचेंगे। मांग पूरी नहीं होने तक आंदोलन चलता रहेगा। देश के अन्नदाताओं का अपमान किया है किसान चुप बैठने वाला नहीं है। 27 सितंबर तक किसानों के बीच में आकर सीडीओ ने खेद व्यक्त नहीं किया तो यह आंदोलन पूरे उत्तर प्रदेश में होगा। जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस मौके पर प्रमुख से उदयवीर सरपंच, राजवीर नेता, समाजवादी पार्टी पिछड़ा प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी, अखिल भारतीय समता फाउंडेशन के अध्यक्ष लोकेश कुमार रही, वृंदावन नगर अध्यक्ष भगवान दास निषाद, विनोद निषाद, लुकुट बिहारी निषाद, भूरा पहलवान, मुकेश चौधरी सहित दर्जनों किसान नेता मौजूद थे ।

## लखनऊ से मथुरा पहुंची विद्युत विभाग की टीम

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बिजली विभाग के लखनऊ मुख्यालय से अधिकारियों और इंजीनियरों की टीम ने मथुरा में दस्तक दे दी है। टीम विद्युत विभाग के वर्तमान में चल रहे हर घर दस्तक अभियान, फोन घुमाओ अभियान एवं अन्य कार्य का निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग करेगी। टीम यह टोह लेने की भी कोषिष करेगी कि विद्युत विभाग आपके द्वार अभियान के तहत सभ्ही काम कर रहा है अथवा नहीं। बताया जा रहा है कि इस दौरान टीम उपभोक्ताओं से भी संवाद स्थापित करने का प्रयास करेगी। विद्युत विभाग द्वारा छाता कस्बा के हरथिया थोक, बीच का थोक, शेरगढ़ रोड पर बिजली विभाग की टीम द्वारा बिजली बिल बकायेदारों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दस हजार से अधिक बकाया बिल पाए जाने पर उनका कनेक्शन काट दिया गया। केशव चौधरी ने बताया कि छाता कस्बे में इस समय दो हजार से ज्यादा कनेक्शन धारकों पर बकाया बिल चल रहा है।
उनके खिलाफ पिछले तीन दिन से चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है इस दौरान जिस किसी भी कनेक्शन धारक पर दस हजार से अधिक बकाया बिल मिलता है तो उसका कनेक्शन काट दिया जाता है इस दौरान आज कस्बे में 35 कनेक्शन काटे गए हैं। यह अभियान पिछली तीन दिनों से चलाया जा रहा है अब तक लगभग 100 बकायेदारों के कनेक्शन कटे हैं और यह आगे निरंतर चलता रहेगा। उन्होंने सभी बकायेदारों से बिजली बिल जमा करने की अपील की है।

## खाते से कटे हजारों रुपए, दी तहरीर

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना क्षेत्र के एक युवक के खाते से कटे फर्जी तरीके से हजारों रुपए का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर मदद की गुहार लगाई है। गांव पालखेड़ा निवासी हरिओम शर्मा ने बताया कि उनकी माता केला देवी का स्टेट बैंक में खाता हैं। जिससे वह फोन पे चला रहे थे। उनके पास एक अज्ञात नंबर से फोन आया और कहा कि मैं लाडो के घर से बोल रहा हूं मैं तुम्हारे खाते में कंपनी से छब्बीस हजार रुपये डाल रहा हूं। तुम मेरे पैसे वापस कर देना। फोन कटने के बाद खाता चेक किया तो उसमें से 25,998 रुपए व 299 रुपए दो बार में कट चुके थे। पैसे कटने के तुरंत बाद 1930 टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराई गई। वहीं अब पीड़ित ने मदद की गुहार लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

## पुलिस चौकी भवन का एडीजी आगरा जोन ने किया उद्घाटन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
शुक्रवार को कस्बा सौंख स्थित पुलिस चौकी के नवनिर्मित प्रभारी कार्यालय का उद्घाटन एडीजी जोन द्वारा किया गया। इस मौके पर आईजी तथा एसएसपी मथुरा के साथ साथ कस्बा के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। उच्चाधिकारियों ने यहां स्थानीय लोगों से जन संवाद भी किया।
कस्बा की पुलिस चौकी पर नए कार्यालय भवन की आवश्यकता काफी समय से महसूस की जा रही थी।
चौकी प्रभारी सौंख संदीप कुमार व एसओ मगोर्रा पुष्पेंद्र सिंह ने पिछले दिनों जन सहयोग से पुलिस चौकी परिसर में नए कार्यालय भवन का निर्माण कराया। शुक्रवार को एडीजी जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ ने आईजी दीपक कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा शैलेश पांडेय की मौजूदगी में नवनिर्मित कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। तदोपरांत तीनों उच्चाधिकारी जन संवाद कार्यक्रम में स्थानीय जनता से रूबरू हुए और उनकी शिकायतों को जाना। स्थानीय लोगों ने उच्चाधिकारियों को यूपी की सीमा के भीतर राजस्थान पुलिस चौकी बने होने की शिकायत की।
उच्चाधिकारियों ने इसका शीघ्र ही संज्ञान लेने का आश्वासन दिया। इस मौके पर एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ ने कहा कि स्थानीय जनता के मिले जनसहयोग से वह अभिभूत हैं। उन्होंने पुलिस का सहयोग करने के लिए स्थानीय लोगों की तारीफ की। आई जी आगरा दीपक कुमार ने कहा कि अपराध का सफाया करने के लिए पुलिस और बेहतर लोगों का समन्वय परम आवश्यक है।



## लाडली की जन्मोत्सव का साक्षी बनने जुटे लाखों श्रद्धालु

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
ब्रज में भाद्र मास का महत्व बहुत अधिक है। भाद्र मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी को श्री कृष्ण जन्म उत्सव मनाया जाता है और श्री कृष्ण जन्माष्टमी के ठीक 15 दिन बाद राधा रानी का प्राकट्योत्सव मनाया जाता है। मुख्य आयोजन बरसाना और रावल में होते हैं। जिसके दर्शनों के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। रावल और बरसाना को बेहद ही खूबसूरत तरीके से सजाया गया है। बरसाना में शनिवार की सुबह 1100 किलो पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। बताया जाता है कि बरसाना में आज जो हम श्रीराधारानी के विग्रह के दर्शन कर रहे हैं वह स्वयंभू है, यानी स्वयं प्रकट है।



श्रीविग्रह लाडिलेय लाल भगवान ने नारायण भट्ट को ब्रज के रहस्य और तीर्थों को उजागर किया। बताया जाता है कि सबसे प्रथम राधाकुण्ड में श्री राधा कुंड और श्याम कुंड को प्रकट किया था। वहीं बरसाना में श्रीजी (श्रीराधारानी) के दिव्य विग्रह को ब्रह्मांचल पर्वत पर और ऊंचा गांव में श्री रेवती रमण और श्री बलदेव जी के श्रीविग्रह को प्रकट किया। उन्हीं के द्वारा प्रकट व सेवित श्रीराधारानी के दिव्य विग्रह का अभिषेक कराया जाता है। आज भी नारायण भट्ट के अनुसार व परंपरा से सेवा पूजा होती चली आ रही है। जन्माभिषेक को देखने के लिए ब्रजवासी ही नहीं देश विदेश से लाखों श्रद्धा देर शाम तक पहुंच चुके थे। कई दिन पहले से ही बरसाना की धर्मशाला, रेस्टोरेंट के कमरे बुक हो गये थे। कई दिन पहले से ही ब्रज में श्री राम जन्मोत्सव की धूम दिखाई देने लगती है। श्रीराधारानी मंदिर में कई दिन पहले से ही समाज गायन शुरू हो गया था। श्रीजी मंदिर की कई दिन पहले से ही भव्य सजावट व बरसाना की गली गली की भव्य सजावट की गई थी। जगह जगह श्रद्धालुओं के लिए भंडारे व खाने पीने की व्यवस्था होने लगती है। पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था में अपनी पुरी तरह मुस्तैद रहा। पूरे बरसाना को राधाष्टमी पर कई जोन व सैक्टरों में बांट कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। जाम से श्रद्धालुओं को बचाने के लिए कई कई किलोमीटर दूर वाहनों को रोक दिया जाता है। बरसना में जगह जगह सेल्फी पॉइंट बनाए गए हैं। मुख्य मार्गों की झिलमिलाती लाइटों से सजावट की कई थी। श्री राधाष्टमी के बाद से ही बरसाना व बरसाना क्षेत्र में आठ दिन तक लगातार मेला लगता है। भिन्न लीलाओं का दर्शन होते हैं। जो द्वापर काल में भगवान श्री राधा कृष्ण ने की थीं। बरसाना मंदिर के पुजारी प्रवीण गोस्वामी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत रात 11 बजे से होगी। पहले गुरु परिवार आएगा जिन्हें फूलों की बरसात और शहनाई की मधुर ध्वनि के साथ मंदिर तक लाया जाएगा। यह गुरु परिवार नारायण भट्ट जी के वंशज हैं वह है।

## विधायक ने लाभार्थियों को बांटे आयुष्मान कार्ड

**सेवा पखवाड़ा**

**8 7 से 2 अक्टूबर तक सभी सीएचसी और हेल्थ एंड वेलनेस केन्द्रों पर सेवा पखवाड़ा चलाया जाएगा।**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कस्बा नौहझील स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक राजेश चौधरी ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए।इस दौरान बड़ी संख्या में लाभार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी।आयुष्मान कार्ड पाकर लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिले उठे। विधायक राजेश चौधरी ने कहा कि आयुष्मान भवः अभियान का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ कर दिया था। इस अभियान के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सभी सीएचसी और हेल्थ एंड वेलनेस केन्द्रों पर सेवा पखवाड़ा चलाया जाएगा। स्वास्थ्य मेले लगाकर आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिया जाएगा। परिवार के प्रत्येक सदस्य का आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा। परिवार में कम से कम छह सदस्य होने चाहिए। इसके लिए उन्हें गूगल प्ले स्टोर से आयुष्मान एप डाउनलोड करना होगा।

# साइक्लोथॉन यात्रा बनाएगी विश्व रिकार्ड:सुधा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि साइक्लोथॉन यात्रा के कारवां ने प्रदेश के लाखों लोगों तक मुख्यमंत्री मनोहर लाल का नशा मुक्त हरियाणा का संदेश पहुंचाकर विश्व रिकॉर्ड बनाने की तरफ अपना कदम बढ़ाया है। इस प्रदेश के इतिहास में शायद पहली मर्तबा किसी सामाजिक कुरीति के प्रति लगातार साइकिल पर चलकर लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया है। इस यात्रा में शामिल लोगों का जोश पहले दिन से लेकर 22 दिन तक ज्यों का त्यों नजर आ रहा है। विधायक सुभाष सुधा शुक्रवार को हरियाणा कला परिषद के सामने साइक्लोथॉन यात्रा को हरी झंडी देने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री के ओएसडी भूपेश्वर दयाल, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राहुल राणा, भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान, डीएमसी पंकज सेतिया, एसडीएम



सुरेंद्र पाल, डीएसपी ट्रैफिक प्रदीप कुमार, डीएसपी मुख्यालय सुभाष चंद ने साइक्लोथॉन यात्रा को हरी झंडी देकर रवाना किया। इस दौरान विधायक सुभाष सुधा, जिलाध्यक्ष रवि बतान, डीएसओ सतेंद्र कुमार ने जिला खेल विभाग की तरफ से गत्त दिवस कुरुक्षेत्र से बटहेड़ी तक साइकिल चलाने में अव्वल रहने वाली साइक्लिंग खिलाड़ी प्रतिभा को एक नई साइकिल भेंट की है। इसके उपरांत विधायक सुभाष सुधा, ओएसडी भूपेश्वर दयाल, प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा, जिलाध्यक्ष रवि बतान, डीएमसी पंकज सेतिया, डीएसपी प्रदीप कुमार, डीआईपीआरओ डा. नरेंद्र सिंह, डीएसओ सतेंद्र कुमार ने कुरुक्षेत्र नगर वासियों को

**संदेश**

**8 इतिहास में शायद पहली मर्तबा किसी सामाजिक कुरीति के प्रति लगातार साइकिल पर चलकर लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया**

नशे से दूर रहने का संदेश देने के उदेश्य से ब्रह्मसरोवर से लेकर सर्किट हाउस चौंक तक स्वयं साइकिल भी चलाई। विधायक सुभाष सुधा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का नशा मुक्त हरियाणा बनाने का संदेश देते हुए कहा कि प्रदेश में पहली बार नशे को जड़ से समाप्त करने के उदेश्य से एक बड़े स्तर पर साइक्लोथॉन जागरुकता यात्रा का आयोजन किया गया।

मुख्यमंत्री के ओएसडी भूपेश्वर दयाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने जन्मदिन 5 मई को ही संकल्प लिया था कि प्रदेश की युवा पीढ़ी को नशे से दूर करने का प्रयास किया जाएगा। इसी उद्देश्य को लेकर ही साइक्लोथॉन नशा मुक्त हरियाणा बनाने का संदेश दे रहे है। यात्रा निकाली गई। यह साइक्लोथॉन यात्रा शिक्षण संस्थानों, पंचायत घरों व धार्मिक स्थलों पर युवाओं से सम्पर्क कर नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक कर रही है। डीएमसी पंकज सेतिया ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि उपायुक्त शांतनु शर्मा के मार्गदर्शन में पिहोवा के गांव बटहेड़ी से लेकर कुरुक्षेत्र जिले के अंतिम गांव बीड़ मंगोली तक साइक्लोथॉन यात्रा के साथ हजारों युवाओं ने साइकिल चलाकर लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इस मौके पर जिला रेडक्रॉस सचिव डा. सुनील कुमार, भाजपा नेता जसविंद्र सिंह सैनी, प्रशिक्षक मनोज कुमार, सोहन लाल, जितेंद्र कुमार, पकंज परासर, पंजाब सिंह, सुरेंद्र कौर, पूनम, अरूण, अंजू, शिव कुमार, जसविंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

### धूमधाम से शुरू हुआ श्री गणेश उत्सव, 28 को शोभा यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल।** श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर शिवाजी नगर पीली कोठी नारनौल में आज गणेश महोत्सव की शुरूआत बड़ी धूमधाम से हुई जिसमें श्री खगेश जी महाराज वृन्दावन वालों ने आज के मुख्य यजमान श्री ओम प्रकाश अग्रवाल–बिमला देवी और अग्रवाल सभा के नवनिर्वाचित कॉलेजियम सदस्य प्रमोद कुमार–मीरा देवी के साथ पूजा अर्चना की जिसमें श्री गोविंदलाल,विजय गुप्ता, जय प्रकाश गुप्ता, बालकिशन, सुरेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार, जतिन, अनुज, मीतेश कुमार,अक्षय दीप, गुलशन सिंघल, दीपक सिंघल, योगेश कुमार, शुभम, जितेंद्र भार्गव, धीरज बोहरा, पत्रकार चांदकिशोर शर्मा,महेश कुमार, मुकेश कुमार, आशीष अग्रवाल,संजय ने अपनी पूरी तैयारी के साथ विशेष सहयोग किया और पूजा और आरती में भाग लिया। इस अवसर पर समस्त मोहल्ला शिवाजी नगर के पुरुष महिलाओ ने गणेश महोत्सव में भाग लेकर विशेष सहयोग करके एकता का परिचय देते हुए गणपति बप्पा मोरिया से आशीर्वाद लिया। श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर की टीम ने बताया कि ये गणेश महोत्सव 28 सितंबर को शोभा यात्रा के साथ शोभासागर तालाब पर संपन्न होगा।



### पेंशन बढ़ोतरी की मांग को लेकर सैकड़ो रिटायर कर्मियों ने दिया धरना

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अम्बाला छावनी के कमिशनर कार्यालय परिसर में ज्वाइंट एक्शन कमेटी रिटायर कर्मचारी हरियाणा द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। रिटायर कर्मचारियों का कहना था कि सरकार उनकी मांगे नहीं मान रही। सरकार हमारी पैंशन को बोझ समझती है। अब हरियाणा की रिटायर्ड की सभी यूनियनों/ एसोसिएशनों को इकट्ठा कर के ज्वाईंट एक्शन कमेटी गठित कर 24 फरवरी के सफल धरने के बाद अब मंडल स्तर पर धरने दिये जा रहे है। लेकिन सरकार ने अभी तक उनकी सुध नहीं ली है। रिटायर कर्मचारियों ने कहा कि यदि सरकार ने उनकी मांगे नहीं मानी तो प्रदर्शन इसी प्रकार से जारी रहेगा। उन्होनें कहा कि आज प्रदर्शन के उपंरात कर्मचारी एक बार फिर से बैठक करेंगें। जिसके बाद वह करनाल में होने वाले प्रदर्शन को लेकर आगे की रणनिति तैयार कि जाएगी। उन्होनें बताया कि आज सुबह अम्बाला, यमुनानगर, पंचकूला, कुरुक्षेत्र से आए सैंकड़ो रिटायर कर्मचारियों ने ज्वाइंट एक्शन कमेटी के बैनर तले मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है और उम्मीद जताई है कि सरकार उनकी मांग अतिशीघ्र मानेगी। उन्होनें यह भी बताया कि अन्य राज्यों में रिटायर कर्मचारियों को अनेक सुविधाएं दी जा रही है। जबकि हरियाणा में ऐसा नहीं हो रहा है। जिसके चलते कर्मचारियों में सरकार के प्रति विरोध है।



### फ्लिपकार्ट ने मानेसर में रीजनल डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर का शिलान्यास किया

**करनाल।** भारत के घरेलू ई–कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने मानेसर में रीजनल डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर (आरडीसी) का शिलान्यास किया है। इसके साथ ही कंपनी ने इनोवेशन एवं सस्टेनेबिलिटी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को उल्लेखनीय रूप से आगे बढ़ाया है। यह आरडीसी देश के सबसे बड़े अत्याधुनिक लॉजिस्टिक्स कैंपस में से एक होगा। हरियाणा में अपने सप्लाई चेन इन्फ्रास्ट्रक्चर को और मजबूती देते हुए फ्लिपकार्ट ने सोनीपत में नए ग्रॉसरी फुलफिलमेंट सेंटर (एफसी) की भी शुरूआत की है। वर्चुअल तरीके से इस सेंटर का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार और वाइस प्रेसिडेंट एवं सप्लाई चेन एंड कस्टमर एक्सपीरियंस हेड हेमंत बद्री उपस्थित रहे। 140 एकड़ से ज्यादा में फैला आरडीसी प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से 10,000 से ज्यादा नौकरियां सृजित करते हुए स्थानीय स्तर पर रोजगार में उल्लेखनीय योगदान देगा। हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री ी मनोहर लाल ने कहा, मुझे खुशी है कि फ्लिपकार्ट ने इस अनुकूल वातावरण को देखते हुए यहां इतना बड़ा निवेश किया है।



इस क्षेत्रीय वितरण केंद्र से 10 हजार लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। इसी प्रकार, सोनीपत में फ्लिपकार्ट के नये किराना पूर्ति केंद्र के माध्यम से रोजगार के लगभग 2,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष अवसर पैदा होंगे। साथ ही क्षेत्र के हजारों स्थानीय विक्रेताओं, एम.एस.एम.ई. और किसानों की पूरे देश के बाजार तक पहुंच बन जाएगी। फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर कल्याण कृष्णमूर्ति ने कहा, हम अपनी क्षमताओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर का लाभ लेते हुए समुदायों की सेवा सुनिश्चित करेंगे। मानेसर में आरडीसी का शिलान्यास और सोनीपत में नए ग्रॉसरी फुलफिलमेंट सेंटर की लॉन्चिंग से हमारा सप्लाई चेन नेटवर्क और मजबूत होगा, जो राज्य में लोगों के जीवन की गुणवत्ता को निखारने एवं सामाजिक–आर्थिक विकास सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है।

## बिजली कर्मचारियों की गिरफ्तारी पर लगे रोक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** हरियाणा राज्य बिजली वर्कर्स यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ के तत्वाधान में आज विभिन्न बिजली निगम कार्यालयों पर कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शन किया गया। इस दौरान नारेबाजी करते हुए कर्मचारियों ने कहा कि इस विरोध प्रदर्शन का मुख्य कारण इंडस्ट्रियल एरिया सब डिवीजन में पुलिस प्रशासन द्वारा गलत प्राथमिकी बिजली कर्मचारियों के खिलाफ करने के विरोध में हुई। इंडस्ट्रियल एरिया सब डिवीजन में 29 अप्रैल को वेयरहाउस के गोदाम में एक ट्रक बिजली की तारों से जा टकराया और उसमें आग लग गई। इस हादसे में ट्रक ड्राइवर ट्रक सहित जलकर खाक हो गया था। दुखेड़ी के पास स्थित वेयरहाउस की बाउंड्री में से बिजली की 11000 की तारे गुर्जर रही है जहां पर लगातार गाड़ियों का आना जाना लगा रहता है और यह सिलसिला पिछले कई वर्षों से लगातार चला आ रहा था। हादसे वाले दिन भी 40 से 50 ट्रक लोडिंग अन्लोडिंग के लिए वेयरहाउस में आऐ थे। बिजली की तारों की कोई भी शिकायत किसी अधिकारी या कर्मचारी के पास नहीं थी।

## फोस्टर केयर योजना को लेकर चलाई जागरूकता वैन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला** (मनीष कुमार) महिला एवं बाल विकास अम्बाला की जिला कार्यक्रम अधिकारी कविता रानी ने स्पॉन्सरशिप एंड फोस्टर केयर योजना की जागरूकता करने हेतू जागरूकता वैन कों हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके कविता रानी ने बताया की निदेशालय महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा के आदेशानुसार विभाग की मिशन वात्सल्य परियोजना के अंतर्गत जिले में अनाथ अथवा एकल अभिभावक बच्चों के हित में चलाई जा रही स्पॉन्सरशिप योजना व अन्य योजनाओं को जरुरतमंद बच्चें तक पहुचाने के उद्देश्य से इस वाहन कों समस्त जिले भर में चलाया जा रहा है। जागरूकता वाहन



अम्बाला शहर खंड से होता हुआ ग्रामीण 1 एवं 2 खंड कों कवर करता हुआ, साहा खंड एवं बरारा खंड के बाद शहजादपुर व नारायणगढ खंड में पहुंचेगा जिससे सम्पूर्ण जिले में जागरूकता आमजन तक पहुंचेगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी अधिकारी ने बताया की महिला एवं बाल विकास विभाग की मिशन वात्सल्य परियोजना जो बच्चों के सरंक्षण एवं सुरक्षा सम्बंधित मुद्दो पर कार्य करती हैं, इसी परियोजना के अंतर्गत स्पॉन्सरशिप योजना चलाई गई हैं। अनाथ बच्चें अथवा एकल अभिभावक बच्चें जिसके पिता की मृत्यु होने पर माता विधवा हो चुकी हैं या बच्चे की माता को परिवार द्वारा निकाल दिया गया हैं और बच्चा माता के पास रहता हैं या बच्चा या बच्चें के माता पिता कैंसर या एड्स जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं , एवं वों बच्चें जिन्हें देखभाल एवं सरंक्षण की अति आवश्यकता हैं, इन श्रेणीयों में आने वालों बच्चों कों योजना के नियमानुसार 4000 रूपए मासिक का लाभ जिला बाल सरंक्षण कार्यालय द्वारा जिले के अंतर्गत आने वालो 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों कों दिया जा रहा हैं , योजना का लाभ उसी बच्चें कों प्राप्त होगा जिसके परिवार की वार्षिक आय ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतम 72000 रूपए एवं शहरी क्षेत्र में अधिकतम 96000 रूपए वार्षिक होगी।

## कार्यशाला से हुआ दृष्टिकोण में बदलाव- डॉक्टर रोहित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अम्बाला छावनी ने नंदी फाउंडेशन और महिंद्रा एंड महिंद्रा के सहयोग से अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए रोजगार वृद्धि पर कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में नैंसी उपस्थित रही। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यशाला छात्राओं के लिए अत्यंत लाभदायक रही। उन्होंने इस कार्यशाला को आयोजित करने के लिए प्लेसमेंट सैल की तथा विशेष रूप से डॉ. अनुपमा सिहाग की सराहना की जिनके नेतृत्व में यह कार्यशाला आयोजित हुई।

## 'रामलीला के लिए समिति के सदस्य कर रहे जोरों से तैयारियां'

### ठाकुरी देवी स्कूल के नजदीक 11 अक्तूबर से किया जाएगा रामलीला का मंचन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा,(दलबीर मलिक)** लाडवा की श्री राम हनुमान रामलीला समिति द्वारा 11 अक्तूबर से शहर की ठाकुरी देवी स्कूल के नजदीक रामलीला का आयोजन किया जाएगा। रामलीला के लिए कलाकार जोरों शोरों से तैयारियां कर रहे हैं। समिति के सरंक्षक एवं प्रसिद्ध समाजसेवी संदीप गर्ग ने बताया कि उनके द्वारा व समिति के सदस्यों के सहयोग से पिछले वर्ष शहर में 9 वर्ष बाद रामलीला शुरू करने के लिए प्रयास किये गए थे। जिसके अत्यंत सकारात्मक परिणाम देखने को मिले और समिति द्वारा



रामलीला का बेहतरीन मंचन किया गया। जिसे क्षेत्रवासियों ने अत्यंत सराहा। जिसे देखते हुए इस वर्ष भी पिछले कई दिन से लगातार पुराने व नए कलाकार मिलकर रात को तीन से चार घंटे रामलीला की रिहर्सल कर रहे हैं। वहीं समिति के प्रधान राजेश वर्मा के अनुसार इस वर्ष होने जा रही रामलीला में भगवान राम के जन्म का कारण, माता सीता का जन्म व श्रवण कुमार के मंचन भी दिखाए जाएंगे ताकि युवा पीढ़ी को हमारे धर्म के इतिहास के बारे में भी जानने का अवसर मिले और उनके अंदर सकारात्मक गुण भी पैदा हो। रामलीला में राम का रोल कर रहे व समिति के मंच सचिव अमित सिंघल द्वारा प्रत्येक रात्रि के मंचन का सूक्ष्म व संसोधित प्रारूप तैयार किया गया है ताकि लोगों को कम समय में अधिक दृश्य दिखाकर उन्हें रामायण का अधिक से अधिक ज्ञान दिया जा सके। समिति के निर्देशक डा. अशोक निर्मल व कुश गर्ग द्वारा कलाकारों को पूरी मेहनत करवाई जा रही है। पाशर्व गायक व सह निर्देशक अनिल मलिक द्वारा कलाकारों को गायन व प्रार्थना का अभ्यास करवाया जा रहा है। मौके पर निर्देशक डा. अशोक निर्मल, कुश गर्ग, एसके गर्ग, अमित सिंघल, नरेश गर्ग, घनश्याम काम्बोज, देवराज, अनिल मलिक, मिन्टू काम्बोज, पंकज, संदीप, अमित कुमार, सुखविन्द्र सिंह, आयुष, नरेश आदि मौजूद थे।

## 'महिला आरक्षण बिल को लेकर भाजपा की नीयत में खोट'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पूर्व विधायक जसबीर मलौर ने कहा कि महिला आरक्षण बिल को लेकर भाजपा सरकार की नीयत में खोट है। यदि भाजपा इस विधेयक को लेकर गंभीर होती तो इसे 2029 तक टरकाने की बजाय 2024 के चुनावो में लागू करना चाहिए था तांकि महिला शक्ति को लोकसभा में शीघ्र प्रतिनिधित्व मिल पाता। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार केंद्र और राज्य में पूरी तरह फेल साबित हुई है । भाजपा के पास चुनाव में जनता से वोट मांगने के लिए कोई भी उपलब्धि नही है और अब महिला आरक्षण पर देश को गुमराह करके वोट हासिल करने का असफल प्रयास कर रही है। पुर्व विधायक ने कहा ने कहा कि



कांग्रेस पार्टी शुरू से ही महिला आरक्षण के पक्ष में रही है और सत्ता में रहते हुए इस बिल को लोकसभा और राज्यसभा में पास करवाने का प्रयास भी किया लेकिन उस समय कांग्रेस का पूर्ण बहुमत न होने के कारण भाजपा सहित अन्य राजनीतिक दलों ने इसका विरोध किया था। कांग्रेस की नीयत साफ

**नीयत पर सवाल**

**8 यदि भाजपा इस विधेयक को लेकर गंभीर होती तो इसे 2024 के चुनावों में लागू करना चाहिए था**

होने के कारण पार्टी के सभी सांसदो ने लोकसभा और राज्यसभा में बिना किसी शर्त के इस बिल का समर्थन किया है।

मलौर ने आशंका व्यक्त करते हुये कहा भाजपा की नीयत पर विश्वास नही किया जा सकता और अन्य वायदों की तरह महिला आरक्षण भी भाजपा का चुनावी जुमला साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा हर चुनाव में झूठे वायदे करके जनता को गुमराह करती रही है इस पार्टी ने 2014 के चुनावो में जनता से वायदा किया था कि सरकार बनने पर काला धन वापिस लाकर हर व्यक्ति के खाते में 15 - 15 लाख रुपये डाले जाएंगे । इस वायदे को 9 वर्ष बीत चुके है लेकिन देशवासी अब तक 15 लाख का इंतजार कर रहे है। इसी प्रकार किसानों की आय दोगुना करने ,युवाओं को हर वर्ष 2 करोड़ रोजगार देने जैसे वायदे किये गए थे और चुनाव जीतने के बाद कहा गया कि ये केवल चुनावी जुमले थे । उन्होंने कहा कि कही महिला आरक्षण बिल भी चुनावी जुमला ही साबित न हो। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी चुनाव में जनता के साथ किये गए अपने हर वायदे को पूरा करती है।

## वरिष्ठ नागरिक संगठन के चुनाव 16 को

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन नारनौल के प्रशासक कम निर्वाचन अधिकारी पूर्व प्राचार्य डा. रामनिवास यादव ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक संगठन नारनौल मे अच्छा कार्य कर रहा है। पिछले कुछ समय से संगठन के चुनाव लम्बित हैं। अतःहरियाणा सरकार के निर्देशानुसार व सम्बंधित विभाग की सहमति से चुनाव कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार वरिष्ठ नागरिक संगठन नारनौल का कोई भी सदस्य नई कार्यकारिणी के चुनाव के लिए अपना नामांकन 27 सितम्बर से 29 सितम्बर के मध्य तक भर सकता है। 30 सितम्बर को नामांकन पत्रों की छटनी की जाएगी । एकअक्तुबर नाम वापिस लेने की तिथि है।

## विशाल सामूहिक एवं गुरु गुणगान समारोह का आयोजन 24 सितम्बर को

**टीम एक्शनइंडिया/सोनीपत। हिंदू विद्या**पीठ स्कूल में 500 जोड़ो सहित विशाल सामूहिक एवं गुरु गुणगान समारोह का आयोजन रविवार 24 सितम्बर को आयोजित होगा। एसएस जैन सभा गुड़मंडी सोनीपत में चातुर्मास के लिए पधारे रमेश मुनि महाराज, मुकेश मुनि महाराज ने बताया कि 500 जोडो सहित विशाल सामूहिक जाप एवं गुरु गुणगान समारोह के आयोजन एसएस जैन सभा गुड़मंडी सोनीपत द्वारा आगामी 24 सितम्बर को आयोजित होने जा रहा है। जिसमें सर्वसमाज का कोई भी व्यक्ति शामिल हो सकता हैं। यह विशाल



सामूहिक जाप एवं गुरु गुणगान समारोह योगीराज रामजी लाल महाराज की 56वीं पुण्य स्मृति में किया जा रहा है। एसएस जैन सभा के प्रेस प्रवक्ता वकील जैन ने बताया कि विशाल सामूहिक जाप एवं गुरू गुणगान समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री कविता जैन, मुख्यमंत्री के पूर्व सलाहकार राजीव होंगे। विशाल सामूहिक जाप सुबह साढ़े 8 बजे से साढ़े 10 बजे तक किया जाएगा।

## डीईईओ सुधीर कालड़ा ने किया डाइट मोहड़ा का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अंबाला सुधीर कालड़ा ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,मोहड़ा अंबाला यानि डाइट मोहड़ा का दौरा किया। यहां उन्होंने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से चल रहे डी०एड० परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए चल रहे मूल्यांकन केंद्र का विशेष तौर पर निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान डाइट मोहड़ा के प्रभारी नरेंद्र कुमार तथा अधीक्षक तेजिंद्र सिंह ने उन्हें जानकारी देते हुए बताया कि इस संस्थान में 13 सितंबर से यह परीक्षा



मूल्यांकन केंद्र चल रहा है और मूल्यांकन का कार्य शिक्षा बोर्ड की अनुमति अनुसार 26 सितंबर तक चलेगा। मूल्यांकन केंद्र में डीईओ कक्षाओं की 15 विषयों की 7200 उतरपुस्तिकाएं प्राप्त हुई हैं जिनके मूल्यांकन के लिए कुल 16 परीक्षकों को तैनात किया गया है ताकि मूल्यांकन का कार्य शिक्षा बोर्ड द्वारा तय की गई निश्चित तिथि यानि 26सितंबर तक संपन्न हो सके। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने मूल्यांकन केंद्र में मूल्यांकन का कार्य कर रहे सभी स्टाफ से बातचीत की ओर मूल्यांकन केंद्र पर लागू की गई सभी व्यवस्थाओं पर संतोष प्रकट किया।

### महिलाओं के साथ बढ़ते अपराधों के लिए सरकार जिम्मेदार: लक्ष्मी कान्त

## 'महिला आरक्षण को लेकर सरकार की मंशा साफ नहीं'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** गत रात्रि पानीपत के दो डेरों तीन महिलाओं के साथ चार हैवानो द्वारा रातभर की दरिंदगी तथा एक महिला कि हत्या सरकार के मुँह पर कालीख। यह शब्द वरिष्ठ कांग्रेस नेता तथा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मी कान्त शर्मा एडवोकेट ने कहे। उन्होंने कहा कि लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पास होने का कांग्रेस स्वागत करती है मगर ऐसा लगता है महिला आरक्षण बिल को लागू करने कि सरकार कि मंशा में खोट है और सरकार जानबूझकर इसे लागू नही करना

**सवाल उठाए**

**8 मगर ऐसा लगता है महिला आरक्षण बिल को लागू करने कि सरकार कि मंशा में खोट है : शर्मा**

चाहती। उन्होंने कहा जिस तरह से सरकार कह रही कि आगामी जनगणना तथा परिसिमन के बाद ही यह बिल लागू होगा उससे स्पष्ट है कि भाजपा सरकार इसे लागू करना नही चाहती। लक्ष्मी कान्त शर्मा ने कहा कि महिला



आरक्षण बिल के साथ देश व प्रदेश में महिलाओं कि सुरक्षा भी सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि गत रात्रि पानीपत के दो डेरो में तीन महिलाओं के साथ रात भर चार हैवानो द्वारा कि गई दरिंदगी साबित करती है कि सरकार सवेन्दन हो चुकी है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में जिस तरह महिलाओं के साथ जघन्य अपराध हो रहे उसके लिए कहीं ना कहीं भाजपा नेता ही अपराधियों के प्रेरणास्त्रोत हैं। मणिपुर में महिलाओं के साथ हैवानियत हो या पानीपत में तीन महिलाओं के साथ दरिंदगी सरकार के लिए बेहद शर्मिंदगी कि बात है। मगर जिस सरकार में बृजभूषण शरण सिंह जैसे सांसद, कुलदीप सांगर जैसे पूर्व विधायक, तथा संदीप सिंह जैसे मंत्री हों जो जिनपर सरेआम महिला उत्पीड़न के आरोप हों और सरकार उनके समर्थन में खडी हो तो अपराधियों के हौसले बढ़ना लाजमी है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट गुरचरण सिंह रतगल, वरिष्ठ अधिवक्ता रघुवीर संधू तथा अधिवक्ता ब्लबीर सिंह कादियान उपस्थित रहे।

# पार्षद अजीत यादव ने किया सड़क कार्य का शुभारंभ







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वार्ड**-17 के भलस्वा गांव में बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव व वार्ड नम्बर-17 के निगम पार्षद अजीत यादव के कर कमलों से भलस्वा गांव में सतपाल कादयान के मकान से जे ब्लॉक रोड़ तक वाली गली के कार्य का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर भलस्वा आरडब्ल्यूए के मेंबर और भलस्वा गांव के लोग उपस्थित रहे।

**ग्रामवासियों ने किया पार्षद का स्वागतः** भलस्वा गांव के निवासियों ने निगम पार्षद अजीत यादव का इस कार्य के लिए स्वागत किया और कहा कि पार्षद अजीत यादव क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे है।

**पार्षद ने लोगों को क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों से कराया अवगतः** निगम पार्षद अजीत यादव ने निगम के द्वारा किये जा रहे कार्यों से लोगों को अवगत कराया और कहा कि अगर किसी को भी किसी भी प्रकार की परेशानी है तो वह मुझसे संपर्क कर सकता है।

**जनता से किये वादे कर रहा हूं पूरेः** निगम पार्षद अजीत यादव ने बताया कि मैंने जनता से जो भी वादे किये थे, वह पूरे करने में लगा हुआ हूं, ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सके।

**क्षेत्र में चलाया जा रहा है जागरूकता अभियानः** क्षेत्र में दिल्ली नगर निगम के द्वारा लोगों को स्वास्थ्य के प्रति विशेष रूप से जागरूक किया जा रहा है और लोगों को डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया से बचने के उपाय बताये जा रहे है।

**गमलों में पानी न एकत्रित होने देंः** पार्षद अजीत यादव ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि घरों की छतों पर रखे हुए बर्तनों, गमलों में पानी न एकत्रित होने दे, इसमें मच्छर पैदा होते है, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो सकते है। इसलिए स्वस्थ्य रहे और सतर्क रहे।





# युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच (न्यास) ने किया कवि गोष्ठी का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**युवा उत्कर्ष साहित्यिक** मंच (न्यास) ने अपने दसवें स्थापना दिवस एवं हिंदी पखवाड़ा के तहत नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के द्वितीय तल पर वार्ता हाल में कवि गोष्ठी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ ब्रजपाल सिंह संत ने की। दिल्ली रेलवे स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक सुनील कुमार मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस साहित्यिक आयोजन का शुभारंभ उपस्थित अतिथिगणों के द्वारा माँ शारदे की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। सर्व प्रथम मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मंच के द्वारा की गई। गत दस वर्षों की साहित्यिक गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मंच अनेक व्यवधान होते हुए भी हिंदी साहित्य के सेवा के मार्ग से कभी विचलित नहीं हुआ। देश के कोने-कोने से अनेक अपरिचित साहित्यकारों को साहित्यिक संसार के सामने लाकर उन्हें पहचान दिलाकर सम्मानित किया। हिंदी साहित्य के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले भारतेंदु हरिश्चंद्र, महादेवी वर्मा, मुंशी प्रेमचंद और अमीर खुसरो जैसे साहित्यकारों की स्मृति में इस मंच ने सभी शीर्ष पुरस्कार स्थापित कर उनके अवदान को रेखांकित किया है। इस वर्ष से भारतेंदु हरिश्चंद्र शीर्षस्थ सम्मान की राशि को बढ़ाकर ग्यारह हजार रुपए कर दिया गया है। इस उन्नत पुरस्कार राशि का प्रथम पुरस्कार हिंदी के वरिष्ठतम साहित्यकार अनूप श्रीवास्तव, लखनऊ को आगामी 19 नवम्बर को प्रदान किया जाएगा। मंच ने इस वर्ष अप्रैल में आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना शाखा द्वारा हैदराबाद में प्रख्यात तेलगू और हिंदी कवि आलूरी बैरागी चौधरी और जून माह में उत्तर प्रदेश की शाखा द्वारा लखनऊ में प्रवासी भारतीय रामदेव धुरंधर पर केन्द्रित विशेष आयोजन किये। इस कार्य के लिए डॉ. रमा द्विवेदी (अध्यक्ष/आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना शाखा और राजेश सिंह श्रेयस अध्यक्ष/उत्तर प्रदेश की शाखा की उन्होंने भूरी-भूरी प्रशंसा की। मंच की निरंतर उन्नति में सभी कार्यकारिणी सहयोगियों का विशेष आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि भविष्य में हम सभी को मिलजुल कर पूरे देश में मंच का परचम लहराना है। इस अवसर पर ओम प्रकाश शुक्ल, महासचिव, वसुधा कनुप्रिया, सहायक महासचिव, शारदा मदरा अध्यक्ष/दिल्ली प्रदेश और सुरेश पाल वर्मा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने भी अपने विचार व्यक्त किये। दीप प्रज्वलन के उपरांत मिलन सिंह 'मधुर' द्वारा मां वाणी की वन्दना की गई और शारदा मदरा द्वारा मंच का गीत गाया गया। तत्पश्चात अतिथियों और कवि/कवयित्रियों का सम्मान पटका और माला पहनाकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जाने-माने वरिष्ठ साहित्यकार बृजपाल संत ने शानदार कविता पाठ करते हुए वीर बलिदानी चन्द्रशेखर आजाद की कुछ यूँ याद किया।

# धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया डॉ. रजनीश गुप्ता का जन्मदिन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला विकास** संगठन के उपप्रधान व वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. रजनीश गुप्ता का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही सोशल मीडिया के हर एक प्लेटफार्म पर समाजसेवी डॉ रजनीश गुप्ता को सभी जन्मदिन की बधाई देते नजर आये। सियासी अखाड़े के धुरंधरों से लेकर सामाजिक, धार्मिक गलियारों की हस्तियों ने भी डॉ. रजनीश गुप्ता को जन्मदिन की बधाई दी। बाहरी दिल्ली के नरेला में पाना उद्यान स्थित प्रजापिता ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नरेला सेंटर में नरेला विकास संगठन के उप प्रधान डॉ रजनीश गुप्ता का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाया गया। बाहरी दिल्ली के



प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. रजनीश गुप्ता के जन्मदिन के अवसर पर सुबह से ही उनके आवास पर बधाई देने वालों का ताता लगा रहा। जिसमें बड़ी संख्या में चिकित्सा क्षेत्र के दिग्गज, धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी, सगे संबंधियों ने माल्यार्पण कर पुष्पगुछ, सुंदर उपहार भेंट कर रजनीश गुप्ता को जन्मदिन की बधाई दी और और उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित भव्य कार्यक्रम में सैकड़ो गणमान्यो की मौजूदगी में डॉ. रजनीश गुप्ता ने केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। मौजूद सभी ने डॉक्टर रजनीश गुप्ता को पुष्पगुच्छ, सुंदर उपहार भेटकर जन्मदिन की बधाई दी व उनके स्वस्थ्य व दीघार्यु जीवन की कामना की। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया व भोजन प्रसाद भी वितरित किया गया। इस अवसर पर डॉ. रजनीश गुप्ता ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि मेरे जन्मदिन के अवसर पर आप सभी ने जो स्नेह, दुलार और अपनेपन से ओतप्रोत शुभकामनाएं व बधाई मुझे दी है, मैं बहुत खुशी के साथ आप सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। और आशा करता हूं कि आप सभी का स्नेह, प्यार और आशीर्वाद मुझ पर हमेशा बना रहेगा। इसके पश्चात डॉ रजनीश गुप्ता ने नरेला विकास संगठन के पदाधिकारीयो के साथ बूढ़पुर स्थित अपना घर आश्रम पहुंच कर वहां रह रही 350 महिला वृद्धजनों को चाय नाश्ता खिलाकर सभी बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और उनके साथ खुशियां बांटी। उन्होंने कहा की खुशी चाहे कैसी भी हो उनका प्रयास यही रहता है कि वे उसे वंचित वर्ग के साथ बांटे। जिससे भले ही कुछ देर के लिए सही उन्हें भी खुशियां मिलेंगी और वे दिल से दुआएं देंगे। जन्मदिन के अवसर पर वार्ड एक बाँकनेर से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज, प्रसिद्ध समाज सेवी पवन खत्री (मोनी) नरेला विकास संगठन के प्रधान हेमराज बंसल, चेयरमेन हाजी अब्बास अली, महासचिव एनडी अरोड़ा, उप प्रधान जेपी बागेश्वर, कोषाध्यक्ष श्रीनिवास वर्मा, सचिव डॉक्टर राजेंद्र राठधनिया, योगेश शर्मा, बीके डॉ. शीशपाल, बीके धर्मपाल, सुरेंद्र वर्मा, श्री कृष्ण गर्ग, बीके धनंजय, बीके प्रियंका बहन, बीके आरती बहन, बीके नरेंद्र गुप्ता, बीके विद्यासागर, बीके योगेश्वरी बहन, बीके निरंजन मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली महारैली के लिए शिक्षकों ने भरी हुंकार: अजयवीर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नेशनल** मूवमेंट फॉर न्यू पेंशन स्कीम के तत्वावधान में एक अक्तूबर को रामलीला मैदान में शंखनाद रैली होगी, जिसमे पूरे देश से बड़ी संख्या में पेंशन विहीन शिक्षक व कर्मचारी हिस्सा लेने दिल्ली पहुँचेंगे। मामले में शिक्षक संघ के महासचिव अजयवीर यादव ने बताया की दिल्ली के शिक्षा विभाग में लगभग छब्बीस हजार एनपीएस शिक्षक कार्यरत है। शिक्षक संघ एनपीएस साथियों के भविष्य व सामाजिक सुरक्षा की हक की लड़ाई में एनएमओपीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार



बंधु के साथ है।

**एनपीएस शिक्षकों को मिला जीएसटीए का समर्थनः** पुरानी पेंशन बहाली के इस संघर्ष के लिए जीएसटीए ने सभी जिलो की टीमो के माध्यम से स्कूलों में शिक्षकों से युद्ध स्तर पर संपर्क किया। दिल्ली प्रदेश एनएमओपीसी के सहप्रभारी प्रवीण शर्मा व ललिता अध्यापक ने शिक्षा विभाग के साथ-साथ हेल्थ स्टाफ, दिल्ली जल बोर्ड, पीडब्ल्यूडी, एमएचए, डीयू, जामिया-मिलिया, जेएनयू, इनकम-टैक्स सहित तीस विभागों के एनपीएस साथियो को लामबंध किया है। रैली की पूरी व्यवस्था रिटायर दानिक्स अधिकारी डीएन सिंह व जीएसटीए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजबीर छिकारा व ओमप्रकाश शर्मा नजफगढ़ ने राजघाट पर बने कंट्रोल रूम से निगाहां बनाए रखेंगे।



वजीरपुर वार्ड में पार्कों का निरीक्षण करते हुए निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।

# जहांगीरपुरीः सभी को सत्य के मार्ग पर चलना चाहिएः शिवानंद जी महाराज





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
जहांगीरपुरी इलाके के जे ब्लॉक स्थित पार्क में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठें दिन कथा वाचक श्रद्धेय श्री शिवानंद राधेय जी महाराज ने बताया कि सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही मिलती है। इस मौके पर बहुताय की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। आपको बतादें कि कथा का आयोजन सेवा समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट बृजधाम गोर्वधन के तत्वाधान में किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्य यजमान प्रेमराज यादव व सुनीता यादव और सेवादार कुंता जी, आशा मंगला सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# रानी बाग के महेन्द्रा पार्क में लंबोदर से भक्तिमय हुआ गणपति महोत्सव





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मैत्री एजूकेशन** एवं वेलफैयर सोसाइटी (पंजी) व मैत्री गणपति महोत्सव परिवार (पंजी) की ओर से रानी बाग स्थित रामलीला मैदान, महेंद्रा पार्क में 31वां गणपति महोत्सव का आज चौथा दिन भी बड़ी ही शानदार तरीके से आयोजित किया गया।

इस दौरान श्रद्वालु लंबोदर भक्ति में भाव विभोर दिखाई दिए। कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्रधान राजेंद्र यादव ने बताया कि रोजाना भिन्न-भिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन बड़ी ही धूमधाम तरीके व उत्साह के साथ मनाया जा रहा हैं। इसी कड़ी में डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इसके साथ ही देशभक्ति के गीतों पर नृतकों व नृत्यंगनाओं ने समां





बांधकर लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

**विशेष अतिथि रही प्राची तेहलानः** कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में कोहाट वार्ड नंबर-61 से निगम पार्षद अजय रवि हंस, पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा संजीव शर्मा के साथ-साथ टीवी सीरियल एक्टर व बेसबॉल की इंडियन टीम की कप्तान प्राची तेहलान ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्रधान राजेंद्र यादव, महासचिव दीपक मेहरा, उपाध्यक्ष बलराम चावला, के अलावा मोनू भाटिया, नवीन जिंदल, मोहन स्वामी, प्रवीण सियाल, अजय मल्होत्रा, प्रमोद गर्ग, अमर अग्रवाल सहित संस्था के अन्य गणमान्य मौजूद रहें।

संस्था के प्रधान राजेंद्र यादव ने कहा कि हमारी संस्था कि यही कोशिश होती हैं कि हर वर्ष इस कार्यक्रम को पहले से और ज्यादा बेहतर कैसे आयोजित करें, जिसके लिए हमारी संस्था का प्रत्येक सदस्य पूरी निष्ठा व लग्न के साथ दिन रात एक करके कड़ी मेहनत करता हैं।

# मुख्यमंत्री की घोषणाओं को जल्द से जल्द करें पूरा:- कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा

**निर्देश**

**8 समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री की घोषणाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के सख्त निर्देश दिए हैं।**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा बल्लभगढ़ के उपमंडल स्तरीय सचिवालय पहुंचे। जहां उन्होंने मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की विकास कार्यों की घोषणाओं के तहत हो रहे कार्यों सहित बल्लभगढ़ में चल रहे अन्य विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक नगर निगम के अधिकारियों के साथ की। कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री की घोषणाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के सख्त निर्देश दिए हैं। वही कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने सबसे पहले एसडीएम कार्यालय के कॉन्फ्रेंस रूम को लेकर अधिकारियों को बधाई दी। कैबिनेट मंत्री ने नगर निगम के अधिकारियों को रुके हुए काम और शहर की सफाई को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने कहा की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल शहर के विकास कार्यों को लेकर झड़ी लगाई हुई है। ज्यादातर गलियों में सीवर पानी ,साफ सफाई की ज्यादा दिक्कतें लोगों को होती थी। उसी को लेकर नगर निगम के अधिकारियों के साथ आज शुक्रवार को बल्लभगढ़ सचिवालय में समीक्षा बैठक की है। बैठक में जल्द ही कार्य पूरे करने के लिए नगर निगम अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। ताकि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। समीक्षा बैठक में ये रहे मौजूद- बैठक में नगर निगम कमिश्नर मोना श्रीनिवास ,एसडीएम त्रिलोकचंद,बल्लभगढ़ नगर निगम जॉन की ज्वाइंट कमिश्नर शिखा, एमओएच प्रभजोत, निगम के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र कर्दम, भाजपा नेता टीपरचंद शर्मा, पारस जैन, रवि भगत सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद हैं।

# माताओं को पोषण जागरूकता अभियान में दी फोटीफर्आइड भोजन की जानकारी

**पोषण माह**

**8 फोटीफर्आइड में सूक्ष्म पोष्टिकता डाली होती है, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पोषण माह 2023 के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ब्लाक एनआईटी/ ठक्ळ-2 के अनखीर स्थित आंगनवाडी केंद्र और ब्लाक बल्लबगढ़ ग्रामीण के केल गाँव स्थित आंगनवाडी केंद्र में सीबीई/ उइए के कार्यक्रम के अतर्गत माताओं को पोषण जागरूकता अभियान में फोटीफर्आइड भोजन की जानकारी दी गई। जहां मुख्यालय से आये अधिकारी कुमारी प्रेप्सा सैनी ने माताओं को पोष्टिक आहार के बारे तथा फोटीफर्आइड नमक एवं फोटीफर्आइड चावल बारे विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया की इन में फोटीफर्आइड में सूक्ष्म पोष्टिकता डाली होती है, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, उन्होंने बताया की सभी महिलाओं को अपने और अपने बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकांश लोग फास्ट फूड आदि का बहुत सेवन करते हैं। जिस वजह से उनके स्वास्थ्य का स्तर गिरता जा रहा है। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी, डॉ मंजू श्योराण ने बताया कि गत 01 सितम्बर से 30 सितम्बर तक पोषण माह मनाया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### क्राइम ब्रांच फरीदाबाद ने कैंटर लूट के मामले में मात्र 24 घंटे में आरोपियों का किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश व एसीपी क्राइम अमन यादव के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 30 प्रभारी इंस्पेक्टर सेठी मलिक व उनकी टीम ने भुपानी एरिया में हुई ट्रक लूट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कमाल तथा राहुल का नाम शामिल है। आरोपी कमाल मेवात जिले के किरंज गांव का रहने वाला है वहीं आरोपी राहुल पलवल कैंप का निवासी है। 19/20 सितंबर की रात आरोपियों ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर एक कैंटर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस थाना भूपानी में शिकायतकर्ता हरदीप ने अपनी शिकायत दी जिसमें उसने बताया कि उसके पास एक कैंटर है और उसने महेश को ड्राइवर रखा हुआ है जो फरीदाबाद से कंपनियों से खाली गत्ते को उठाकर गुड़गांव, मेरठ, गाजियाबाद सप्लाई करता है। बीती रात करीब 11:00 बजे चालक महेश अवीवा कंपनी जसाना से रात गत्ता लोड करके चला था जिस दौरान उसकी चालक से बात भी हुई थी। काफी देर इंतजार करने के बाद भी जब कैंटर उसके घर नहीं पहुंचा तो उसने चालक को फोन किया तो चालक का मोबाइल नंबर बंद आ रहा था। इसके पश्चात कैंटर मलिक ने गाड़ी का जीपीएस चेक किया तो वह पलवल की तरफ जाती हुई दिखाई दी। इसके पश्चात जीपीएस लोकेशन के आधार पर कैंटर मलिक पलवल से सोहना रोड की तरफ जाते हुए जीत खेड़ली गांव के पास गाड़ी मिली जहां पर ड्राइवर महेश भी पहुंच गया जिसने बताया कि जब वह नाचोली रेलवे पुल से आगे भुपानी की तरफ पहुंचा तो एक गाड़ी में सवार चार बदमाशों ने उनके कैंटर को रोक लिया। आरोपी कैंटर की खिड़की खोलकर उसमें चढ़ गए तथा ड्राइवर को गाड़ी में बैठा दिया तथा उसकी आंख पर कपड़ा बांध दिया। इसके पश्चात आरोपी कैंटर को लूटकर ले गए और अन्य आरोपी अपनी गाड़ी में ड्राइवर को साथ लेकर कैंटर के पीछे-पीछे चल दिए और सिलानी के नजदीक ड्राइवर महेश को गाड़ी से नीचे उतारकर फेंक दिया। ड्राइवर ने डायल 112 पर फोन किया जो सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उनकी तलाश शुरू की गई। क्राइम ब्रांच 30 ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी और गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर मामले में शामिल आरोपी कमाल तथा राहुल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनके साथ पलवल निवासी हेमंत तथा राजस्थान के डीग निवासी धर्मेंद्र उनके साथ शामिल था। आरोपियों ने बताया कि वह मिंडकोला रोड़ पर पुलिस की मौजूदगी को देखकर कैंटर को छोड़कर वहां से फरार हो गए थे। पुलिस द्वारा लूटे गए कैंटर को बरामद कर लिया गया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने पैसों के लालच में लूट की योजना बनाई। आरोपी राहुल को पता था कि जसाना फैक्ट्री से ट्रक भर कर जाते हैं जिसमें लाखों का माल होगा। उन्होंने योजना बनाई की जो भी ट्रक वहां से भरकर निकलेगा हम वह नचोली पुल के आगे लूट कर फरार हो जाएंगे। योजना के तहत आरोपियों ने सेंट्रो गाड़ी में डसना गांव में स्थित मसाले की फैक्ट्री से ट्रक का पीछा किया और जैसे ही हरदीप का कैंटर नाचोली रेलवे पुलिस से आगे पहुंचा तो अपनी सेंट्रो गाड़ी सेंटर के आगे लगाकर कैंटर चालक को बंधक बनाकर कैंटर लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी कमाल के खिलाफ लूट डकैती वाहन चोरी इत्यादि के 20 मुकदमे दर्ज हैं और वह 8 सितंबर को ही जेल से बाहर आया था। आरोपी ने बताया कि उसकी मुलाकात राहुल के साथ किशनगढ़ जेल में हुई थी जहां पर आरोपी राहुल 420 के मुकदमे में बंद था। पुलिस द्वारा आरोपियों को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और वारदात में प्रयोग गाड़ी बरामद की जाएगी तथा मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### सोनीपत : दातौली में चाकू से गोद कर युवक की हत्या, तीन घायल

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** जिले की तहसील गन्नौर के गांव दातौली में गुरुवार की रात को दो गुटों झगड़े में एक युवक की चाकू से गोद कर हत्या कर दी गई, जबकि तीन घायल हो गए हैं। पुलिस स्टेशन एचएसआईआईडीसी बड़ी में केस दर्ज कर लिया गया है।

गांव दातौली निवासी साहिल गुरुवार को रात करीब नौ बजे गांव के खेल स्टेडियम की ओर गया था। वहां पर उसके गांव के अजय, यश, वंश व उनके 10-15 साथियों से झगड़ा हो गया। इस झगड़े में साहिल पर चाकू से हमला कर दिया।

# स्लमबस्ती के बच्चों के पुनर्वास लिए प्रशासन द्वारा 15 कैंप आयोजित : डीसी

**कैम्प**

**8 कहा, जिला में चिन्हित किए गए गरीब बच्चों को करवाई जा रही हैं सभी सरकारी सुविधाएं उपलब्ध**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह के आदेशानुसार और एडीसी आनन्द शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में इन कैम्पों का आयोजन 16 अगस्त से 15 सितम्बर तक किया गया। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला में विभिन्न कैम्पों के दौरान 488 बच्चों का आंगनबाड़ी केन्द्रों में दाखिला कराया गया।वहीं 734 बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन भी किए गए। चिन्हित गरीब 77 बच्चों का स्कूलों में दाखिला कराया गया और 1777 बच्चों की निशुल्क जांच माप शिविर कैम्पों के माध्यम से आरबीएसके से सम्बंधित बीमारियों की जांच की गयी। वहीं जांच के उपरान्त उन्हें निशुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराई गयी। करीब 1000 बच्चों को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के सामने पेश कर उनके बेहतर भविष्य के लिए जरूरी कदम उठाए गए। इनमें से 785 बच्चों के निशुल्क आधार कार्ड बनाए गए तथा बने हुए आधार में त्रुटियों को ठीक करवाया गया। इसके साथ ही करीब 422 बच्चों के परिवार पहचान पत्र बनाए गए व बने हुए फैमिली आईडी में आ रही परेशानियों को दूर कराया गया।

कैंप का मुख्य उद्देश्यः

एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि इन कैम्पों का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक गरीब बच्चों के जरूरी कागजात कैसे जन्म प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, दिव्यांगजन सर्टिफिकेट, आधार कार्ड मौके पर ही बनाकर उन्हें उपलब्ध कराना रहा है।

कैम्पों में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया जहाँ इन बच्चों का निःशुल्क जांच व उपचार किया गया। उन्होंने आगे बताया कि इन कैम्पों में गरीब परिवारों और दिव्यांगजन बच्चों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गयी। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि जिला फरीदाबाद में ऐसे बच्चों को चिन्हित कर लिया गया था। ऐसे बच्चों के क्षेत्र में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह बच्चे शिक्षा से वंचित न हो इसलिए इन बच्चों को चिन्हित कर नजडीकी सरकारी स्कूलों में इनका दाखिला भी कराया गया तथा प्रशासन द्वारा बाल श्रम की भी जांच की गयी। बाल श्रम की शिकायत प्राप्त होने पर दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही भी की गयी।

# हत्या के मामले में क्राइम ब्रांच फरीदाबाद ने मात्र 24 घंटे में आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश व एसीपी क्राइम अमन यादव के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी दीपक कुमार व उनकी टीम ने गोली मारकर की गई युवक की हत्या के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम मोहन उर्फ मोनू( 28) है जो उत्तर प्रदेश के इटावा का रहने वाला है और फरीदाबाद के ओम एनक्लेव में रहता है। मृतक के भाई अजय की शिकायत पर दिनाक 21 सितम्बर को पल्ला थाने में हत्या व अवैध हथियार की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें मृतक के भाई ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी माता ने आरोपी मोनू से कुछ महीने पहले ?8000 ब्याज पर लिए थे। मोनू उनसे पैसे वापस मांग रहा था परंतु पैसे नहीं होने की वजह से वह पैसे नहीं चुका पा रहे थे। उसने बताया कि उसकी माता मोलड़बंद स्कूल के पास सब्जी की रेहडी लगती है। चार-पांच दिन पहले मोनू वहां पर आया और अपने पैसे मांगने लगा। पैसे नहीं होने की वजह से आरोपी मोनू उनकी माता के साथ बदतमीजी करने लगा और उसने पीड़ित की मां को अपशब्द कहे जिस पर विजय को गुस्सा आ गया और उसका मोनू के साथ झगड़ा हो गया। आरोपी मोनू इसी बात को लेकर विजय के साथ रंजिश रखने लगा। 20 सितंबर को जब विजय ओम एनक्लेव पार्ट 2 में किसी काम से गया था तो वहां उसे मोनू मिल गया। मोनू ने पुरानी रंजिश और पैसों के लेनदेन के चलते विजय को गोली मार दी। पीड़ित की शिकायत पर हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश की गई। क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मोनू को गिरफ्तार कर लिया। मामले में गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपी को अदालत में पेश करके 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है जिसमे रिमांड के दौरान मामले में गहनता से पूछताछ करके वारदात में प्रयोग हथियार बरामद किया जाएगा।

### छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराधके बारे में जागरुक किया

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन के दिशा निर्देश के तहत महिला थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर माया व दुर्गा शक्ति टीम ने केएल मेहता कॉलेज में छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा संबंधित सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरुक करते हुए जानकारी प्रदान की। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि छात्राओं को जागरूक करने के लिए महिला थाना एनआईटी की टीम कॉलेज पहुंची जहां पर कॉलेज प्रशासन ने पुलिस टीम का भव्य स्वागत किया और छात्रों को जागरूक करने के लिए मंच पर आमंत्रित किया।

# भारतीय मानक ब्यूरो फरीदाबाद शाखा कार्यालय द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** भारतीय मानक ब्यूरो फरीदाबाद शाखा कार्यालय द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 21-09-23 एवं 22.09.23 को आयोजित किया गया जिसमें रोहतक जिले से 40 साइंस टीचर समेत तकरीबन 69 अलग-अलग सरकारी स्कूल के विज्ञान के टीचर ने भाग लिया । यह कार्यक्रम फरीदाबाद शाखा की प्रमुख विभा रानी के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन श्री मुकुंद तंवर एचसीएस (सिटी मजिस्ट्रेट रोहतक ) ने किया। जिला शिक्षा विभाग से डीईओ श्रीमती मंजीत मालिक, ऊएएड श्री दिलजीत सिंह, डीपीसी श्रीमती आशा दहिया और एपीसी श्री राजेश मालिक,श्री अरविंद खोखर व श्री मनोज सुहाग भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में शिक्षकों को भारतीय मानक ब्यूरो के बारे में और विद्यालयों में स्थापित बीआईएस स्टैंडर्ड क्लब के बारे में विस्तार से बताया गया। इस कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को स्टैंडर्ड क्लब की विभिन्न एक्टिविटी के बारे में ट्रेनिंग दी गई तथा स्टैंडर्ड राइटिंग भी करवाया गया। इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य यह है कि शिक्षकों को गुणवत्ता के बारे में ट्रेनिंग दी जाए ताकि यह जानकारी वह अपने स्कूल में और समाज में फैलाएं। सभी अधिकारियों द्वारा भारतीय मानक ब्यूरो फरीदाबाद शाखा द्वारा आयोजित कार्यक्रम की जमकर सराहना की एवं निर्देश दिए की इस मुहीम को लोगों तक पहुंचाई जाए ।

कार्यक्रम के दूसरे दिन एचसीएस अधिकारी (ट्रेनी ) मैडम मोनिका व मैडम सिमरन ने कार्यक्रम में सम्मिलित हुई । ये मेंटर्स अब ट्रेनिंग के बाद स्कूलों में स्थापित इक्र क्लब को ऑपरेशनल बनाएंगे। प्रत्येक इक्र क्लब को साल में तीन एक्टिविटी करनी होंगी। हर एक्टिविटी के लिए 10000 की ग्रांट इक्र द्वारा प्रदान की जाएगी। तीन सफल एक्टिविटी करने के बाद प्रत्येक इक्र क्लब को ?50000 की और ग्रांट लैब स्थापित करने के लिए दी जाएगी।

# महिला के साथ दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कार्रवाई**

**8 12 सितंबर को सेक्टर 8 थाने में दुष्कर्म-धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था**




**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए सेक्टर 8 थाना प्रभारी नवीन कुमार व उनकी टीम ने दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम रोहताश है जो सेक्टर 15 स्थित एसबीआई बैंक में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है। 12 सितंबर को सेक्टर 8 थाने में दुष्कर्म तथा धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें पीड़ित महिला ने बताया कि वह एक वर्ष पहले सितंबर 2022 में अपनी बेटी का आधार कार्ड बनवाने के लिए नीलम फ्लाईओवर के पास स्थित एसबीआई बैंक में गई थी जहां पर उसकी मुलाकात आरोपी रोहताश के साथ हुई थी। रोहताश ने उसे कहा कि आज उसका आधार कार्ड नहीं बन पाएगा क्योंकि मशीन खराब है और इस बहाने से उसने महिला का नंबर ले लिया और कहा कि जब मशीन चलेगी वह उसे फोन करके बता देगा। इसके साथ ही आरोपी ने महिला का पता भी ले लिया और कहा की इस पत्ते के आसपास तो उसके रिश्तेदारी है। इसके पश्चात आरोपी महिला की कॉलोनी में चक्कर काटने लगा। उसने पीड़ित महिला की बेटी का आधार कार्ड भी बैंक के माध्यम से बनवा दिया और धीरे-धीरे आरोपी उससे नजदीकियां बढ़ाने की कोशिश करने लगा। इसके पश्चात आरोपी ने महिला के पति के बारे में पूछा तो उसने बताया कि वह ड्राइवरी का काम करते हैं। इसके पश्चात रोहताश महिला को फोन करने लगा और महिला के साथ दोस्ती कर ली।

# लोगों यमुना नदी के तट पर चलाया स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम : डीसी



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह के दिशा-निर्देश पर सीईओ जिला परिषद आशिमा सांगवान के कुशल मार्गदर्शन में जिला फरीदाबाद में आज शुक्रवार को यमुना नदी के तट पर सफाई अभियान चलाया गया। जहां पर गांव के लोगों ने कहा कि स्वच्छता मनुष्य को शारीरिक और मानसिक स्तर पर स्वस्थ रखती हैं। स्वच्छता का अर्थ है- साफ-सफाई। अगर हम अपने आस पास की सफाई नहीं रखेंगे तो बीमारियों के फैलने का डर बना रहता हैं। हमारे आस पास जितनी गंदगी रहेगी, उतना ही हमारे अस्वस्थ होने की संभावना बनी रहेगी गांव के लोगों ने स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले सभी लोगों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के समाज हित के कार्य में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। बता दें कि ग्रामीणों ने सफाई अभियान आज शुक्रवार को यमुना किनारे भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। जहां इस मौके पर गांव के युवा, सफाई कर्मचारी, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के डी.पी.एम. और प्रेरक, व गांव के लोगों ने मिलकर यमुना के किनारो को साफ सुथरा बनाने में सहयोग दिया। स्वच्छता हम सब की नैतिक जिम्मेदारी हैं। उसे सभी को बखूबी निभाना चहिए। यह अभियान सितंबर माह से शुरू होकर 2 अक्टूबर तक चलेगा इस दौरान गांव के सार्वजनिक स्थलों, बजारों, चोराहो, तालाब व नदियों के किनारों को साफ किया जाएगा स्वच्छता ही सेवा- 2023 की थीम कचरा मुक्त भारत हैं। जिसकी आवाज घर -घर तक पहुंचाने के लिए स्कूलों में छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वच्छता शपथ ली जा रही हैं। विद्यार्थियों को इसके लिए भी जागरूक किया जा रहा है कि वह अपने घरों से निकलने वाले गीले कूड़े और सूखे कूड़े को अलग-अलग डस्टबिन में रखें। सफाई कर्मचारी को उसको अलग-अलग दें। ताकि चारों तरफ स्वच्छता का माहौल बने। स्वच्छता ही सेवा-2023 के तहत जिला में स्वच्छता ही सेवा-2023 के तहत ग्राम पंचायतों में सफाई अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

स्वच्छता ही सेवा 2023 अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत मे पुराने कूडे के ढेरो की सफाई की जा रही है। ग्राम पंचायतों ने अपने परिक्षेत्र मे साफ सफाई की। सार्वजनिक स्थानों की साफ सफाई करते हुए सरपंच ने कहा कि सफाई को हमने अपनी प्राथमिकता पर रखा हुआ है। हम अपने गांव को ग्राम वासियों के साथ मिलकर पूर्णतया साफ रखने के लिए कटिबद्ध है।

# हत्या के मामले में क्राइम ब्रांच फरीदाबाद ने 12 घंटे में आरोपियों को किया गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश तथा एसीपी क्राइम अमन यादव के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी संदीप कुमार व उनकी टीम ने सूरजकुंड एरिया में चाकू से हमला कर 26 वर्षीय युवक की हत्या के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

\ पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अंकित उर्फ दत्तू, दीपक उर्फ लाला तथा संदीप का नाम शामिल है। मृतक के पिता जयराम की शिकायत पर आज सूरजकुंड थाने में हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें उसने बताया कि उसका बेटा आकाश रात 8:00 बजे अपने दोस्त के साथ शिवदुर्गा बिहार में पप्पू के ऑफिस के पास वाली गली में गया था जहां पर उसका आरोपियों के साथ झगड़ा हो गया और आरोपियों ने चाकू से हमला करके उसकी हत्या कर दी। आकाश को सेक्टर 21 स्थित एशियन हॉस्पिटल ले जाया गया जहां पर आकाश की मृत्यु हो गई।

फास्ट न्यूज

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो से एग्जीबिटर्स गदगद, बोले-पहली बार मिली ऐसी सुविधा

**ग्रेटर नोएडा:** इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित पांच दिवसीय यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रदेश भर से दो हजार से अधिक एग्जीबिटर्स अपने-अपने उत्पादों के साथ पहुंचे हैं। वहीं ट्रेड शो को लेकर एग्जीबिटर्स में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। यहां की व्यवस्थाओं की सभी सराहना कर रहे हैं। एग्जीबिटर्स इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विशेष रूप से धन्यवाद देते दिखे। वाराणसी निवासी अंगिका कुशवाहा यहां डमी लूम के साथ पहुंची हैं। उन्होंने बताया कि वह बनारसी साड़ी तैयार करती हैं। उनके पास 300 करघे हैं, जिसपर एक हजार लोगों की टीम बनारसी साड़ी तैयार करती है। टेक्सटाइल में पीएचडी अंगिका के अनुसार, यहां हम बनारसी साड़ी के निर्माण की बारीकियों को प्रदर्शित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में बुनकरों को तमाम तरह की सुविधाएं मिल रही हैं। उन्हें लोन आदि लेने के लिए अब परेशान नहीं होना पड़ता। मुरादाबाद के पद्मश्री सम्मान से सम्मानित शिल्पकार दिलशाद हुसैन यहां पीतल पर बनी नक्काशियों का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए यूपी के एग्जीबिटर्स को दुनियाभर के बायर्स के सामने अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का मौका मिल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विशेष धन्यवाद देते हुए कहा कि यहां बहुत अच्छी व्यवस्था, पहली बार एग्जीबिटर्स को इतनी बेहतरीन सुविधाओं के साथ अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का मौका मिला है। मेरठ निवासी कला साधक पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित शीश राम भी यूपी इंटरनेशनल ट्रेड में आकर काफी खुश दिये। भारतीय सेना में 40 वर्षों तक सेवा देने के बाद पोट्रेट चित्रकला और मूर्तिकला के क्षेत्र में अतुलनीय काम करने वाले शीश राम की कलाकृतियां दुनियाभर में पसंद की जाती हैं।

## गरीबों की हक पर डाका डालने वालों की खैर नहीं!

**मीरजापुर:** कार्डधारकों का बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कराने के बाद भी अनाज न देने वाले कोटेदारों की अब खैर नहीं! गरीबों के हक पर डाका डालने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी संजय कुमार प्रसाद ने बताया कि कई कोटेदार के कार्डधारकों का बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण (अंगूठा लगाने के बाद) कराने के बाद भी अनाज वितरण न करने की शिकायत मिल रही है।

# कनाडा के खालिस्तानी राग से बिगड़े रिश्ते

### भारत के एक कदम हटते ही होगा अरबों डॉलर का नुकसान, दोनों देशों के रिश्तों में तनाव

रिश्ते खराब

**8 1984 में खालिस्तान की मांग करने वाले आतंकवादियों ने फ्लाइट को बम धमाके से उड़ा दिया था**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** और कनाडा के बीच राजनयिक रिश्ते की शुरूआत 1947 में हुई थी। इस तरह से भारत और कनाडा के रिश्ते 76 साल पुराने हैं। हालांकि कनाडा में खालिस्तानियों को सरकार का संरक्षण नई बात नहीं है। 1984 में खालिस्तान की मांग करने वाले आतंकवादियों ने एयर इंडिया की फ्लाइट को बम धमाके से उड़ा दिया था। इसकी वजह से भी दोनों देशों के रिश्तों में तनाव का दौर आया था। उस समय की कनाडा की सरकार भी खालिस्तानी आतंकवादियों को संरक्षण दे रही थी। 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कनाडा की यात्रा के बाद दोनों देशों के रिश्ते रणनीतिक भागीदारी के स्तर पर पहुंचे। चीन की बढ़ती ताकत की वजह से भी कनाडा ने भारत के साथ रिश्ते मजबूत करने पर ध्यान दिया। भारत के साथ रिश्ते खराब होने से कनाडा को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है क्योंकि मौजूदा विश्व व्यवस्था में भारत के कद को देखते हुए उसके पश्चिमी सहयोगी भी भारत के खिलाफ बोलने से हिचकेंगे कनाडा को आर्थिक मोर्चे पर भी बडी कीमत चुकानी पड़ सकती है।

**7 लाख सिख आबादी का राजनीतिक असर:** 2021 की जनगणना के अनुसार कनाडा में भारतीय मूल के लगभग 14 लाख लोग रह रहे हैं। ये कनाडा की कुल आबादी का 3.7 प्रति हिस्सा है। लगभग 7 लाख आबादी सिखों की है। कनाडा की राजनीति में सिख आबादी का अच्छा असर है। इसी वजह से जस्टिन ट्रूडो की सरकार खालिस्तान के समर्थकों को संरक्षण दे रही है। कनाडा की सरकार इसके लिए भारत के साथ रिश्तों को भी दांव पर लगा रही है।

**कनाडा को हजारों डॉलर देते हैं तीन लाख से ज्यादा भारतीय छात्र:** आव्रजन शरणार्थी और नागरिकता कनाडा (आइआरसीसी) के आकड़ो के अनुसार 2022 में कुल 3,19,000 भारतीय वैध स्टडी वीजा के साथ रह रहे थे। 2022 में कनाडा में कुल 5 लाख अंतरराष्ट्रीय छात्र आए, इसमें 2,26,450 छात्र भारत से थे। यानी कुल अंतरराष्ट्रीय छात्रों में भारतीयों हिस्सेदारी लगभग 41 प्रतिशत थी। अगर कनाडा और भारत के रिश्ते खराब होते हैं और सरकार भारतीय छात्रों के कनाडा जाने पर रोक लगा देती है तो इससे कनाडा की अर्थव्यवस्था को बड़ा नुकसान होगा।

### 8.16 अरब डॉलर पहुंचा कारोबार

**भारत** कनाडा के बीच द्विपक्षीय व्यापार तेजी से बढ़ा है और 2022-23 में ये 8.16 अरब डालर तक पहुंच गया है। कनाडा के लिए भारत का निर्यात 4.1 अरब डालर है जबकि भारत के लिए कनाडा का निर्यात 4.06 अरब डार है। कनाडा के पेंशन फंड ने भारत में 45 अरब डालर निवेश किया है।
कनाडा की अर्थव्यवस्था: 2 .2 ट्रिलियन डालर की जीडीपी के साथ कनाडा दुनिया की नौवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। कनाडा की अर्थव्यवस्था में प्रमुख योगदान प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और निर्यात का है। कनाडा अमेरिका, भारत जैसे बड़े देशों को जरूरी चीजे निर्यात करता है।
**टोरंटों से कनिष्क की उड़ान और बम धमाका:** 1984 में एयर इंडिया की फ्लाइट 182 ने कनाडा के टोरंटों से मुंबई के लिए उड़ान भरी। ये एक बोइंग 747 जहाज था। इसका नाम कुषाण वंश के शासक 'सम्राट कनिष्क' के नाम पर रखा गया था। ये फ्लाइट मुंबई कभी नहीं पहुंची क्योंकि बम धमाके में सभी 329 यात्री मारे गए। भारत में अलग खालिस्तान की मांग करने वाले सिख आतंकवादियों ने इस बम धमाके को अंजाम दिया था।
कृपाल आयोग ने अपनी जांच में बताया था कि ये बम धमाका था। बाद में केंद्रीय अन्वेशण ब्यूरो ने अपनी जांच में पाया था कि आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल इस धमाके के लिए जिम्मेदार है।

## राज्यपाल ने कुलपतियों के लिए सर्च कमेटी बनाई



**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**पश्चिम बंगा**ल के राज्यपाल होने के नाते राज्य के सभी विश्वविद्यालय के पदेन कुलाधिपति डॉ सी वी आनंद बोस ने आखिरकार कुलपतियों की नियुक्ति के लिए बड़ा कदम उठाया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार उन्होंने एक सर्च कमेटी की घोषणा की है। गत 15 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने सर्च कमेटी गठित करने का आदेश दिया था। उसी के मुताबिक शुक्रवार को राज्यपाल ने बताया कि ऐसी एक सर्च कमेटी बना ली गई है। बोस ने कहा कि विश्वविद्यालय के स्थायी कुलपति के चयन के लिए प्रस्तावित खोज समिति के सदस्यों के नाम शीर्ष अदालत को भेज दिए गए हैं। हालांकि, राज्यपाल ने इस सवाल का जवाब नहीं दिया कि राजभवन ने जिन सदस्यों को सर्च कमेटी के लिए "चिह्नित" किया है, वे इसी राज्य के निवासी हैं या नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने तीनों पक्षों - राज्य, राज्यपाल और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से खोज समिति के सदस्यों को नामित करने के लिए पांच नाम प्रस्तुत करने को कहा था। राज्यपाल ने बताया कि उसी के मुताबिक पांच लोगों के नाम भेजे गए हैं। दरअसल पश्चिम बंगाल सरकार राज्यपाल पर राजनीतिक गतिविधियों से प्रेरित होकर कदम उठाने का आरोप लगाया है। इसके अलावा कुलपतियों के चुनाव में भी राजनीतिक विचारधारा की प्राथमिकता के आरोप लगाए गए हैं।

सुप्रीम आदेश पर

**8 विवि यूजीसी से खोज समिति के सदस्यों को नामित करने के लिए पांच नाम प्रस्तुत करने को कहा था**

## 'अनीश ने साथियों संग की थी महिला आरक्षी से छेड़छाड़'



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
सरयू एक्सप्रेस ट्रेन में मुख्य आरक्षी महिला के साथ हुई घटना में फरार तीन अभियुक्तों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पुलिस की गोली से घायल एक बदमाश अनीश की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पकड़े गए अभियुक्तों ने सफर के दौरान ट्रेन में अकेला पाकर महिला आरक्षी से छेड़छाड़ का प्रयास किया था। विरोध पर उसे बेरहमी से मारपीट के बाद अयोध्या स्टेशन पर ट्रेन धीमी होने पर आरोपित उतर गए थे। एनकाउंटर में मारा गया अभियुक्त अनीश पर इनामी भी था। पुलिस मुख्यालय में प्रेसवार्ता करते हुए विशेष पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था प्रशांत कुमार ने इस संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मिले इनपुट के बाद एसटीएफ और स्थानीय पुलिस ने सयुंक्त कार्रवाई के दौरान इनायतपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात को दो अभियुक्तों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम अयोध्या के हैदरगढ़ निवासी आजाद और सुल्तानपुर निवासी विशंभर दयाल बताया है। वहीं, तीसरा साथी हैदरगढ़ निवासी अनीश फरार हो गया था। शुक्रवार मिली सूचना के बाद पुलिस की कुछ टीमों ने भागे अपराधी का पीछा किया। पूराकलंदर थाना क्षेत्र की ओर भागने पर वहां के थानाध्यक्ष को जानकारी देते हुए उसके पकड़ने को कहा गया। ग्राम पारा केला क्षेत्र में चारों तरफ से घेराबंदी कर अनीश को आत्मसपमर्ण के लिए कहा, लेकिन उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने गोली चलाई, जिसमें वह घायल हो गया।

एनकाउंटर

**8 पुलिस की गोली से घायल एक बदमाश अनीश की इलाज के दौरान मौत हो गई है**

## डीके के खिलाफ सुनवाई तीन हफ्ते के लिए टली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक कांग्रेस के नेता डीके शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में सीबीआई की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई टाल दी है। जस्टिस अनिरुद्ध बोस की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की अगली सुनवाई तीन हफ्ते बाद करने का आदेश दिया। दरअसल, कर्नाटक हाई कोर्ट ने 10 फरवरी को डीके शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले की जांच पर रोक लगा दी थी।

## प्रोजेक्ट रिव्यू एंड मॉनिटरिंग कमेटी की हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
**कॉमन** इंजीनियरिंग फैसिलिटी सेंटर (सीईएफसी) परियोजना के अंतर्गत प्रोजेक्ट रिव्यू एंड मॉनिटरिंग कमेटी की दूसरी बैठक शुक्रवार को बीएचईएल हरिद्वार के मानव संसाधन विकास केंद्र में आयोजित की गई। बीएचईएल हरिद्वार के कार्यपालक निदेशक प्रवीण चन्द्र झा तथा कमेटी के अध्यक्ष एन. शिवानन्द ने बैठक का नेतृत्व किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रवीण चंद्र झा ने कहा कि यह सेंटर, उत्तराखंड समेत पूरे उत्तर भारत में वेल्डिंग तकनीक सीखने का बेहतर केंद्र है जो युवाओं को आधुनिकतम वेल्डिंग तकनीकों को सीखने का सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद युवाओं के पास विभिन्न इंडस्ट्रीज में कार्य करने तथा अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू करने का विकल्प भी है। एन. शिवानन्द ने कहा कि यह एक्सटेंशन सेंटर, वेल्डिंग इंडस्ट्रीज की जरूरतों को पूरा करने तथा रोजगार के नए क्षेत्र स्थापित करने में मददगार साबित हो रहा है। इस बैठक में बीएचईएल की हरिद्वार, भोपाल, वाराणसी, झांसी एवं त्रिची इकाइयों तथा कॉर्पोरेट स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट (सीएसएम) के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## पार्टनर पर बनाया धर्म परिवर्तन का दबाव



**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**कर्नाटक** पुलिस ने शुक्रवार को श्रीनगर के एक शख्स को गिरफ्तार किया है, जिसने दूसरे धर्म की अपनी पार्टनर को धर्म परिवर्तन करने को मजबूर किया। साथ ही, पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि आरोपी शख्स ने शादी के बहाने महिला के साथ यौन संबंध भी बनाया।

**2018 से लिव-इन-रिलेशन में थे दोनों:** आरोपी की पहचान मोगिल अशरफ बेग के रूप में हुई है, जो यहां एक आईटी फर्म में काम करता था। वह पीड़िता को 2018 से जानता है और उसके साथ लिव-इन रिलेशनशिप में था। उन्होंने बताया कि महिला भी यहां एक टेक फर्म में काम करती थी।

**शादी के नाम पर बनाया यौन संबंध:** पुलिस के मुताबिक, जोड़ा कोर्ट मैरिज करने की प्लानिंग कर रहा था, लेकिन बाद में व्यक्ति ने कथित तौर पर महिला पर इस्लाम कबूल करने के लिए दबाव डाला। महिला ने बेग पर यह भी आरोप लगाया कि उसने शादी का झांसा देकर उसे अपने साथ यौन संबंध बनाने के लिए राजी कर लिया। महिला में शिकायत दर्ज कराते हुए एफआईआर में आरोप लगाया है कि बेग ने उसे यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा, "उसने अपने भाई पर भी धमकी देने का आरोप लगाया है।"


चर्चा — आरक्षण बिल पर 40 मिनट तक करेंगे संवाद, 5 महिलाएं सवाल भी पूछेंगी

## काशी में 5000 महिलाओं से बात करेंगे पीएम मोदी



**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी शनिवार को काशी आ रहे हैं। वह यहां 40 मिनट तक 5 हजार महिलाओं के साथ महिला आरक्षण बिल पर संवाद करेंगे। यही नहीं, इसके बाद 5 महिलाओं से पीएम बातचीत करेंगे। वह महिलाएं आरक्षण बिल से जुड़े सवाल करेंगी। ये आयोजन संपूर्णानंद विश्वविद्यालय परिसर में होगा। वहां तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। महिलाओं से संवाद के लिए मंच बनाया जा रहा है। पीएम काशी की महिला वोटर्स से सीधे कनेक्ट करेंगे। मंच पर पीएम मोदी के साथ योगी भी मौजूद रहेंगे। यह पहला मौका होगा जब महिला आरक्षण बिल पास होने के बाद पीएम किसी कार्यक्रम में महिलाओं से रुबरू होंगे। महिलाएं उनका आभार जताएंगी। पीएम का यह 9 साल में 42वां काशी दौरा होगा। वाराणसी में भाजपा से जुड़े लोग बताते हैं कि पीएम जब भी आते हैं उनका फोकस वहां के लोगों से मुलाकात पर जरूर होता है। संभवतः यही वजह है कि यूपी में बीजेपी ने अपने सांसदों का रिपोर्ट कार्ड तैयार किया है।

परफॉर्मेंस के आधार पर इस रिपोर्ट कार्ड में यूपी के टॉप सांसदों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम है। वाराणसी में पिछले 9 साल में 30 हजार करोड़ रुपए की बड़ी परियोजनाओं पर काम हुआ है। इसमें 20 हजार करोड की परियोजना का लोकापर्ण हो चुका है। जबकि 10 हजार करोड़ का काम चल रहा है। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में वाराणसी, गाजीपुर, बलिया, चंदौली, भदोही, मिजार्पुर समेत आसपास के जिलों की 5 हजार महिलाएं शामिल होंगी। इसके लिए काशी क्षेत्र महिला मोर्चा, भाजपा जिला महिला मोर्चा, सभी जिलों में महिला मोर्चा के जिला एंव महानगर अध्यक्षों को जिम्मेदारी दी गई है।


MARUTI nandan printers
8 COLOUR WEB OFFSET MACHINE
Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go
THE PRINTING HUB
COMPLETE
CTP UNIT
BASYS PRINT


Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546